नई दिल्ली
गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 27, अंक : 358
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 22

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### 'नर्मदांचल सुमंगल संवाद' में शामिल हुए संघ प्रमुख



भोपाल। मध्य भारत प्रांत के बनखेड़ी में आयोजित 'नर्मदांचल सुमंगल संवाद' में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने विकास की शेष पेज 5 पर

## मंगलवार से रविवार तक हर शाम गंगा आरती

# अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर में पहुंचे 3.5 लाख श्रद्धालु

एजेंसी ▸▸ अबू धाबी

जनता के लिए खुलने के एक महीने के भीतर साढ़े तीन लाख से अधिक भक्तों ने अबू धाबी में बने पहले पत्थर निर्मित हिंदू मंदिर में दर्शन किए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फरवरी में इस मंदिर का उद्घाटन किया गया था। इस प्रतिष्ठित मंदिर को एक मार्च को आगंतुकों के लिए खोला गया था। मंदिर के प्रवक्ता ने बताया, पहले महीने में, लगभग 3,50,000 भक्त और आगंतुक थे, जिनमें से 50,000 प्रत्येक सप्ताहांत (शनिवार-रविवार) आते थे। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सोमवार को मंदिर निजी प्रार्थनाएं आयोजित करता है और आगंतुकों के लिए बंद रहता है, जिसका अर्थ है कि परिसर मार्च में 31 दिनों में से केवल 27 दिनों के लिए आम लोगों के लिए खुला था। उन्होंने कहा, मंगलवार से रविवार तक हर शाम, स्वामीनारायण घाट के तट पर शाम साढ़े सात बजे गंगा आरती की जाती है, जो भारत से लाए गए गंगा और यमुना के पवित्र जल का उपयोग करके बनाया गया है। भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक लोकार्पण समारोह के दौरान किया गया था जिसमें 5,000 से अधिक लोग शामिल हुए थे।

### पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर का उद्घाटन किया था। पीएम मोदी की 2015 में खाड़ी देश की दो दिवसीय यात्रा के दौरान, संयुक्त अरब अमीरात ने अबू धाबी में एक मंदिर के निर्माण के लिए भूमि आवंटित की। इस यात्रा का काफी कूटनीतिक महत्व था, क्योंकि इंदिरा गांधी के बाद मोदी 34 वर्षों में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस खाड़ी देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।



### सात शिखरों में यूएई के तत्व भी शामिल

बीएपीएस के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास के मुताबिक, मंदिर में सात शिखर बनाए गए हैं। ये सात अमीरातों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो संयुक्त अरब अमीरात बनाने के लिए एक साथ आते हैं। सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा सहित देवताओं की मूर्तियां हैं।


### 700 करोड़ रुपए की लागत से तैयार

मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास अबू मुरीखा में 27 एकड़ में किया गया है। राजस्थान से लाई गईं 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर है जिसे अयोध्या के राम मंदिर की तरह ही वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है। बीएपीएस हिंदू मंदिर पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है। यूएई के दुबई में तीन अन्य हिंदू मंदिर हैं। प्रवक्ता ने कहा, चूंकि मंदिर थोड़ा बाहरी इलाके में और रेगिस्तान के बीच में है, इसलिए आगंतुकों को मंदिर तक आसानी से आने की सुविधा देने के वास्ते सप्ताहांत के लिए शहर से सार्वजनिक बस सेवा शुरू की गई है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भीषण आग से 7 लोगों की जलकर हो गई मौत



मुंबई। महाराष्ट्र के संभाजीनगर में दर्दनाक घटना सामने आई है। छावनी इलाके में स्थित एक घर में बुधवार सुबह 4 बजे आग लग गई। जिस समय आग लगी परिवार से सभी सदस्य गहरी नींद में सोए थे। आग लगने से 7 लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में 2 पुरुष, तीन महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। पड़ोसी कुछ समझ पाते आग ने घर को अपनी चपेट में ले लिया।

### यूपीएससी ने जारी किया एनडीए-एनए 2 का रिजल्ट




नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और नौसेना अकादमी परीक्षा 2 (एनए 2) का रिजल्ट जारी कर दिया है। अभ्यर्थियों को इसका इंतजार था। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी वे वेबसाइट upsc.gov.in पर परिणाम देख सकते हैं और भविष्य के लिए रख सकते हैं।

### संगारेड्डी में कारखाने में आग, 4 की मौत



संगारेड्डी। तेलंगाना के संगारेड्डी में एक कारखाने में आग लगने से भीषण विस्फोट हुआ है। हादसे में 4 लोगों की जान जाने की खबर है, जबकि 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया फार्मा कंपनी में रिएक्टर फट गया और आसपास के लोग इसकी चपेट में आ गए। विस्फोट की वजह से लोग कुछ दूरी पर जा गिरे।

### अंततः 6 माह बाद जेल से रिहा हुए संजय सिंह, समर्थकों से बोले

# जश्न का नहीं संघर्ष का है समय, जल्द जेल के ताले टूटेंगे और केजरीवाल छूटेंगे



2 लाख रुपए के जमानती बॉन्ड और इतने ही अमाउंट की सिक्योरिटी पर जमानत

गोपाल राय ने संजय को माला पहनाकर उनका स्वागत किया



**कोर्ट ने तीन शर्तें रखीं**

कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत के लिए तीन शर्तें रखीं। पहली वे जेल से बाहर जाकर आबकारी नीति केस से जुड़ी कोई बयानबाजी नहीं करेंगे। दूसरी अपना पासपोर्ट सरेंडर करेंगे। तीसरी शर्त दिल्ली से बाहर जाने पर जांच एजेंसी को बताएंगे और अपनी लाइव लोकेशन शेयर करेंगे।

### 6 महीने बाद सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

बता दें कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 6 महीने बाद सुप्रीम कोर्ट ने संजय सिंह को जमानत दे दी। इस दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि वह इस मामले से जुड़े सबूतों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करेंगे और न ही गवाहों को प्रभावित करेंगे। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने अपने आदेश में कहा कि संजय सिंह को अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा। साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर जाने से पहले अपने यात्रा कार्यक्रम के बारे में सूचित करने और अपने फोन की लोकेशन हमेशा चालू रखने का भी निर्देश दिया।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 6 महीने बाद बुधवार रात 8:15 बजे तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हो गए। जेल से निकलकर उन्होंने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।

इसके बाद वह सीधे सीएम अरविंद केजरीवाल के घर गए। संजय ने अरविंद की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की, उनके पैर छुए। सुनीता भी भावुक हो गईं और उन्होंने पूरे स्नेह के साथ संजय सिंह को गले लगा लिया। इसके बाद संजय करीब 10:15 बजे आप पार्टी के ऑफिस पहुंचे। यहां गोपाल राय ने संजय को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। फिर संजय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। तिहाड़ जेल से बाहर निकलने के बाद संजय सिंह ने सबसे पहले गेट के बाहर इंतजार कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा, 'अभी जश्न मनाने का वक्त नहीं आया है। यह संघर्ष का समय है। हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद केजरीवाल, सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया अभी सलाखों के पीछे हैं। मुझे विश्वास है कि जेल के ताले टूटेंगे केजरीवाल छूटेंगे और वे भी बाहर आएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (2 अप्रैल) को उन्हें दिल्ली शराब नीति केस में जमानत दी थी। लीगल प्रोसेस की वजह से मंगलवार को रिहाई नहीं हो पाई थी। संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह जमानत की प्रक्रिया पूरा करने के लिए बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची थी। कोर्ट ने 2 लाख रुपए के जमानती बॉन्ड और इतने ही अमाउंट की सिक्योरिटी पर जमानत दे दी। संजय सिंह की पत्नी ने 2 लाख का बॉन्ड भरा।

### राहुल ने वायनाड से दाखिल किया नामांकन



# बोले- यहां के लोगों ने मुझे अपने जैसा माना

2009 से जीतती आ रही है कांग्रेस, सीपीआई दूसरे नंबर पर रही है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए केरल की वायनाड सीट से नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। राहुल गांधी ने कहा कि मैं पांच साल पहले वायनाड आया, जब आपने मुझे संसद सदस्य के रूप में चुना था।

आपने तुरंत मुझे अपने परिवार का हिस्सा बना लिया। वायनाड के हर व्यक्ति ने मुझे स्नेह, प्यार और सम्मान दिया है और मुझे अपने जैसा माना। वायनाड सीट का मुकाबला सीपीआई की ओर से एनी राजा को मैदान में उतारे जाने के बाद काफी दिलचस्प माना जा रहा है। भाजपा ने अपनी प्रदेश के प्रमुख नेता के सुरेंद्रन को यहां से मैदान में उतारा शेष पेज 5 पर

### इस बार क्यों दिलचस्प है मुकाबला?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव-2019 में दो सीटों से चुनाव लड़ा था। एक वायनाड और दूसरी अमेठी थी। वह अमेठी से हार गए थे लेकिन वायनाड लोकसभा से बड़ी जीत मिली थी। राहुल गांधी को कुल 706367 वोट मिले थे वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार पीपी सुनीर कुल 274597 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। राहुल गांधी ने उन्हें 431770 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। लेकिन इस बार मामला थोड़ा अलग है। सीपीआई ने इस बार अपनी वरिष्ठ नेता एनी राजा को राहुल गांधी के सामने उतार दिया है। अगर 2014 के लोकसभा चुनाव पर नजर डालें तो इस सीट पर जीत तो कांग्रेस ने हासिल की थी लेकिन सीपीआई को 356165 वोट मिले थे।

#### एएसआई का सर्वे 13वें दिन भी जारी

### भोजशाला के भीतर हो सकती है 'खुदाई' शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग का सर्वे बुधवार को 13वें दिन भी जारी रहा। दिल्ली और भोपाल के अधिकारियों की 25 सदस्यीय सर्वे टीम ने सुबह करीब आठ बजे मजदूरों के साथ भोजशाला परिसर में प्रवेश किया और वैज्ञानिक पद्धति से सर्वे का काम शुरू किया। सर्वे टीम के साथ हिंदू पक्ष के शेष पेज 5 पर

#### जाट समाज को साधेगी भाजपा

### कांग्रेस छोड़कर बॉक्सर विजेंदर भाजपा में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



पिछले लोकसभा चुनाव में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार रहे अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह बुधवार को कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। विजेंदर सिंह ने भाजपा के मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी महासचिव विनोद तावड़े तथा दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी भी मौजूद थे। इससे पहले चर्चा थी कि कांग्रेस मथुरा से भाजपा की शेष पेज 5 पर

#### आप की संपत्ति अटैच करना चाहती है ईडी


### एएसजी बोले- जांच में 'मनी ट्रेल' मिला है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली के कथित शराब घोटाले के मामले में ईडी दो हफ्ते पहले ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, अब दिल्ली हाई कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी का पक्ष रख रहे वकील एएसजी एसवी राजू ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि ईडी अब आम आदमी पार्टी की संपत्ति भी अटैच कर सकती है, हमारे पर मामले की मनी ट्रेल के सबूत शेष पेज 5 पर

### एक तरफ झुक गईं गगनचुंबी इमारतें



#### 7.2 तीव्रता के भूकंप से दहल गया ताइवान

*नई दिल्ली। ताइवान की राजधानी ताइपे बुधवार को भूकंप के जोरदार झटके से दहल गई। भूकंप की तीव्रता 7.5 रही। हुआलियन से भूकंप की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढेर हो गईं। पांच मंजिला एक इमारत तिरछी हो गई है। देशभर में ट्रेन सेवाएं सस्पेंड कर दी गई हैं। इससे बिजली सप्लाई बाधित हो गई है। 9 लोगों की मौत और 930 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं।*

पढ़ें पेज 12 भी

#### अयोध्या ने मक्का और वेटिकन सिटी को भी पछाड़ा

## राम मंदिर बनने के बाद 48 दिनों में करीब एक करोड़ भक्तों ने किए रामलला के 'दर्शन'

रामनगरी अयोध्या विश्व के मानचित्र पर स्थापित हो गई

एजेंसी ▸▸ अयोध्या



रामनगरी अयोध्या धार्मिक राजधानी के रूप में उभर कर सामने आ रही है। भगवान रामलला 22 जनवरी को राम मंदिर में विराजमान हुए, इसके बाद से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु रामनगरी पहुंच रहे हैं। बीते 2 महीने की बात करें तो लगभग एक करोड़ से ज्यादा लोग रामलला का आशीर्वाद ले चुके हैं। पूरी दुनिया में इतनी बड़ी संख्या में किसी भी धार्मिक स्थल पर श्रद्धालु नहीं पहुंचे हैं। ईसाइयों की सबसे बड़े धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी पर साल भर में करीब 90 लाख लोग आते हैं, जबकि मुसलमानों के सबसे बड़े पवित्र स्थान मक्का में पिछले साल एक करोड़ 35 लाख पहुंचे थे। राम मंदिर की बात करें तो प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और ऐसे में मात्र डेढ़ से 2 महीने के भीतर ही लगभग एक करोड़ लोगों ने रामलला का आशीर्वाद शेष पेज 5 पर

#### 'हेल्थ ड्रिंक' शब्द एफएसएस कानून 2006 या उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत कहीं भी परिभाषित या मानकीकृत नहीं

हेल्थ ड्रिंक या एनर्जी ड्रिंक को लेकर एफएसएसएआई ने दिया निर्देश, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को जारी की एडवाइजरी

## ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटर 'हेल्थ ड्रिंक' 'एनर्जी ड्रिंक' जैसे शब्दों का दुरुपयोग न करें

अलग खबर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गर्मी बढ़ने के साथ ही हेल्थ ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक बाजार में छाए हुए हैं। ऐसे में अलग-अलग कंपनियां तमाम दावों के साथ ऐसे ड्रिंक परोस रही हैं। इसी के मद्देनजर अब एफएसएसएआई ने सभी ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटर (एफबीओ) को अपनी वेबसाइट पर बेचे जा रहे खाद्य उत्पादों का उचित वर्गीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा है। साथ ही प्राधिकरण ने शेष पेज 5 पर

### उपभोक्ता को न मिले भ्रामक जानकारी




इस कार्रवाई का उद्देश्य उत्पादों की प्रकृति और कार्यात्मक गुणों के बारे में स्पष्टता और पारदर्शिता बढ़ाना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उपभोक्ता भ्रामक जानकारी का सामना किए बिना अच्छी तरह से सूचित विकल्प चुन सकें।

**हेल्थ ड्रिंक नाम से कोई कैटेगरी नहीं**

*एनर्जी ड्रिंक को केवल खाद्य श्रेणी प्रणाली (एफसीएस) 14.1.4.1 और 14.1.4.2 (कार्बोनेटेड और गैर-कार्बोनेटेड पानी आधारित स्वादयुक्त पेय) के तहत लाइसेंस प्राप्त उत्पादों पर उपयोग करने की अनुमति है, जो खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक विनियम 2011 (कैफीनयुक्त पेय) के उप-विनियम 2.10.6 (2) के तहत मानकीकृत है। एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया है कि 'हेल्थ ड्रिंक' शब्द एफएसएस कानून 2006 या उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत कहीं भी परिभाषित या मानकीकृत नहीं है। इसलिए, एफएसएसएआई ने सभी* शेष पेज 5 पर

# गोगी व कपिल मान गैंग के दो शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने जितेंद्र मान उर्फ गोगी व कपिल मान उर्फ कल्लू गैंग के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम अभिमन्यू व हिमांशु बताये गये हैं। दोनों शूटर झज्जर, हरियाणा के रहने वाले हैं।

एक बदमाश रोहतक के आपराधिक धमकी देने के मामले में भी वांछित था। इनके पास से .32 बोर की दो पिस्टल, आठ कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ हत्या, हथियार के साथ डकैती और आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार 30 मार्च की मध्यरात्रि



जहांगीरपुरी और रोहिणी के आसपास के इलाकों में गोगी-कपिल मान गिरोह के करीबी हिमांशु और अभिमन्यु की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। एसटीएफ की टीम ने कैलाश फार्म रोड, श्मशान घाट मोड़, अलीपुर के पास दोनों को बिना नंबर प्लेट बाइक पर आते देख रुकने का इशारा किया। लेकिन दोनों ने भागने की कोशिश की और पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। इनके कब्जे से बरामद बाइक संगम विहार क्षेत्र से चोरी की गई थी। हिमांशु ने अपने दोस्तों सुमित, हर्ष उर्फ मिथुन, सागर उर्फ राणा के साथ मिलकर 2021 में अपने गांव असौधा में दो लोगों की हत्या कर दी थी। उस मामले में वह दो साल तक जेल में रहा।

जेल में ही वह अभिमन्यु के संपर्क में आया था। बाहर आने के बाद उसने प्रेमिका के परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ आर्य समाज मंदिर में उससे शादी कर ली थी। शादी के बावजूद युवती जब मायके में ही रही और हिमांशु के घर नहीं आई, तब उसने लड़की पक्ष को धमकी दी कि अगर उसकी प्रेमिका उसके घर नहीं आयी, तो वह उसके परिवार के सभी सदस्यों को मौत के घाट उतार देगा। इसके बाद युवती के परिजनों ने हिमांशु के खिलाफ बहुअकबरपुर, रोहतक में एफआईआर दर्ज कराई थी। एक सामान्य संपर्क के माध्यम से वह खेड़ा निवासी कपिल मान उर्फ कल्लू के संपर्क में आया। कपिल रोहिणी जेल में मारे जा चुके गोगी का करीबी रहा है। वह वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है। कल्लू के इशारे पर वह एक मर्डर की योजना बना रहा था। इसके बाद हिमांशु अपने ससुर की हत्या करने की भी साजिश रच रहा था।

# पिस्टल से केक काटने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पंजाबी बाग के एक क्लब में पिस्टल से केक काटे जाने के वायरल वीडियो की पुलिस जांच कर रही है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि केक काटने में इस्तेमाल पिस्टल नुमा चीज लाइटर है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वीडियो की सत्यता के बारे में कुछ अधिक जानकारी अगर किसी के पास है तो पुलिस को मुहैया करवाएं। डीसीपी विचित्र वीर का कहना है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पंजाबी बाग क्लब रोड के एक क्लब में पिस्टल से केक काटा जा रहा है। मामला संज्ञान में



आने पर वीडियो का स्लो मोशन में विश्लेषण किया गया, लेकिन वीडियो की गुणवत्ता काफी अधिक खराब होने के कारण यह पता नहीं चल सका कि दिखाई जा रही वस्तु का ट्रिगर दबाने पर वास्तव में क्या हो रहा है। मामले में पूछताछ के लिए क्लब के मालिक को तुरंत पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि एक खिलौनानुमा लाइटर-पिस्तौल वे अपने ग्राहकों को जन्मदिन मनाने के लिए मोमबत्तियाँ जलाने के लिए देते हैं। लेकिन निष्कर्ष निकालने से पहले मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस की आम लोगों से भी अपील है कि किसी के पास वीडियो के बारे में अधिक जानकारी हो तो पुलिस को बताये। हम उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### दस महिलाएं नवरात्र से एक दिवसीय डूसू अध्यक्ष के रूप में काम करेंगी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व वाले छात्र संघ ने बुधवार को कहा कि दस महिला छात्राएं नवरात्र के पहले दिन से एक दिन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) अध्यक्ष के रूप में काम करेंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ शुक्रवार को उनके नामों की घोषणा करेगा और इनमें से पहली छात्रा नौ अप्रैल को कार्यभार संभालेगी। डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा ने बताया कि नवरात्र के प्रत्येक दिन नारीशक्ति का प्रदर्शन करते हुए एक महिला डूसू अध्यक्ष के रूप में इसकी कमान संभालेंगी। हमने छात्र राजनीति में महिला प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की है। उन्होंने कहा कि इन एक दिवसीय डूसू अध्यक्षों के पास अध्यक्ष की सभी शक्तियां होंगी और उन्हें पद पर रहते हुए छात्रों से संबंधित निर्णय लेने की अनुमति होगी। वर्तमान में डूसू के चार सदस्यीय पैनल में केवल एक महिला अपराजिता को सचिव नियुक्त किया गया है। संघ के अन्य तीन पदों पर तुषार डेढ़ा अध्यक्ष, अभि दहिया उपाध्यक्ष और सचिन बैसला संयुक्त सचिव हैं।

### पत्नी और दो बेटियों की हत्या के दोषी व्यक्ति को उम्रकैद की सजा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिल न्यायालय ने करीब 10 वर्ष पहले पत्नी और दो बेटियों की हत्या के एक मामले में दोषी व्यक्ति को मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई साथ ही दोषी पर 68 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर जिला न्यायाधीश (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम) विजय कुमार की अदालत ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर दोषी अमित को पत्नी सरला और दोनों बेटियों की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही दोषी पर 68 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जिला शासकीय अधिवक्ता के मुताबिक, 26 मई 2014 को नोएडा के भंगेल गांव में रहने वाली सरला और उसकी दो बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद मृतका के पिता ने उसके पति अमित, सास सुखबीरी, ससुर राधेश्याम, जेठ देवेंद्र व ललित के खिलाफ थाना फेस-दो में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था।

## अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों, बाजार और डार्क स्पॉट्स पर नियमित हो रही पैदल गश्त

# लोकसभा चुनाव से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'लोकसभा चुनाव' से पहले दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अनुकूल माहौल बनाने के मकसद से सतर्कता निगरानी और त्वरित कार्रवाई के प्रयास तेज कर दिए हैं। किसी भी व्यवधान या गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने पर ध्यान देने के साथ संगठित और स्ट्रीट क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। सभी इलाकों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई जा रही है। इसके लिये रोको-टोको अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि आतंकवाद विरोधी उपाय अर्थात होटल, गेस्ट हाउस, किरायेदार, नौकर, सिम कार्ड डीलर, कार डीलर आदि की नियमित रूप से जांच की जा रही है। इसके अलावा मॉक ड्रिल, अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों, बाजार स्थानों, प्रतिष्ठित स्थानों और डार्क स्पॉट्स पर पैदल गश्त नियमित रूप से की जा रही है। यहीं कारण है कि दक्षिण जिले ने विभिन्न अपराधों में लिप्त 75 बीसी सहित 264 आरोपी व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया है।

इनकी गिरफ्तारी से 33602 क्वार्टर शराब, 161 मोबाइल फोन, 16 कारें, 30 दोपहिया वाहन, एक टीएसआर, 18 चाकू, आठ सीएमपी, पांच कारतूस, 5.26 किलोग्राम गांजा, 70.90 ग्राम हेरोइन और 10.75 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। इसके अलावा लगभग 4700 व्यक्तियों पर सीआरपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शांति बनाए रखने के लिए धारा 66 डीपी अधिनियम के तहत 5400 वाहनों को जब्त भी किया गया है।

## बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं ने किया निर्वाचन आयोग की 'घर से वोट' योजना का स्वागत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली निवासी बुजुर्ग गुल शिवदासानी का कहना है कि 85 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के लोगों और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले लोगों के लिए निर्वाचन आयोग की 'घर से मतदान' योजना एक स्वागत योग्य कदम है, लेकिन वह मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालने को ही तरजीह देंगे। शिवदासानी के लिए मतदान नागरिक के नाते एक कर्तव्य से कहीं अधिक है। यह उनके लिए व्यापक समुदाय के साथ जुड़ने का एक अवसर है। वह नियमित चिकित्सकीय जांच कराने या त्योहारों के दौरान ही घर से बाहर जा पाते हैं। शिवदासानी ने कहा कि मतदान केंद्र में जाना उन कुछ अवसरों में से एक है, जब मैं अपने घर के बाहर जाकर अन्य लोगों के साथ बातचीत कर पाता हूं। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए 'घर से मतदान' योजना का अनावरण किया था जिससे 85 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिक और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले लोगों को मदद मिलेगी। शिवदासानी ने अपने आयु वर्ग के कई लोगों की भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक सराहनीय निर्णय है लेकिन मैं अब भी मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट डालना पसंद करता हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा हो



सकता है घर पर मेरे बच्चे मेरे निर्णय को प्रभावित कर दें लेकिन मतदान केंद्र पर मैं अपनी पसंद के अनुसार वोट देने के लिए आश्वस्त रहता हूं। शिवदासानी की हिचकिचाहट इस पहल के प्रति बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा अपनाए गए सतर्क रुख को दर्शाती है। अलीगढ़ में रहने वाली शबनम बेगम दिव्यांग होने के कारण व्हीलचेयर का सहारा लेती हैं। उन्होंने कहा कि मतदान एक अत्यंत व्यक्तिगत विषय है और मैं मतदान केंद्र में जाकर वोट डालने के अनुभव को महत्व देती हूं। (ऐसी योजनाओं के जरिए) अनुचित प्रभाव की भी आशंका है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि अधिकतर दिव्यांग और बुजुर्ग लोग मतदान केंद्र जाकर ही मतदान करना पसंद करेंगे लेकिन उनका यह भी कहना है कि कुछ लोगों को उनकी गंभीर स्थिति के कारण इस सुविधा की आवश्यकता है। दिव्यांगजन अधिकार राष्ट्रीय मंच (एनपीआरडी) के महासचिव मुरलीधरन ने कहा कि जागरूकता बढ़ाने के लिए अधिक ठोस प्रयास जरूरी हैं। हालांकि, हर कोई इस योजना के बारे में शिवदासानी की तरह आशंकित नहीं है।

नोएडा निवासी 90 वर्षीय फिरोजा जहां पक्षाघात से पीड़ित हैं, जिसके कारण वह तीन दशक से अधिक समय से वोट नहीं डाल सकीं। उन्होंने कहा कि जब मैंने योजना के बारे में सुना, तो मैं यह सोचकर बहुत खुश हुई कि मैं भी मतदान कर सकूंगी। हालांकि मुझे प्रक्रिया को समझने में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन मैंने पंजीकरण करा लिया है और (मतदान करने के) अवसर का उत्सुकता से इंतजार कर रही हूं। दिव्यांगजन अधिकार कार्यकर्ता डॉ. सतेंद्र सिंह ने प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि संबंधित बूथ स्तर का अधिकारी उस मतदाता से संपर्क करेगा, जिसने योजना के तहत मतदान के लिए आवेदन किया है। सिंह ने कहा कि दो चुनाव अधिकारियों, एक वीडियोग्राफर और एक सुरक्षाकर्मी की एक टीम एसएमएस के जरिए पूर्व सूचना देकर निर्धारित समय और तारीख पर मतदाता के आवास पर जाएगी। एजवेल फाउंडेशन के संस्थापक-अध्यक्ष हिमांशु राहा ने कहा कि बुजुर्गों की संख्या का पता लगाना एक चुनौती है। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून तक सात चरण में होंगे। मतों की गिनती चार जून को होगी।

# 2025 में दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीतेगी भाजपा : तिवारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के गति पकड़ने के बीच उत्तर पूर्वी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने बुधवार को दावा किया कि 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर उनकी पार्टी 25 वर्ष बाद राजधानी की सत्ता में वापसी करेगी और एक ही कार्यकाल में शहर की 90 प्रतिशत समस्याओं का हल कर देगी। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर दिल्ली की जनता को मिल रही मौजूदा सुविधाओं के अतिरिक्त अन्य रियायतें भी दी जाएंगी। भोजपुरी गायक और अभिनेता से नेता बने तिवारी ने कहा कि भाजपा करीब 25 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। यह भाजपा की हार नहीं है, यह दिल्ली की हार है। अब दिल्ली जीतेगी और मुझे उम्मीद है कि 2024 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद यहां डबल-इंजन की सरकार बनेगी... और 2025 में दिल्ली की जनता भाजपा को मौका देगी।

### दिल्ली वासियों को सभी मुसीबतों से मिलेगा छुटकारा

उन्होंने कहा कि दिल्ली को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को ओर से थोपी गई सभी मुसीबतों से छुटकारा मिलेगा। उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे तिवारी ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा अगर 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता में आई तो एक कार्यकाल में दिल्ली की 90 प्रतिशत समस्याओं का समाधान कर देगी। उन्होंने कहा कि चाहे नाले हों, वायु प्रदूषण हो या जहरीली यमुना हो, भाजपा के पास योजना है और वह उसे क्रियान्वित करेगी। तिवारी ने कहा कि देश के लोगों को प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास है और उनके प्रति उनके प्यार को मापने के लिए कोई पैमाना नहीं है। मूल रूप से बिहार के रहने वाले तिवारी दिल्ली के एकमात्र मौजूदा सांसद हैं जिन्हें भाजपा ने 2024 के चुनाव में फिर से टिकट दिया है जबकि शेष छह सीट पर उम्मीदवार बदल दिए गए हैं।



### भाजपा में किसी को हटाया नहीं जाता, अन्य जिम्मेदारियां दी जाती है

दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट भाजपा के पास हैं। उन्होंने कहा कि किसे टिकट मिलता है और किसे नहीं... यह बहुत बड़ी बात नहीं है। भाजपा में राजनीतिक संस्कृति बदल गई है। किसी को हटाया नहीं जाता है, बल्कि उन्हें अन्य जिम्मेदारियां दी जाती हैं। उदाहरण के लिए, प्रवेश वर्मा (पश्चिमी दिल्ली के सांसद) को एक राज्य का प्रभारी बनाया गया... या रमेश बिधूड़ी (दक्षिणी दिल्ली से सांसद) को कोई अन्य जिम्मेदारी दी जा सकती है। यहां तक कि हर्षवर्धन (चांदनी चौक के सांसद) भी चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। भाजपा सांसद ने दावा किया कि उनके विचार में कथित आबकारी नीति घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के लिए कोई सहानुभूति नहीं है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में लोगों को इतना परेशान किया है कि उनकी गिरफ्तारी के बाद कोई सहानुभूति नहीं है... बल्कि लोग गुस्से में हैं। उन्होंने दावा किया कि किसी ने भी चुनाव प्रचार के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बारे में सवाल नहीं किया।

# केजरीवाल को इलेक्ट्रिक केतली, मेज, कुर्सी उपलब्ध कराएं तिहाड़ जेल के अधिकारी : कोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को तिहाड़ जेल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चिकित्सा स्थिति को देखते हुए उन्हें एक इलेक्ट्रिक केतली और किताबें पढ़ने के लिए एक मेज और एक कुर्सी प्रदान करें।

अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में एक अप्रैल को केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल के वकील द्वारा दाखिल एक आवेदन पर निर्देश पारित किया, जिन्होंने दावा किया था कि आम आदमी पार्टी के संयोजक को पानी गर्म करने और चाय पीने के लिए एक इलेक्ट्रिक केतली की आवश्यकता है। आवेदन में कहा गया कि जेल में हालांकि, केवल जेल नियमों के अनुसार ही चाय उपलब्ध कराई जाती है।



## केजरीवाल के वकील को जेल नियमावली की एक प्रति उपलब्ध कराने की अनुमति देने का भी दिया निर्देश

वकील ने कहा कि जब न्यायाधीश ने एक अप्रैल को केजरीवाल को जेल भेज दिया था, तो उन्हें कुर्सी और मेज उपलब्ध कराने के लिए एक आवेदन दायर किया गया था, लेकिन कोई निर्देश जारी नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि अभियुक्त की चिकित्सा स्थिति को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक केतली उपलब्ध कराने का अनुरोध स्वीकार किया जाता है...आवेदक को किताबें पढ़ने के लिए मेज और कुर्सी की आवश्यकता से जुड़े अनुरोध पर विचार करने के बाद पहले ही इसकी अनुमति दी जा चुकी है और संबंधित जेल अधीक्षक को जेल नियमावली के अनुसार आरोपी को एक कुर्सी और एक मेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाता है। न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को केजरीवाल के अधिकृत वकील को जेल नियमावली की एक प्रति उपलब्ध कराने की अनुमति देने का भी निर्देश दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आप नेता पर दिल्ली शराब घोटाले की पूरी साजिश, नीति का मसौदा तैयार करने और उसके कार्यान्वयन में शामिल होने का आरोप लगाया है।

## पश्चिमी जिले के सुभाष नगर इलाके का मामला

# एमटीएनएल का केबल चुराने वाले सात धरे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की राजौरी गार्डन पुलिस ने सुभाष नगर इलाके से लाखों कीमत की एमटीएनएल केबल चोरी करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये लोगों के नाम निहाल, मो इसराइल, फाजिल, अब्दुल बारीक, मो शाहिद, फिरदौस और रंजीत बताये गये हैं।

सभी गाजियाबाद, दिल्ली के खजूरी, मटियाला, सरोजिनी नगर, द्वारका और राणा जी एंक्लेव के रहने वाले हैं। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि इनके पास से 300 फीट एमटीएनएल केबल बरामद किया गया है। चोरी की वारदात में इस्तेमाल चैंपियन टेंपो और एक गाड़ी को भी जब्त किया है। यह वारदात 31 मार्च को सुभाष नगर के गुरु नानक पब्लिक स्कूल के पास हुई थी। केस



दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। इसके बाद एक-एक कर सभी लोग गिरफ्तार किये गये।

### हत्थे चढ़े जहरखुरानी गैंग के तीन बदमाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में जहरखुरानी की कई घटनाओं में शामिल एक जहर खुरानी गिरोह का अपराध शाखा ने भंडाफोड़ किया है। आजाद गिरोह के नाम से फेमस इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 32 स्लिपिंग पिल्स, पाउडर, ब्लेड बरामद, एक पिस्तौल और दो कारतूस व और दो चोरी के दोपहिया वाहन बरामद हुये हैं। डीसीपी संजय कुमार सेन के अनुसार पिछले दिनों ऐसी कई घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें दिल्ली और एनसीआर में सक्रिय जहरखुरानी गिरोहों ने बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और व्यस्त बाजारों में कई व्यक्तियों को बेहोश कर लूटपाट की थी। ऐसी घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए अपराध शाखा ने एसीपी राजकुमार की देखरेख में एक टीम का गठन किया था। मंगलवार को टीम को सूचना मिली कि आजाद गैंग के सदस्य अपने गैंग लीडर आजाद के साथ मोरी गेट बस स्टैंड के पास आएंगे। इसके बाद एक जाल बिछाया गया और मुखबिर की पहचान होने पर तीन लोगों को पकड़ा गया। सभी एक ऑटो में सवार थे। पूछताछ करने पर इनके नाम मोहम्मद आजाद, आसिफ उर्फ जुबेर और साबिर पता चलें। गहनता से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे दिल्ली और एनसीआर में जहरखुरानी और लूट की करीब 100 वारदातें कर चुके हैं।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शिक्षकों ने निकाला कैंडल मार्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन एकेडमिक्स फॉर एक्शन एंड डेवलपमेंट टीचर्स एसोसिएशन (एएटीडीए) ने दिल्ली विश्वविद्यालय में कैंडल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने बुधवार को डीयू के नॉर्थ कैंपस में लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ के बैनर के साथ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के पास मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया और अन्य विश्विध्यालों के सैकड़ों शिक्षकों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अपना रोष व्यक्त किया। डूटा के पूर्व अध्यक्ष और एएटीडीए के राष्ट्रीय प्रभारी आदित्य नारायण मिश्रा भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कि भाजपा द्वारा अरविंद केजरीवाल की अवैध ढंग से की गई गिरफ्तारी विपक्ष को समाप्त करने का प्रयास है। केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तो गिरफ्तार कर सकती है लेकिन उनकी सोच को गिरफ्तार नहीं कर सकती।

# अदालत ने दो बच्चियों से दुष्कर्म के मामले में नाबालिग को ठहराया दोषी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 2017 में दो बच्चियों के साथ दुष्कर्म के लिए एक नाबालिग को दोषी ठहराया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत नाबालिग आरोपी के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। नाबालिग आरोपी पर सात और करीब चार वर्ष की बच्चियों से दुष्कर्म करने के लिए यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

अदालत ने मंगलवार को पारित एक आदेश में कहा कि निर्णायक रूप से ऐसा कहा जा सकता है कि अभियोजन पक्ष बिना किसी संदेह के आरोपों को साबित करने में सफल रहा कि आरोपी ने दोनों पीड़ित बच्चियों से दुष्कर्म के



अपराध को अंजाम दिया था। राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजय दहिया उपस्थित हुए। अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी (आईओ) ने तय समय के भीतर पीड़ित बच्चियों के बयान दर्ज नहीं किये और न ही उनमें से एक के फटे हुए कपड़े जब्त किये लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अपराध नहीं हुआ। अदालत के मुताबिक, "आईओ की तरफ से हुई लापरवाही के कारण अन्य सबूतों को व्यर्थ नहीं करार दिया जा सकता। अदालत ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे यह पता चले कि पीड़ित बच्चियों को आरोपों के बारे में कुछ सिखाया गया हो। अदालत ने कहा कि बच्चियों की चिकित्सा जांच से उनके बयानों की पुष्टि होती है।

### चिकित्सा जांच की रिपोर्ट

अदालत के मुताबिक, जिस दिन अपराध हुआ उसी दिन बच्चियों की चिकित्सा जांच कराई गई थी। अदालत ने कहा कि दोनों बच्चियों की चिकित्सीय जांच केवल एक ही बात की ओर इशारा करती हैं कि दोनों के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया था। अदालत के मुताबिक, बच्चियों में से एक ने अदालत में आरोपी की पहचान नहीं की लेकिन उसकी गवाही से नदारद इस संदर्भ को फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट ने पूरा कर दिया। फॉरेंसिक जांच के अनुसार, बच्ची का खून आरोपी के पायजामा पर पाया गया था।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ सात अप्रैल को होगा देशव्यापी सामूहिक उपवास : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आगामी 7 अप्रैल को पूरे देश में सामूहिक उपवास करने की घोषणा की है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने सामूहिक उपवास कार्यक्रम का ऐलान कर देशवासियों से अपील की कि अगर आप अरविंद केजरीवाल का समर्थन करते हैं और संविधान-लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं तो आप जहां हैं, वहीं पर सामूहिक उपवास करें। सात अप्रैल को सुबह 11 बजे से जंतर-मंतर पर दिल्ली के सभी मंत्री, विधायक, सांसद, पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता इकट्ठा होंगे और सामूहिक उपवास करेंगे। गोपाल राय ने कहा कि यह आप का व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह देश से प्रेम करने वाले सभी देशभक्त लोगों का कार्यक्रम है। आप भले ही किसी राजनीतिक पार्टी या संगठन से जुड़े हैं, लेकिन अगर आप मानते हैं कि भाजपा और मोदी सरकार तानाशाही कर रही है, देश में दहशत फैला रही है, अन्याय-अत्याचार कर रही है और आप इसके खिलाफ अपनी आवाज



बुलंद करना चाहते हैं तो इस सामूहिक उपवास कार्यक्रम में अवश्य भाग लें। आप अपने घर, गांव, मोहल्ले, ब्लॉक, तहसील, जिला या राजधानी स्तर पर सामूहिक उपवास कर सकते हैं और उसकी तस्वीरें हमें भेज सकते हैं। सामूहिक उपवास कार्यक्रम के दौरान रघुपति राघव-राजा राम भजन गीत सुनेंगे और प्रार्थना करेंगे, ताकि तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे अरविंद केजरीवाल को और शक्ति मिले।

आप गोपाल राय ने कहा कि संजय सिंह को छह महीने जेल में रखा गया, लेकिन कोई सबूत-कोई मनी ट्रेल नहीं मिला। ईडी को छह महीने में कुछ भी नहीं मिला। मंगलवार को कोर्ट के सामने बोलने के लिए ईडी के पास कुछ भी नहीं बचा था। यही तथाकथित शराब घोटाले की पूरी सच्चाई है। इसी तरह से षड़यंत्र करके आप के नेताओं और दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। सीएम केजरीवाल को बिना किसी आरोप के जेल में बंद कर दिया गया। संजय सिंह की जमानत ने भाजपा के सारे षड़यंत का पर्दाफाश कर दिया है और भाजपा को बहुत बड़ी हार मिली है।

### संजय की जमानत के बाद शराब घोटाले का सारा सच सामने आ गया : राय

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने प्रैसवार्ता में कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दो साल से दिल्ली में फर्जी शराब घोटाले का षड़यंत्र करके द्वारा आप और अरविंद केजरीवाल को खत्म करने का अभियान चलाया था। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट संजय सिंह को जमानत मिलने के बाद एक बात स्पष्ट हो गई है कि बिना किसी सबूत और प्रमाण के डरा-धमकाकर, दबाव बनाकर, लोगों को सरकारी गवाह बनाकर, झूठे आरोप लगाकर ये सारी गिरफ्तारी की गई है। सुप्रीम कोर्ट में यह सारा सच सामने आ गया है। यह भाजपा के षड़यंत्र और तानाशाही की सबसे बड़ी हार है। मंगलवार को भाजपा के सभी साजिशकर्ताओं को मुंह की खानी पड़ी।

### आप का सामूहिक उपवास महात्मा गांधी की उपवास पद्धति को करेगा कलंकित : खंडेलवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल हिरासत में रखने के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा 7 अप्रैल को प्रस्तावित सामूहिक उपवास रखने को लेकर चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि ऐसा करने से महात्मा गांधी की उपवास पद्धति कलंकित होगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह विडंबना ही है कि भ्रष्ट लोगों की जमात अब महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए उपवास पद्धति को भी कलंकित कर रही है। उपवास सत्य को उजागर करने का एक कारगर हथियार है जिसे महात्मा गांधी ने अपनाया था। किंतु अब घोटालों में आकंठ लिप्त होकर लोग उपवास करने की घोषणा कर उपवास जैसी पवित्रता को भंग करेंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को जेल में किसी पार्टी अथवा नेता के कहने से नहीं रखा, बल्कि माननीय न्यायालय के फैसले से ऐसा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### राजधानी में हल्की बूंदाबांदी की संभावना

**नई दिल्ली।** राहत भरे मौसम के बाद अब दिल्ली वालों को गर्म लू के थपेड़े झेलने के लिए तैयार रहना होगा। क्योंकि अब दिल्ली एनसीआर में भीषण गर्मी व गर्म लू के थपेड़े की मार पड़ सकती है। हालांकि अगले दो तीन दिन राहत भरे हो सकते है। क्योंकि भारतीय मौसम विभाग दिल्ली का कहना है कि गुरुवार व शुक्रवार को दिल्ली के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इसके बाद वीकेंड के करीब मौसम का मिजाज बदल सकता है, और दिल्ली एनसीआर में पारा बढ़ेगा और गर्म लू चलने की संभावना बन रही है।

### आतिशी लाएं दिल्ली जल बोर्ड का समर एक्शन प्लान : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा है कि जल मंत्री आतिशी को गंदी राजनीति बंद करके इस समय दिल्ली जल बोर्ड का समर एक्शन प्लान लाना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि गर्मी आ गई है और दिल्ली में पानी की उपलब्धता और पानी का वितरण पर एक संघटित योजना पर काम करने के बजाय अरविंद केजरीवाल सरकार की जल मंत्री आतिशी दिल्ली के मुख्य सचिव के साथ संघर्ष की गंदी राजनीति में व्यस्त हैं। सचदेवा ने कहा कि सामान्य रूप से अप्रैल के पहले सप्ताह में दिल्ली जल बोर्ड को अपना समर एक्शन प्लान लाना होता है, लेकिन पिछले कुछ सालों से केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और इस पर समय पर ध्यान नहीं देती है। आज यह चौंकाने वाली बात है कि जल मंत्री आतिशी को जिस दिन दिल्ली जल बोर्ड के माध्यम से पानी की उपलब्धता और वितरण पर समर एक्शन प्लान रखना चाहिए था, उस दिन उन्हें मुख्य सचिव को पत्र लिखकर पानी की मुद्दों पर विवरण मांगने की गंदी राजनीति में देखा गया है।

### डायबिटीज मरीज के लिए इतने कम समय में इतना वजन घटना काफी खतरनाक : आतिशी

# केजरीवाल के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा है खतरा, 12 दिन में घटा 4.5 किलो वजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गिरफ्तार करने के बाद से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। आप के वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। वो ईडी की हिरासत में थे तब ही 3 बार उनका शुगर लेवल गिरा और एक बार ये 46 तक पहुंच गया जो किसी भी व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। साथ ही अरविंद केजरीवाल का पिछले 12 दिन में 4.5 किलो वजन घटा है। डायबिटीज के मरीज के लिए इतने कम समय में इतना वजन घटना काफी खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल गंभीर डायबिटीज के मरीज, दिन में कई बार उनके ब्लड शुगर लेवल की जांच होती है, घटते-बढ़ते शुगर लेवल के अनुसार उन्हें दवाइयां और इंसुलिन के इंजेक्शन लेने होते हैं।



■ आतिशी की भाजपा को चेतावनी- अगर हिरासत में केजरीवाल के स्वास्थ्य को कुछ हुआ तो ये देश भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा

आतिशी ने कहा कि गंभीर डायबिटीज के बाद भी, अरविंद केजरीवाल ने अपने स्वास्थ्य को कभी भी देशसेवा में अड़चन नहीं बनने दिया, वो दिन रात दिल्लीवालों के हित में काम करते रहे। लेकिन अब भाजपा शासित केंद्र सरकार की गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य पर भारी खतरा है। आप को कुचलने के लिए भाजपा किसी भी हद तक जा रही है। मैं भाजपा को चेतावनी देती हूं कि, अगर हिरासत में अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को कुछ हुआ तो ये देश भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा।

### गंभीर डायबिटीज के मरीज है केजरीवाल, कई बार शुगर की होती है जांच

आप नेता आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गंभीर डायबिटीज के मरीज है। इस कारण दिन में कई बार उनके ब्लड शुगर लेवल की जांच होती है। जिस तरह उनका शुगर लेवल घटता-बढ़ता है और उसके अनुसार उन्हें दवाइयां लेनी होती है, इंसुलिन के इंजेक्शन लेने होते हैं और उसी के अनुसार उनका खानपान और डाइट निर्धारित होता है। उन्होंने कहा कि, डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जिसके गंभीर होने पर और भी बहुत से परेशानियां बढ़ती है। इसका असर इंसान के हार्ट, किडनी, आंखों पर, पूरे नर्वस सिस्टम पर पड़ता है। इसमें एक बहुत बड़ा खतरा ब्लड शुगर लेवल के गिरने का होता है, जिसे हाइपरग्लाइसीमिया कहते है। अगर गंभीर डायबिटीज से प्रभावित किसी मरीज का ब्लड शुगर लेवल 50 से नीचे गिर जाये तो उनकी जान पर भी खतरा हो जाता है। डायबिटीज से प्रभावित किसी भी मरीज का ब्लड शुगर लेवल कभी भी 80 से नीचे नहीं आने दिया जाता।

### ईडी की हिरासत में 3 बार केजरीवाल का शुगर लेवल गिरा

आतिशी ने कहा कि, इतने गंभीर डायबिटीज के बाद भी, इतनी बीमारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल ने आज तक अपने स्वास्थ्य को अपने देशसेवा में कोई अड़चन नहीं बनने दिया। चाहे अनशन पर बैठना हो, वो दिन रात दिल्लीवालों के हित में सुबह से रात तक काम करते हैं। उन्होंने कहा कि, लेकिन जब से अरविंद केजरीवाल को भाजपा शासित केंद्र सरकार ने गिरफ्तार किया है। तब से उनके स्वास्थ्य पर जबरदस्त खतरा मंडरा रहा है। जब वो ईडी की हिरासत में थे तब 3 बार उनका शुगर लेवल गिरा। एक बार ये 46 तक पहुंच गया जो किसी भी व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

### 'झूठे केस लगाकर भाजपा ने केजरीवाल को डाला जेल में'

आतिशी ने कहा कि आज मैं भाजपा को ये कहना चाहती हूं कि पूरा देश उन्हें देख रहा है। देश ये देख रहा है कि किस तरह झूठे केस लगाकर भाजपा ने उन्हें जेल में डाल दिया है। जहां आज उनके स्वास्थ्य की खतरा हो रहा है। किसी सामान्य व्यक्ति के लिए भी 12 दिन में 4.5 किलो वजन घटना सामान्य नहीं है। ऐसे में गंभीर डायबिटीज से शिकार व्यक्ति के लिए इतनी तेजी से वजन घटना बहुत गंभीर समस्या है।

## प्रदेश भाजपा ने मंत्री आतिशी को भेजा मानहानि का नोटिस

**नई दिल्ली।** भाजपा में शामिल होने के लिए उन्हें प्रलोभन देने के मामले में बुधवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा ने मंत्री आतिशी को मानहानि का नोटिस भेजा है और मांग की है कि वह अपने आरोप वापस लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। अगर ऐसा नहीं करती हैं तो भाजपा और कार्यकर्ताओं की मानहानि का मुकदमा दायर किया जाएगा।इस बात की जानकारी दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को



प्रैसवार्ता में दी है। प्रैसवार्ता में सचदेवा ने कहा कि मंगलवार को मंत्री आतिशी ने कहा कि एक नजदीकी व्यक्ति के माध्यम से उनपर दलबदल का दबाव डाला जा रहा है। साथ ही उनकी खुद की, सौरभ भारद्वाज, राघव चड्ढा एवं दुर्गेश पाठक की गिरफ्तारी की बात भी कह कर गुमराह करने की कोशिश की। इस प्रैसवार्ता में मानहानि का नोटिस भेजने वाले प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, अधिवक्ता सत्य रंजन और विक्रम मित्तल उपस्थित थे। सचदेवा ने कहा कि आतिशी पहले भी आदतन इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाती रही हैं। आतिशी ने एक झूठा, खुद गढ़ा हुआ ब्यान दिया है। आतिशी ने कोई ठोस या सही जानकारी नहीं दी है।

किसने उन्हें संपर्क किया, कब उन्हें संपर्क किया यह नहीं बताया है। जिसने संपर्क किया वो उनका नजदीकी कौन था, किसके निर्देश पर उसने बात की यह आतिशी ने नहीं बताया है। सचदेवा ने कहा कि आतिशी या उनकी पार्टी जब भी राजनीतिक हालात में घिर कर जवाबदेह होते हैं तो यही विधायक तोड़ने या नेताओं की गिरफ्तारी की कहानी सुनाती हैं। दो बार हाल ही में पहले भी कर चुकी पर सबूत नहीं देती। सचदेवा ने कहा कि शराब घोटाले में जितने भी आम आदमी पार्टी नेता गिरफ्तार हुए हैं सभी की गिरफ्तारी ट्रायल कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक मान्य हुई अतः आतिशी के दावे कमजोर एवं झूठे हैं। ऐसे आरोप भाजपा की, उसके नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं की राजनीतिक सामाजिक छवि धूमिल करते हैं अतः हमने मंगलवार रात एक मानहानि का नोटिस आतिशी को देकर आरोप वापस लेकर सार्वजनिक माफी मांगने को कहा है, जिसका वह प्रसार प्रचार करें।

## ईडी के वकीलों में भाजपा प्रवक्ता बांसुरी स्वराज का नाम शामिल : भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने सांसद संजय सिंह के मामले में भाजपा की प्रवक्ता एवं प्रत्याशी बांसुरी स्वराज द्वारा ईडी का प्रतिनिधित्व करने पर गंभीर सवाल खड़ा किया है। आप नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि ईडी और भाजपा एक ही हैं। इनमें कोई अंतर नहीं है। ईडी के वकीलों में भाजपा की प्रवक्ता बांसुरी स्वराज का नाम शामिल है। बांसुरी स्वराज ने सांसद संजय सिंह के खिलाफ कोर्ट में ईडी का प्रतिनिधित्व किया। संजय सिंह के मामले में दो अप्रैल के अलावा 5 फरवरी, 12 मार्च, 11 सितंबर को आए कोर्ट के आदेश में भी बांसुरी स्वराज का नाम है। बांसुरी स्वराज का नाम सार्वजनिक होने के बाद ईडी अब उनका नाम हटवाने कोर्ट गई है। उन्होंने कहा कि ईडी-सीबीआई और चुनाव आयोग भाजपा की राजनीतिक ईकाई बन गए हैं। ईडी-सीबीआई और आईटी के जरिए भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम



पर 2471 करोड़ रुपए की वसूली की है। 2014 के बाद 25 नेताओं पर भ्रष्टाचार के केस चले थे। इसमें से 23 नेता भाजपा में

■ भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने संजय सिंह के खिलाफ कोर्ट में ईडी का प्रतिनिधित्व किया, अब ईडी उनका नाम हटवाने कोर्ट गई : आप

शामिल हो गए और ईडी ने इनके सारे केस बंद कर दिए। सोमनाथ भारती ने प्रैसवार्ता में कहा कि भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों को एक औजार की तरह इस्तेमाल कर रही है। हमारे पास ऐसे सबूत हैं, जिनको देखने के बाद किसी तरह का संदेह नहीं रह जाता है। भाजपा ने भारत के संविधान और लोकतंत्र को तार-तार किया है। आम आदमी पार्टी ने शुरुआत से कहा है कि ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग भाजपा की राजनीतिक इकाई बन गए हैं। अब यह सिद्ध हो चुका है कि ईडी और भाजपा एक ही हैं। ईडी ही भाजपा है और भाजपा ही ईडी है। बीजेपी ने शराब घोटाले के नाम पर आम आदमी पार्टी की सरकार को गिराने की कोशिश की।

### पिछले साल की थी 3296.88 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली

## एनडीएमसी ने एकत्र किया 3795.30 करोड़ का राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने एक टीम के रूप में किए निरंतर प्रयासों से, राजस्व संग्रह से न केवल लक्ष्य को पूरा किया गया, बल्कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लक्ष्य से अधिक अर्जित किया गया है। एनडीएमसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपने विभिन्न राजस्व स्त्रोतों जैसे संपत्ति कर, लाइसेंस शुल्क, वाणिज्यिक राजस्व (पानी और बिजली) और पार्किंग शुल्क से कुल 3795.30 करोड़ का राजस्व एकत्र किया है। जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3296.88 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र किया था।

एनडीएमसी ने संपत्ति कर की दर में कोई वृद्धि किए बिना अपने संपत्ति कर राजस्व संग्रह में लगातार वृद्धि कर रही है। इस नगर निकाय के इतिहास में पहली बार, संपत्ति कर राजस्व संग्रह 1000



करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। एनडीएमसी ने अपने संपत्ति कर लक्ष्य 1150 करोड़ रुपये की तुलना में 1025.59 करोड़ रुपये का राजस्व संपत्ति कर के रूप में एकत्रित किया है, जो एक कीर्तिमान हैं। जबकि एनडीएमसी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 931.20 करोड़ रुपये वित्त वर्ष 2021-22 में 950.75 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2020-21 में 690.78 करोड़ रुपये का संपत्ति कर राजस्व के रूप में एकत्रित किया था।एनडीएमसी अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को बिजली के साथ-साथ पानी की आपूर्ति के लिए भी जिम्मेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, बिजली और पानी की आपूर्ति में, एनडीएमसी ने 1659.95 करोड़ रुपये के लक्ष्य की तुलना में 1811.71 करोड़ रुपये का वाणिज्यिक राजस्व एकत्र किया है, जबकि यह राजस्व वित्त वर्ष 2021-22 में 1503 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2022-23 में 1722 करोड़ रुपये था। वहीं एनडीएमसी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए लाइसेंस शुल्क संग्रह के लक्ष्य को पार कर लिया है। संपदा विभाग ने लाइसेंस फीस के लक्ष्य 825 करोड़ रुपये के मुक़ाबले 937 करोड़ रुपये का राजस्व वसूल करके एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह पहली बार हुआ है कि संपदा विभाग ने न केवल लक्ष्य को हासिल किया है बल्कि लाइसेंस शुल्क संग्रह के पूर्व आंकड़ो के मुक़ाबले एक नया बेंचमार्क भी स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2022-23 में लाइसेंस शुल्क वसूली का आंकड़ा 628.68 करोड़ रुपये था, जो कि वित्त वर्ष 2021-22 में 527.74 करोड़ रुपये रहा। एनडीएमसी ने पार्किंग शुल्क से इस वित्त वर्ष में 21 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र किया, जो कि इस वित्त वर्ष के लक्ष्य 20 करोड़ रुपयो से एक करोड़ रुपये अधिक है।

### *एनडीएमसी अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दी बधाई*

*पालिका परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए, एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि एनडीएमसी कर्मचारियों और अधिकारियों के समर्पण और टीम भावना से ही यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है और इसका श्रेय एक समर्पित टीम को जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रगति की यह भावना भविष्य में भी बरकरार रहेगी और एनडीएमसी टीम इससे एक कुशल, प्रभावी और रहने योग्य शहरी क्षेत्र में इस परिषद को बदलकर देश में एक रोल मॉडल बनने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि यह टीम द्वारा समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ जिम्मेदारी की भावना से ही संभव हो सकता है।*

### डीडीए वसंत कुंज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आने के लिए लोगों को कर रहा है आमंत्रित

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) फिटनेस क्रांति में शामिल होने के मद्देनजर लोगों को आमंत्रित कर रहा है। इसी कड़ी में अब डीडीए ने वसंत कुंज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आकर फिटनेस क्रांति का हिस्सा बनने के लिए आह्वान करते हुए कहा कि वसंत कुंज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहले कभी न देखी गई फिटनेस का अनुभव लेने के लिए आएं और खुद अनुभव करें। कॉम्प्लेक्स में विशाल कसरत क्षेत्र, आधुनिक उपकरणों और एक जीवंत सामुदायिक माहौल के साथ कल्याण की दुनिया में उतरें। डीडीए ने आमंत्रित करते हुए कहा कि आए और हमसे जुड़करर अपनी पूरी क्षमता को अनलॉक करे। डीडीए के अनुसार वसंत कुज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एरोबिक्स, बैडमिंटन (आउटडोर), जॉगिंग ट्रैक, स्केटिंग रिंक, बास्केटबॉल,स्नैक बार, प्रो शॉप, बिलियड्र्स, स्नूकर, स्क्वाश, चिल्ड्रन पार्क, स्विमिंग पूल टॉडलर पूल, क्रिकेट मैदान, टेबल टेनिस, क्रिकेट अभ्यास पिच, लॉन टेनिस, फिटनेस सेंटर, मल्टी-जिम, वॉलीबॉल, फुटबॉल, योग, इंडोर बैडमिंटन, ओपन जिम, टेनिस अभ्यास दीवार और नृत्य आदि के लिए सुविधाएं मौजूद है। बता दें कि डीडीए इन दिनों अभियान के तहत दिल्ली वालों को व सरकारी कर्मचारियों को डीडीए विभिन्न स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आने के लिए लुभा रहा है।

## खड़गे ने यमुनापार से किया कांग्रेस की गारंटी कार्ड का डोर टू डोर कैंपेन शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मतदाताओं को पार्टी की तरफ दी जाने वाली गारंटी कार्ड का डोर टू डोर कैंपेन शुरू किया। इस मौके पर खड़गे ने उत्तर पूर्वी संसदीय क्षेत्र के घोंडा विधानसभा के उस्मानपुर कैथवाड़ा में घर-घर जाकर कांग्रेस का गारंटी कार्ड बांटते हुए लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर खड़गे के अलावा प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, प्रदेश प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया, कांग्रेस महासचिव कम्युनिकेशन इंचार्ज जयराम रमेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा सहित अनेक नेता मौजूद थे। खड़गे ने सीधे पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि मोदी ने जो जो गांरटी की बात की थी उन्हें अभी तक पूरा नही किया है। खडगे मोदी की गांरटी गिनवाते हुए कहा कि 2 करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार, कालाधन लाकर 15 लाख लोगो को देने की बात, किसानों को फसल के मिलने वाले दामों को दोगुना करना, एमएसपी में बढ़ोत्तरी, उत्पादन मुनाफा डबल करना आदि एक भी गारंटी को अमल में नही लाए है। खड़गे ने दावा किया कि जबकि कांग्रेस ने देश की जनता से जब जब भी जो भी वादा किया उसे हर हाल में पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी गांरटी को लेकर मतदाताओं के घर घर जाकर गांरटी कार्ड देगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की केन्द्र में सरकार आते ही सबसे पहले राहुल गांधी द्वारा कन्या कुमारी से कश्मीर और मणिपुर से महाराष्ट्र तक निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा में किए गए 5 न्याय के वादे को तुरंत पूरा करेंगे। खड़गे ने कहा कि हम युवा न्याय में हर युवा को पक्की नौकरी देंगे, 30 लाख खाली पदों पर सरकारी नौकरी की भर्ती का भरोसा, कानून और नीतियां बनाकर पेपर लीक से मुक्ति दिलाऐंगे, सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी के तहत 5000 करोड़ का स्टार्टअप फंड का प्रावधान युवाओं के भविष्य के लिए करेंगे। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने गरीबों, जरूरतमंदों और मजदूरों सभी के हित के लिए काम किया है और हमेशा उनके साथ रही है।

## खबर संक्षेप

### लोहे की रॉड से पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थाना क्षेत्र में नवीन एवं फल सब्जी मंडी में चाय की दुकान चलाने वाले युवक की लोहे की रॉड से पीट-पीट कर हत्या कर दी।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया है। एसीपी रजनीश उपाधयाय ने बताया कि मरने वाले युवक का नाम मोबीन खान था। उसकी उम्र 32 साल थी। वह साहिबाबाद सब्जी मंडी में चाय की दुकान चलाते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उनके भाई फरीद का आरोप है कि रात एक बजे झंडापुर का गौरव दुकान पर आया था।

### सामान का पेमेंट लेने के बाद नहीं की डिलिवरी


**गुरुग्राम।** साइबर पुलिस थाना मानेसर एरिया में वेंडर ने सामान की पेमेंट लेकर कस्टमर को 85 हजार रुपए की चपत लगा दी।




वेंडर ने कस्टमर को सामान की डिलिवरी ही नहीं की और फोन भी नहीं उठा रहा। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिलासपुर के रूपेश ने कहा कि वह रोहताश पेट्रो हब बिलासपुर से ट्रेडिंग करता है। बीती 27 फरवरी 27 से उसने इंडिया मार्ट द्वारा कुछ सेंपल एलडीओ एचएसडी के देखे। उसका मूल्य कम होने के चलते रूपेश ने वेंडर से संपर्क किया।

### ऑटो में युवक से मोबाइल लेकर 58 हजार निकाले

**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 थाना एरिया में ऑटो में युवक को बातों में उलझाकर उसका मोबाइल लेकर 58 हजार रुपए ट्रांसफर किए जाने का मामला सामने आया है।



युवक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के सिवान निवासी राहुल कुमार भगत ने कहा कि वह गुरुग्राम के सेक्टर-33 में रहता है। वह सोमवार की सांय इफ्को मैट्रो स्टेशन से ऑटो में सवार होकर सेक्टर-33 जा रहा था। इस दौरान ऑटो में सवार चार युवकों ने झांसे में लेकर उससे मोबाइल फोन ले लिया।

### टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत हो गई।




पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है और फरार हुए वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया। शिकायत में यूपी के शामली निवासी नरेश कुमार ने कहा कि उसका बेटा वीशू गुरुग्राम के फर्रुखनगर एरिया स्थित एक फायनेंस कंपनी में काम करता था। मंगलवार को कलेक्शन के दौरान वह पटोदी से बाइक पर अपनी ब्रांच आ रहा था। ताजनगर फ्लाईओवर पर वाहन ने टक्कर मार दी।

### भोंडसी जेल में कैदियों के दो गुटों में खूनी संघर्ष

**गुरुग्राम।** भोंडसी जेल में कैदियों के दो गुटों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया।



इस मारपीट के बीच बचाव में जब जेल प्रशासन के कर्मचारी आए तो आरोपियों ने जेल कर्मचारियों को भी पीट दिया। इस बारे में जेल प्रशासन की तरफ से भोंडसी थाना पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक, बीती 29 मार्च को भोंडसी जेल में बंद विचाराधीन कैदी पटना निवासी रोशन का जेल में ही बंद विचाराधीन आकाश के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

---

हरियाणा में 4 से 6 अप्रैल तक पहली बार होने जा रही है आईजी-एसपी कॉन्फ्रेंस

# एआई, सोशल मीडिया, साइबार क्राइम जैसी चुनौतियों सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा में पहली बार 4 अप्रैल से लेकर 6 अप्रैल तक फरीदाबाद में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय आईजी-एसपी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में हरियाणा पुलिस की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए अलग-अलग विषयों पर मंथन करते हुए बेहतर पुलिसिंग के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ 4 अप्रैल को पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर फरीदाबाद के सूरजकुंड में करेंगे।

### विशेषज्ञ रखेंगे विचार



इस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य को लेकर अधिकारियों द्वारा अपने विचार रखे जाएंगे तथा उस पर मंथन किया जाएगा। इसके अलावा कॉन्फ्रेंस में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों का राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव तथा उनका आंकलन करने को लेकर भी मंथन होगा। कॉन्फ्रेंस में हरियाणा में हिंसक अपराध, लोकसभा चुनाव तथा आदर्श आचार संहिता की पालनाएं, पुलिस की भूमिका तथा इंटर एजेंसी कोऑर्डिनेशन आदि पर विशेषज्ञों द्वारा विचार रखे जाएंगे।

### चैट जीपीटी और एआई टूल्स पर विचार-विमर्श

कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर उभर रही साइबर चुनौतियों से निपटने तथा महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संबंधी खतरों को कम करने के लिए रणनीतियां तैयार करने को लेकर मंथन होगा। इसके साथ ही ए एआई टूल्सः चैट जीपीटी, डीपफेक, एआई इनेबल्ड क्राइम आदि पर विशेषज्ञो द्वारा विचार रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के उपयोग से उभर रही चुनौतियां के बारे में विशेषज्ञों द्वारा अपने विचार रखे जाएंगे।

इस बारे में पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने बताया कि तीन दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में हरियाणा प्रदेश के सभी एडीजीपी, आईजी, डीआईजी, एसपी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधिकारियों को फिटनेस के लिए प्रेरित करने के लिए रोजाना शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी अलग-अलग प्रकार की गतिविधियां तथा योग क्रियाएं आयोजित करवाई जाएगी। इस दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### कैदियों के उत्थान की योजनाओं पर



राकेश आर्य ने बताया कि इस दौरान भारत में पहचान पत्र के लिए इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों की धोखाधड़ी को रोकने संबंधी मानदंडों पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा कॉन्फ्रेंस में कैदियों को दी जाने वाली ढांचागत सुविधाओं तथा भविष्य में उनके उत्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों को लेकर भी योजना तैयार की जाएगी।

### सम्मानित होंगे पुलिसकर्मी




आर्य ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में डीजीपी उत्तम सेवा मेडल पाने वाले पुलिसकर्मियों को मेडल भी वितरित किए जाएंगे तथा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के बेस्ट पुलिस स्टेशन के लिए नामित स्टेशन के प्रबंधक अफसर को भी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

---

गाजियाबाद से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

# गाजियाबाद से मेरा आत्मीय रिश्ता पहली बार यही से बना था सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गाजियाबाद पहुंचकर भाजपा प्रत्याक्षी अतुल गर्ग के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 2009 में वे गाजियाबाद से ही पहली बार सांसद चुने गए थे। इसके बाद गाजियाबाद की जनता का जो प्रेम उन्हें मिला उसे वह कभी भूल नहीं पाएंगे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने घंटाघर रामलीला मैदान में गाजियाबाद लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने जहां अतुल गर्ग को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की, वहीं उन्होंने गाजियाबाद में अपने संस्मरणों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि 2009 में उन्होंने गाजियाबाद से सांसद चुने गए थे। इसके बाद गाजियाबाद की जनता का जो प्रेम उन्हें मिला उसे वह कभी भूल नहीं पाएंगे। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने महापौर सुनीता दयाल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुनीता दयाल एक संघर्षशील नेता है और उनसे कोई टकराने की हिम्मत नहीं कर सकता है।

**खास बातें**

- गाजियाबाद की जनता से मिला भरपूर आशीर्वाद
- भाजपा सब धर्मों का सम्मान करती है
- तीन तलाक कानून खत्म किया




### आपके प्यार ने एक लाख वोटों से जिताया था



राजनाथ ने कहा कि गाजियाबाद से मेरा बहुत आत्मीय रिश्ता है। यह वही क्षेत्र है, जिसने पहली बार मुझे चुनकर, लोक सभा में अपना प्रतिनिधित्व करने का काम किया था। गाजियाबाद आना मेरे लिए कोई घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद से ही मैंने लोकसभा चुनाव का आगाज किया था। गाजियाबाद से जब लखनऊ लड़ने गया था तब वहां भी संगठन का काम करता रहा हैं। पहले मुझे बताया गया कि गाजियाबाद कठिन सीट है आपको यहाँ से चुनाव नहीं लड़ना चाहिए लेकिन यहां की जनता ने मुझे अभूतपूर्व प्यार और आशीर्वाद दिया और एक लाख से ज्यादा मतों से जिताकर भेजा।

### ऐतिहासिक जीत दर्ज करवाएं

राजनाथ सिंह ने कहा कि गाजियाबाद की ही जनता ने वीके सिंह को भी दो बार दोबार सांसद बनाया और वह जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरे। अब पार्टी ने इस बार अतुल गर्ग को मौका मिला। पार्टी संगठन उन्हें जिताने के लिए मेहनत कर रहा है। जिसकी बदौलत अतुल गर्ग निश्चित तौर पर ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे।

### जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा सभी धर्मों का सम्मान करती है। हमने तीन तलाक का कानूनन खत्म कर दिया। धारा 370 को हटाया। हमने पाकिस्तान के कई मुस्लिम भाइयों को भी नागरिकता दी है।

### पीएम व्यक्ति नहीं संस्था होता है

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं किसी भी प्रधानमंत्री की आलोचना नहीं करता क्योंकि प्रधानमंत्री व्यक्ति नहीं संस्था होता है। देश के पूर्व पीएम राजीव गांधी ने कहा था कि हम एक रुपए भेजते हैं चौदह पैसे ही पहुंचते हैं। लेकिन अब सारे पैसे लोगों के पास पहुंच रहे हैं।

### भ्रष्टाचारियों की जगह जेल में

राजनाथ सिंह ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बगैर इशारों-इशारों में कहा कि आज कोई भ्रष्टाचार करता जेल जाता है तो लोग कहते हैं कि प्रधानमंत्री जेल भेज रहे हैं।

---

पूर्व सीएम ने संचालन समिति की ली बैठक

# कार्यकर्ताओं को 'बूथ जीता चुनाव जीता' का दिया मंत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल ने फरीदाबाद पहुंचकर भाजपा लोकसभा कार्यालय अटल कमल पर लोकसभा के चुनाव प्रबंधन को लेकर लोकसभा संचालन समिति की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में 400 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है उसमें भाजपा 370 सीट पर जीत दर्ज करें और एनडीए 400 सीट पार करे, ऐसा हमारा संकल्प है। हमें पूर्ण विश्वास है जनता के आशीर्वाद से 400 सीट जीतकर भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी।

पूवी सीएम मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की सभी 10 सीट हमारी थी, हमारी रहेंगी। प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीट और 1 विधानसभा सीट सभी 11 सीटों पर कमल खिलाएंगे। पूर्व सीएम ने संचालन समिति के सभी 36 विभागों के प्रमुखों से चुनाव प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव प्रबंधन की दृष्टि चुनाव प्रबंधन के जो 36 आयाम है, उन्होंने सभी 36 आयामों के प्रमुखों से एक-एक कर व्यक्तिगत चर्चा की।

### 2160 बूथों पर जीत दर्ज करें

मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा के हर बूथ पर अपनी बूथ सरंचना को मजबूत करना है और लोकसभा के सभी 2160 बूथों को जीतने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि इस बार हर बूथ पर पहले से 370 वोट ज्यादा प्राप्त करके कमल खिलाने का लक्ष्य रखना है। मनोहर लाल ने लाभार्थी संपर्क, वोटर जन सम्पर्क और माइक्रो बूथ मैनेजमेंट पर भी कार्यकर्ताओं से चर्चा की। बैठक में संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, लोकसभा प्रभारी व जिला प्रभारी जी.एल. शर्मा, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पलवल के जिला अध्यक्ष चरणसिंह तेवतिया, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी और लोकसभा विस्तारक कर्मबीर यादव मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

### 6 अप्रैल को स्थापना दिवस धूमधाम से मनाएं

प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और त्रिदेव के माध्यम से बूथों को सशक्त करने, माइक्रो बूथ मैनेजमेंट, चुनाव मैनेजमेंट व अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की और सभी विधानसभाओं में गठित प्रबंधन संचालन समिति से बैठक कर विधानसभा स्तर पर भी चुनाव प्रबधन की समीक्षा करने को कहा। शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 6 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाना है और हर बूथ पर कार्यकर्ताओं के घर पर पार्टी का झंडा लगाना है।

---

गाजियाबाद से प्रत्याशियों ने किया जीत का दावा

## भाजपा के अतुल गर्ग, बसपा के पुंडीर समेत पांच ने दाखिल किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

गाजियाबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के के प्रत्याशी अतुल गर्ग तथा बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर समेत पांच प्रत्याशियों ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर अपने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सभी ने अपनी जीत का दावा किया। गाजियाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में पहले के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक जनसभा को संबोधित किया। सभा समाप्ति के बाद अतुल गर्ग भाजपा नेताओं के



साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी तथा लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर समेत तमाम भाजपा के शामिल रहे। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

---

क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई

## ऑटो में नशा तस्करी करते दो आरोपी काबू, 3.580 किलोग्राम गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने नशा तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सोनू तथा सद्दाम का नाम शामिल है। आरोपी सोनू उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर तथा आरोपी सद्दाम ग्रेटर नोएडा का रहने वाला है।

क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों आरोपियों को तिगांव थाना एरिया से ऑटो में नशा तस्करी करते हुए काबू किया था। आरोपियों के कब्जे से 3.580



किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को थाने लाकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तरफ मुकदमा दर्ज किया गया।

---

यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

## 'ब्लैक फिल्म' लगाने वाले 113 वाहनों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर वाहन चालकों के चालान काटे।



ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया।

ब्लैक फिल्म लगाने की वजह से वाहनों के अंदर कुछ दिखाई नहीं देता जिसकी वजह से आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए लोगों की सुरक्षा के हित में यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक जारी रहेगा।

### 21.64 लाख रुपए का जुर्माना

यातायात पुलिस द्वारा 2 अप्रैल को 898 वाहन चालकों के चालान काटकर 21.64 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है जिसमें से 113 चालान ब्लैक फिल्म के शामिल है। इसके साथ ही ब्लैक फिल्म लगे वाले 2 वाहनों को इंपाउंड किया गया है। यातायात पुलिस टीम के द्वारा सुबह से अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग की गई है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा ड्रंकन ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, जिग-जैग ड्राइविंग और खतरनाक ड्राइविंग, विदाउट हेलमेट, रेडलाइट जंपिंग, नाबालिगों द्वारा की जाने वाली ड्राइविंग और फोन पर बात करते हुए गाड़ी चला रहे वाहन चालको के चालान काट कर जुर्माना लगाया गया है। वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह यातायात नियमों का पालन करें अन्यथा पुलिस द्वारा यह अभियान इसी प्रकार जारी रहेगा।

---

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने बल्लभगढ़ में की बड़ी कार्रवाई

# एनसीईआरटी की करीब 5600 नकली किताबें पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता को सूचना प्राप्त हुई की मंगला बुक डिपो अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ द्वारा एनसीईआरटी की नकली किताबों को बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। यदि एनसीईआरटी की टीम को साथ लेकर मंगला बुक डिपो पर रेड की जाए तो एनसीईआरटी की नकली किताबों का जखीरा बरामद हो सकता है।

उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उडन दस्ते डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में राजेन्द्र कुमार, ब्रजेश, प्रभु दयाल, राजीव व स्थानीय पुलिस की टीम द्वारा भूपेंद्र सिंह बिजनेस मैनेजर एवं राजेश कुमार असिस्टेंट प्रोडक्शन ऑफिसर एनसीईआरटी के साथ मंगला बुक डिपो अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मंगला बुक डिपो पर गौरव अग्रवाल पुत्र महेश चंद उपस्थित मिले।

### ऋषि नगर गोदाम से बरामद की किताबें



एनसीईआरटी की टीम द्वारा गौरव अग्रवाल की उपस्थिति में मंगला बुक डिपो का निरीक्षण किया गया तथा पाया कि इस दुकान में भारी मात्रा में एनसीईआरटी की नकली किताबें रखी हुई है। एनसीईआरटी के अधिकारियों द्वारा की गई पूछताछ पर गौरव ने बताया कि उसने ऋषि नगर बल्लभगढ़ में अलग से गोदाम बनाया हुआ है। काफी किताबें गोदाम पर भी रखी हुई है। वहां से बरामद की। इस पर एनसीईआरटी की टीम द्वारा मंगला बुक डिपो के गोदाम को भी चेक किया गया, जहां पर भारी मात्रा में नकली एनसीईआरटी की किताबें रखी हुई मिली।

### कक्षा छठी से बारहवीं तक की किताबें मिलीं

इस प्रकार दोनों स्थानों से एनसीईआरटी की विभिन्न विषयों की कक्षा छठी से बारहवीं तक की करीब 5600 नकली किताबें बरामद हुई। एनसीईआरटी की टीम द्वारा पूछे जाने पर गौरव अग्रवाल ने यह भी बताया कि वह इन किताबों को श्याम एंड सन्स नई सड़क दरियागंज नई दिल्ली से मंगाया था। एनसीईआरटी की टीम द्वारा इन नकली किताबों को अपने कब्जा में लेते हुए मंगला डिपो बुक डिपो के संचालक गौरव अग्रवाल पुत्र महेश चंद्र निवासी म.न. 16 राधा नगर बल्लभगढ़ के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में प्रतिलिपि अधिकार अधिनियम के तहत आपराधिक मामला दर्ज करवाया है।

---

भारत विकास परिषद के चुनाव संपन्न

## अमित गोयल अध्यक्ष, बिजेंद्र गर्ग सचिव व अनिल गुप्ता को बनाया कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

भारत विकास परिषद शहीद भगत सिंह शाखा के चुनाव संपन्न हुए। समाजसेवी अमित गोयल को शाखा के अध्यक्ष चुना गया। बिजेंद्र गर्ग को सचिव, अनिल गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। पर्यवेक्षक विजय अग्रवाल की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। शहीद भगत सिंह शाखा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मंदीप किशोर गोयल व महेंद्र अग्रवाल को शाखा का संरक्षक बनाया गया। भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय सचिव अरुण अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष अनिल बंसल, प्रांतीय महासचिव ऋषि अग्रवाल उपस्थित रहे।



### पदाधिकारियों का जताया आभार

अमित गोयल ने अध्यक्ष बनाए जाने पर संस्था के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे सदा खरा उतरने का प्रयास करेंगे। समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर काम करने का प्रयास रहेगा। गोयल ने कहा कि परिषद संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण का ध्येय लेकर काम करता है। इन बिंदुओं पर काम करते हुए समाज में एक नई जागृति लाई जाती है। उन्होंने कहा कि परिषद से जुड़कर वे समाज के हित में काम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### वकील को बतौर सम्मान 1 रुपया देगी योगी सरकार



**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को आदेश दिया है कि सरकार वरिष्ठ वकील अशोक निगम को सम्मान के तौर पर एक रुपया दे। कोर्ट ने यह आदेश 2004 में वकीलों के प्रदर्शन पर पुलिस के लाठीचार्ज से जुड़े एक मामले में दिया है। साल 2007 में वरिष्ठ वकील डॉ. अशोक निगम ने एक याचिका दायर की थी जिसमें घायल वकीलों को मुआवजा देने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की गई थी। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने वरिष्ठ वकील से पूछा था कि वह किस मुआवजे की उम्मीद कर रहे हैं। जवाब में डॉ. निगम ने कहा था वह सिर्फ वकीलों का सम्मान चाहते हैं।

### जमशेदपुर पुलिस ने 53 किलो गांजा जब्त किया



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने मानगो बस स्टैंड और स्टैंड से बिहार के बेतिया जाने वाली एक बस से 53 किलो गांजा बरामद किया है साथ ही मामले में छह लोगों की गिरफ्तारी की है, जो बिहार के पटना, वैशाली, चंपारण और बेतिया के रहने वाले है। पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी दी कि वे लोग ओडिशा के बलांगीर से गांजा लेकर बस से मानगो बस स्टैंड पहुंचे। यहां से बेतिया जाने वाली बस में वैशाली जुरावनपुर निवासी राजीव कुमार यादव व अन्य गांजा लेकर बस में सवार हो गए, जबकि स्टैंड पर वैशाली का राजेश कुमार गांजा लेकर घूम रहा था।

### चिराग पासवान की पार्टी के 22 नेताओं ने दिया इस्तीफा



**पटना।** बिहार में एनडीए के घटक दल लोजपा (रामविलास) को पांच सीटें मिली हैं और इन सभी सीटों पर पार्टी प्रमुख चिराग पासवान की ओर से उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया गया है। इस बीच बुधवार को चिराग पासवान पर टिकट बेचने का आरोप लगाते हुए पार्टी के 22 नेताओं ने इस्तीफा दे दिया। संगठन सचिव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव ने प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

## अयोध्या राम मंदिर में नई व्यवस्था शुरू

# तीन वीआईपी रास्ते से श्रद्धालु कर सकेंगे रामलला के दर्शन, रामनवमी पर लागू हुई नई यातायात व्यवस्था

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर में व्हील चेयर से रामलला का दर्शन करने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग का मार्ग अलग कर दिया गया है। इसके साथ ही अयोध्या राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के समय बनाई गई यातायात व्यवस्था रामनवमी मेले पर भी लागू की जाएगी जिसकी तैयारियां विभागीय स्तर पर शुरू की जा चुकी है। अयोध्या राम मंदिर में आम श्रद्धालुओं के साथ वीआईपी व वीवीआईपी श्रद्धालुओं के दर्शन की होड़ को ध्यान में रखते हुए सोमवार से नई व्यवस्था का निर्धारण कर दिया गया है। इस व्यवस्था में वीआईपी एवं वीवीआईपी के अलावा व्हील चेयर से रामलला का दर्शन करने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग का मार्ग अलग कर दिया गया है।





### वीवीआईपी का प्रवेश उत्तरी स्वर्ण द्वार से

श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से अति विशिष्ट जनों (वीवीआईपी) का प्रवेश प्रार्थना मंडप के अंदर खुलने वाले उत्तरी स्वर्ण द्वार से कराया जाएगा। यह श्रद्धालु गण गर्भगृह के सामने नजदीक से दर्शन पा सकेंगे। तीर्थ क्षेत्र ने प्रार्थना मंडप के इस द्वार के पहले बैरीकेडिंग करा दी है और उनकी तस्दीक के बाद पुलिस अधिकारियों व तीर्थ क्षेत्र पदाधिकारियों के निर्देश के बाद खोला जाता है। इसके अलावा वीआईपी प्रवेश द्वार को अब दिव्यांग व बुजुर्ग श्रद्धालुओं जो व्हील चेयर पर प्रवेश कर रहे हैं, के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त वीआईपी के लिए नृत्य मंडप से प्रवेश का मार्ग निर्धारित किया गया है।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाला रोड मैप रामनवमी पर भी रहेगा

अयोध्या राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के समय बनाई गई यातायात व्यवस्था रामनवमी मेले पर भी लागू की जाएगी जिसकी तैयारियां विभागीय स्तर पर शुरू की जा चुकी है। रेलवे स्टेशन धाम परिसर के बाहर बैरियर लगाकर टेंपो ई-रिक्शा और चार पहिया वाहनों के आवागमन को रोक दिया गया है। आने वाले समय मे परिसर के कुल चार प्रवेश द्वारों पर बैरियर लगाने की योजना है। प्राण प्रतिष्ठा में भीड़ का उत्साह विभाजित होकर दिखा लेकिन गर्भगृह में भगवान रामलला के विराजमान होने के बाद रामनवमी का पहला उल्लास होगा। इसलिए इस बार भीड़ का अंदाजा पिछले वर्षों की तुलना में दोगुना होने का अनुमान है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं जिसकी झलक दिखनी भी शुरू हो गई है। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के बाहर नवनिर्मित टेढ़ी बाजार तक जाने वाले मार्ग पर बैरियर लगा दिया गया है।

#### ई-रिक्शा टेंपो और चार पहिया वाहन प्रतिबंधित

ई-रिक्शा टेंपो और चार पहिया वाहनों के आवागमन पर रेलवे पुलिस आरपीएफ द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिससे स्थानीय लोगों के सामने एक बार फिर समस्या शुरू हो गई है। इसी मार्ग से स्थानीय लोगों का आवागमन होता रहा है। पिछले दिनों स्थानीय नागरिकों द्वारा काफी विरोध के बाद बैरियर हटाए गए थे। आरपीएफ चौकी इंचार्ज यशवंत सिंह ने बताया कि स्टेशन के सामने वाहनों की भीड़ के कारण यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में भीड़ नियंत्रण के लिए चार प्रवेश द्वारों पर बैरियर लगाए जाएंगे।

#### साफ-सफाई के दिए निर्देश

रामनवमी के अवसर पर अयोध्या धाम में सफाई, प्रकाश और शौचालय की व्यवस्थाओं को परखने निकले नगर आयुक्त को जगह-जगह पर गंदगी दिखाई। गंदगी देख कर नगर आयुक्त संबंधित अधिकारियों के प्रति अप्रसन्न हुए। उन्होंने आगामी रामनवमी पर्व में सम्भावित श्रद्धालुओं की संख्या के दृष्टिगत पार्किंग व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई सहित अन्य सभी सुविधाओं को अच्छी तरह से संचालित करने के निर्देश दिए।

## सीएम योगी ने फतेहपुर सीकरी और आगरा में प्रबुद्धजन सम्मेलन में अपराधियों को दी चेतावनी

# अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो, सरकार 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर

एजेंसी ▶▶ फतेहपुर सीकरी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनपद आगरा के फतेहपुर सीकरी लोक सभा क्षेत्र के शमशाबाद में फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के समर्थन में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान एक तरफ उन्होंने यूपी के अपराधियों पर प्रहार किया तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन को भी खूब लताड़ा।

सीएम ने पीएम मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र कर लोगों से ही 'फिर एक बार मोदी सरकार' की हामी भरवाई तो विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं। माफिया में न हो डर तो गरीबों का जीना मुहाल कर देंगे। उन्होंने कहा कि माफिया से अब डरने की जरूरत नहीं है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। सामान्य नागरिकों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन सरकार ने कहा कि हम जीरो टालरेंस की नीति पर चलेंगे। सीएम योगी ने कड़े शब्दों में अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो। ज्यादातर अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल में चले गए।

### खास बातें

- मतदाता पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा को आशीर्वाद देंगे
- विकसित भारत के लिए देश की बागडोर मोदी के हाथों में
- यूपी की जनता मोदी की गारंटी में विश्वास करती है

> सीएम योगी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फतेहपुर सीकरी और आगरा में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराधियों और माफिया के प्रति सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर चल रही है। इनसे अब डरने की जरूरत नहीं है।



#### जीत सुनिश्चित, अब अधिक लीड लेना लक्ष्य

सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत के लिए हर किसी ने देश की बागडोर मोदी के हाथ में देने की ठानी है। 18वीं लोकसभा के परिणाम के बारे में जनता आश्वस्त है। हमारी जीत सुनिश्चित है। हमारी तैयारी सिर्फ यही है कि हमारा प्रत्याशी कितने अधिक वोटों से लीड लेकर संसद में पहुंचता है। हर लोकसभा सीट पर यही प्रतिस्पर्धा है।

#### गले में तख्ती लगाकर घूम रहे

सीएम ने कहा कि अब तो कह रहे हैं कि हमें जेल भी न भेजें। अब वहां भी जाने से डर रहे हैं। आप देख रहे होंगे, ज्यादातर अपराधी गले में तख्ती लगाकर घूम रहे हैं कि जिंदगी भर ठेला लगाकर पेट पाल लूंगा पर अब कुछ गलत काम नहीं करुंगा। बस एक बार जान बख्श दो। कानून का डर माफिया व अपराधियों पर न हो तो यह गरीबों, व्यापारियों व सामान्य नागरिकों का जीना मुहाल कर देंगे।

#### यूपी उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेगा

योगी ने कहा कि यूपी में हर दूसरे दिन दंगा होता था। कांग्रेस व सपा की दंगा-कर्फ्यू पॉलिसी को जिस प्रदेश ने झेला है, वहां अब दंगा-कर्फ्यू नहीं चलेगा। यह प्रदेश अब उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेगा, बल्कि परंपरागत उत्सव के साथ जुड़ेगा। यूपी उत्सव प्रदेश के रूप में मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है।

#### अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार



जनपद आगरा के सूरसदन में आयोजित 'प्रबुद्धजन सम्मेलन' में सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रवादी लोगों से संवाद का सुखद अवसर मिला है। उन्होंने 'अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार' का नारा लगवाते हुए कहा कि आगरा की जनता पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल देने की ठान चुकी है। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा और एनडीए की डबल इंजन सरकार है तो दूसरी ओर वे लोग हैं, जो दल को तो मिलाना चाहते हैं, लेकिन उनके दिल ही नहीं मिल पा रहे हैं।

## समाजवादी पार्टी ने खेला ब्राह्मण कार्ड

# मेरठ के बाद अब बागपत में बदला प्रत्याशी, अमरपाल को दिया टिकट





एजेंसी ▶▶ बागपत

सपा ने मेरठ सीट के बाद बागपत में भी प्रत्याशी बदल दिया है। सपा ने इस सीट पर पहले जाट कार्ड खेला था लेकिन नामांकन समाप्त होने में मात्र एक दिन बाकी रहने से पहले अमरपाल शर्मा के नाम की घोषणा कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है।

अब बागपत लोकसभा सीट से अमरपाल शर्मा प्रत्याशी बनाए गए हैं। भाजपा के राजकुमार सांगवान से उनका मुकाबला रहेगा। सपा ने पहले जाट बिरादरी से अपने पुराने कार्यकर्ता मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया था। जिसके बाद अमरपाल शर्मा ने भी दावेदारी कर दी तो जातीय समीकरण और ब्राह्मण वोटर्स को देखते हुए अखिलेश यादव ने अमरपाल को तैयारी करने की बात कहते हुए भेज दिया था।

#### शिवपाल का बदायूं से चुनाव लड़ने से इनकार

बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी शिवपाल यादव ने अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने अपने स्थान पर बेटे आदित्य यादव को चुनाव लड़ाने का ऐलान किया। गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के बबराला में मंगलवार को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शिवपाल यादव ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस पर राष्ट्रीय नेतृत्व फैसला करेगा। यादव ने बबराला में फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शिवपाल ने कहा कि बदायूं लोकसभा क्षेत्र की बिसौली, सहसवान और बदायूं विधानसभा क्षेत्र की जनता ने आदित्य यादव का नाम बदायूं लोकसभा से प्रत्याशी बनाने के लिए रखा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की इच्छा का सम्मान किया जाएगा। अब नाम घोषित कर दिया गया है।

#### मेरठ-हापुड़ से अतुल प्रधान



सपा ने मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बदलकर सरधना विधायक अतुल प्रधान को प्रत्याशी घोषित किया है। इससे पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने अनुसूचित जाति के बुलंदशहर निवासी भानु प्रताप सिंह को मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। भानु प्रताप को बाहरी बताते हुए पार्टी के अंदर ही विरोध शुरू हो गया था। भानु प्रताप के सनातन धर्म विरोधी वीडियो भी वायरल हुए। तमाम नेता लखनऊ पहुंचे और प्रत्याशी को बदलने की मांग करते हुए टिकट की मांग की।

## पेज एक का शेष

### बोले- यहां के...

है। गौरतलब है कि कांग्रेस इस सीट पर 2009 से जीतती आ रही है और सीपीआई दूसरे नंबर पर रही है। इससे यह समझ आता है कि सीपीआई का सीट पर अच्छा वोट बैंक है और अगर एनी राजा मैदान में हैं तो मतदान की धारा बदल भी सकती है। सीपीआई का कहना रहा है कि राहुल गांधी उत्तर भारत से क्यों चुनाव नहीं लड़ते, उन्हें वायनाड जैसी सेफ सीट से चुनाव क्यों लड़ना चाहिए।

### भोजशाला के...

गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी भोजशाला पहुंचे हैं। सर्वे में टीम ने बुधवार सुबह पहले बाहरी क्षेत्र में स्थिति को देखा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि सर्वे में विशेष रूप से भीतर खुदाई का कार्य शुरू हो सकता है। हालांकि, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की ओर से इसको लेकर कोई भी खुलासा नहीं किया जा रहा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि इस पूरे मामले को गोपनीय रखकर अदालत को ही रिपोर्ट प्रस्तुत करना है। सर्वे टीम ने सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक सर्वे कार्य किया। दूसरी तरफ यह जानकारी मिली है कि हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और लखनऊ की एडवोकेट रंजना अग्निहोत्री बुधवार को तीन दिवसीय प्रवास पर धार पहुंची। दरअसल, भोजशाला प्रकरण में उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ में रंजना अग्निहोत्री ने ही आशीष जनक, आशीष गोयल, सुनील सारस्वत और मोहित गर्ग के साथ याचिका दाखिल की थी। बता दें कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद , एएसआई ने 22 मार्च को भोजशाला परिसर में पुरातात्विक सर्वेक्षण शुरू किया।

### कांग्रेस छोड़ बॉक्सर...

उम्मीदवार हेमा मालिनी के सामने विजेंदर को लड़ा सकती है। जानकारी के लिए बता दें कि विजेंदर सिंह बॉक्सिंग में देश का पहला ओलिंपिक मेडल लाने वाले खिलाड़ी हैं। साल 2008 के बीजिंग ओलिंपिक में विजेंदर सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। बॉक्सर विजेंदर सिंह हरियाणा के निवासी हैं और जाट समुदाय का बड़ा चेहरा हैं। ऐसे में हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए बीजेपी उनके जरिए जाट समाज को साध सकती है। विजेंदर सिंह हमेशा से राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ मुखरता से बोलते आए हैं। हरियाणा में राज्य सरकार बीजेपी की है और केंद्र में भी बीजेपी सरकार है, हालांकि, अब विजेंदर सिंह खुद बीजेपी में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस ने विजेन्दर को 2019 के लोकसभा चुनाव में दक्षिणी दिल्ली सीट से उम्मीदवार बनाया था। इस चुनाव में उन्हें बीजेपी के रमेश बिधूड़ी के सामने हार का सामना करना पड़ा था। बीजेपी जॉइन करने के बाद विजेंदर सिंह ने कहा कि साल 2019 में मैंने कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ा था, लेकिन मैं चाहता हूं कि देश के विकास और तरक्की के लिए काम करूं, लोगों का भला करने के लिए मैं बीजेपी से जुड़ा हूं।

### एएसजी बोले...

हैं। दरअसल, हाई कोर्ट में केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर लगाई गई याचिका पर सुनवाई के दौरान एएसजी ने मांग की है कि इस याचिका को कोर्ट द्वारा खारिज किया जाना चाहिए। ऐसे में हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान एएसजी राजू ने ईडी की संभावित कार्रवाई और आप के तर्कों पर एक और बड़ा बयान भी दे डाला। संपत्ति कुर्क करने को लेकर उन्होंने कहा कि अगर हम ऐसा करेंगे, वे कहेंगे कि चुनाव के समय ये सब किया गया, अगर नहीं करेंगे तो कहेंगे कि सबूत कहां है। उन्होंने कहा कि हम फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ जांच को लेकर कहा कि अभी शराब घोटाले मे केजरीवाल की भूमिका की जांच खत्म नहीं हुई है।

### राम मंदिर बनने के...

लिया है। शुरुआती दिनों में राम भक्तों की संख्या चार लाख से ढाई लाख तक थी। वर्तमान में एक से डेढ़ लाख श्रद्धालु प्रतिदिन रामलला का दर्शन कर रहे हैं। पर्यटन अधिकारी ने कहा कि अयोध्या आध्यात्मिक राजधानी बन चुकी है। अयोध्या में राम भक्तों की आमद इस कदर है कि यहां आने वाले श्रद्धालु के वजह से सभी होटल फुल है। सारी फ्लाइट बुक हैं। अयोध्या का पर्यटन लगातार बढ़ रहा है। विदेशी नागरिक और अप्रवासी भारतीयों का भी आगमन शुरू हो गया है।

### ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ...

किसी भी पेय पदार्थ की बिक्री बढ़ाने के लिए 'हेल्थ ड्रिंक' और 'एनर्जी ड्रिंक' जैसे शब्दों का दुरुपयोग नहीं करने की भी नसीहत दी है।

एफएसएसएआई ने निकटतम श्रेणी – डेयरी आधारित पेय मिश्रण या अनाज आधारित पेय मिश्रण या माल्ट आधारित पेय के साथ 'गैर मानकीकृत खाद्य' के तहत लाइसेंस प्राप्त खाद्य उत्पादों के के तहत 'हेल्थ ड्रिंक', 'एनर्जी ड्रिंक' श्रेणी के तहत ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर बेचे जा रहे हैं। गैर मानकीकृत खाद्य पदार्थ वे खाद्य पदार्थ हैं जो खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) विनियम और खाद्य सुरक्षा और मानक (स्वास्थ्य पूरक, न्यूट्रास्यूटिकल्स, विशेष आहार उपयोग के लिए भोजन, विशेष चिकित्सा प्रयोजन के लिए भोजन, कार्यात्मक भोजन और नवीन भोजन) नियमों में मानकीकृत नहीं हैं लेकिन मानकीकृत सामग्रियों का उपयोग करते हैं।

### हेल्थ ड्रिंक नाम ...

ई-कॉमर्स एफबीओ को सलाह दी है कि वे अपनी वेबसाइटों पर ऐसे पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक्स या एनर्जी ड्रिंक्स' की श्रेणी से हटाकर या डी-लिंक करके इस गलत वर्गीकरण को तुरंत सुधारें और ऐसे उत्पादों को उचित श्रेणी में रखें जैसा कि मौजूदा कानून के अंतर्गत व्यवस्था की गई है।

### मनुष्यता का विकास...

भारतीय अवधारणा को समझाते हुए कहा कि मनुष्यता का विकास ही मनुष्य का विकास है। केवल आर्थिक साधन और अधिकार प्राप्त कर लेना विकास नहीं कहलाता। भाऊसाहब भुस्कुटे न्यास के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम विकास तथा पर्यावरण गतिविधि के चयनित 100 सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. भागवत एवं निवर्तमान सरकार्यवाह भैयाजी जोशी ने समग्र ग्राम विकास, गौ संवर्धन, जल तथा पर्यावरण के लिए प्रयासरत संस्थाओं के द्वारा किये जा रहे कार्यों के वृत्तांत को सुना।

## मुख्यमंत्री ने छछरौली में आयोजित विजय संकल्प रैली में विपक्ष पर साधा निशाना

# घमंडिया गठबंधन के पास नहीं है नीति, नीयत और नेतृत्व : नायब



**यमुनानगर।** छछरौली में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प रैली में भाग लेते मुख्यमंत्री व अन्य नेता।

- मैं आप लोगों का भाई पहले और मुख्यमंत्री बाद में हूं : नायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि घमंडिया (इंडी) गठबंधन के पास ना तो नीति है और ना ही नीयत व नेतृत्व है। उन्होंने बुधवार को छछरौली में भाजपा द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मौके पर हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल व अंबाला लोकसभा की प्रत्याशी बंतो कटारिया समेत अन्य गणमान्य नेता मौजूद रहे। मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के पास राष्ट्र को विकसित बनाने की नीति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा प्रभावशाली नेतृत्व है और देश को समृद्ध करने के लिए साफ नीयत है। जबकि कांग्रेस का लक्ष्य झूठ और भ्रम फैलाकर सत्ता प्राप्ति करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता के माध्यम से सेवा करना है। उन्होंने रैली में पहुंचे भारी जनसैलाब से गदगद होकर सभी से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठी घोषणा करके लोगों से वोट ले लेते थे, लेकिन कांग्रेस के तीन-तीन कार्यकालों में भी लोगों के काम नहीं होते थे। चुनाव दर चुनाव कांग्रेस सिर्फ झूठे आश्वासन देकर लोगों को बरगलाती रही और वोट लेकर सत्ता का सुख भोगती रही। नायब सैनी ने उपस्थित जन समूह से अपील की कि एक-एक व्यक्ति अपना वोट देश के विकास के लिए डाले। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अपनी गिरेबान में झांकना चाहिए कि देश का लोकतंत्र खत्म करके आपातकाल किसने लगाया था। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया। तब इंदिरा गांधी ने कोर्ट का आदेश मानने से इंकार कर दिया और देश में एमरजेंसी लगा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही देश के लोकतंत्र को खतरे में डालने वाली पार्टी है। भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने उपस्थित लोगों से समर्थन मांगा व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रतन लाल कटारिया से जुड़ी स्वर्णिम यादों को सांझा किया।

बंतो कटारिया ने कहा कि आप सभी लोग एकजुट होकर 25 मई को कमल का बटन दबाकर जीत को ऐतिहासिक बनाएं। इस अवसर पर राज्यसभा के सांसद कृष्ण लाल पंवार, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद थे।

#### भाजपा सरकार की नीति व नेतृत्व स्पष्ट

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा आलाकमान ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से नवीन जिंदल को कमल का फूल देकर भेजा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे नवीन जिंदल को भारी मतों से जीत दिलाने का कार्य करे। पिछली बार उन्हें जितना वोट दिया था, उससे दो गुना ज्यादा वोटो से नवीन जिंदल दिल्ली की लोकसभा में भेजना है। वे शाहबाद में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सैनी ने कहा कि 10 वर्षो के अंदर भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य किए वो इससे पहले किसी भी सरकार ने नहीं किए। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति भी स्पष्ट है व नेतृत्व भी स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के पास कोई नीति नही है और इनके नेतृत्व का तो कुछ पता ही नही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की समस्या का एक-एक करके समाधान किया। धारा 370 को हटाया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, सावित्री जिंदल, धर्मबीर मिर्जापुर, धर्मबीर डागर, मदन मोहन छाबड़ा, रविंद्र सांगवान, उमा सुधा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गणमान्य लोग पुलिस और प्रशासन के लिए बने 'तीसरी आंख' का करेंगे काम

**मेरठ।** लोकसभा चुनाव में अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने वाले लोग अब बच नहीं पाएंगे। यूपी पुलिस ने ऐसी योजना तैयार की है, जिससे बच पाना ऐसे लोगों के लिए पूरी तरह असंभव होगा। इस योजना को 'सी-प्लान यानि पुलिस कम्युनिकेशन' नाम दिया गया है, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग पुलिस और प्रशासन के लिए 'तीसरी आंख' का काम करेंगे।

#### चंद सेकंड में सही और गलत का निर्णय होगा

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। चुनाव को देखते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अलावा भारी पुलिस बल यहां माहौल बिगाड़ने वालों से निपटेगा। अब ऐसे लोगों की चुनौती स्वीकार की है जो अफवाह या भ्रामक सूचना से माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं।

### पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने यूपी पुलिस पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव राजीव नयन मिश्रा गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी कई बड़े एग्जाम के पेपर लीक करवा चुका है और इसके लिए जेल भी जा चुका है। एडीजी क़ानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी 2024 को आयोजित कराई गई थी। एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने इसी मामले में खुलासा करते हुए एक के बाद एक कई आरोपियों की धरपकड़ की थी। अभी तक 12 आरोपी एसटीएफ की मेरठ टीम गिरफ्तार कर चुकी है।

# हेल्दी लाइफ के लिए रूल्स ना हों स्ट्रेसफुल


यह सही है कि हेल्दी और फिट रहने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में बैलेंस होना चाहिए। लेकिन इनकी वजह से हमेशा स्ट्रेस लेना और खुद की इच्छाओं को मारना भी सही नहीं है। अच्छी हेल्थ के लिए कैसे हों रूल्स, जानिए।

हेल्दी फंडा
शिखर चंद जैन



लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच हेल्थ को लेकर लोगों में जागरूकता काफी बढ़ी है। काफी लोग सुबह जल्दी उठकर वॉकिंग, जॉगिंग और एक्सरसाइज कर रहे हैं। खान-पान में परहेज बरत रहे हैं और टाइट-डाइट प्लान पर अमल कर रहे हैं। लेकिन कभी-कभी इस अनुशासित जीवनशैली से भी इंसान का मन स्ट्रेस्ड और दुखी हो जाता है, तब लगता है कि हमें दुनिया की सारी अच्छी चीजों से दूर रखा जा रहा है। ऐसे में जब अनुशासन ज्यादा लगे तो इसमें ढील देकर रिलैक्स करने में कोई बुराई नहीं।

**सुकून भी है जरूरी:** अपनी जिंदगी में हर उस चीज को दूर रखना, जो आपको पसंद है, आपको कभी स्वस्थ नहीं रख पाएगी। क्योंकि आप हमेशा दुखी और असंतुष्ट रहेंगे, इसलिए विवेकशीलता और संतुलन के साथ इन चीजों को भी शामिल रखें। जो लोग बहुत कठोर एक्सरसाइज और टेस्टलेस हेल्दी डाइट लेते रहते हैं, उनके लिए लेखिका हाना ब्रोंफमैन ने अपनी किताब 'डू व्हाट फील्स गुड- रेसिपीज, रेमेडीज एंड रूटीन टू ट्रीट योर बॉडी राइट' में लिखा है कि तन-मन स्वस्थ रखने के लिए दुनिया के तमाम हेल्थ नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने आत्मिक आनंद और सुकून का ध्यान रखना सबसे ज्यादा जरूरी है।



**फिजिकल-इमोशनल-सोशल बैलेंस जरूरी:** आप अपनी वेलनेस का टारगेट तभी अचीव कर पाएंगे, जब खुद को खुश और आनंदित रखेंगे। सही ढंग से सेहतमंद रहने के लिए जिंदगी के फिजिकल, इमोशनल और सोशल तीनों पहलुओं में संतुलन रखना होगा। आपको फिजिकली फिट रहना है तो एक्सरसाइज करें लेकिन खुद को कष्ट न दें। एंज्वॉय करते हुए डांस, स्विमिंग, बैडमिंटन, रेसिंग, वॉकिंग आदि के माध्यम से फिट रह सकते हैं। आपको चटपटी चीजें खाना पसंद हो तो जरूरी नहीं कि आप होटल रेस्तरां या स्ट्रीट फूड खाएं। आप कभी-कभी घर में अपने हाथ से ताजा चटपटी चीजें, जो शुद्ध तेल-मसालों और सब्जियों, फलों के उपयोग से बनी हो, उन्हें खा सकते हैं। आपको लोगों से मिलना-जुलना, हंसी-मजाक करना और दोस्तों के साथ अड्डा जमाना अच्छा लगता है तो जरूरी नहीं कि आप किसी बार में मिलें। इसके लिए आप किसी अच्छे रेस्तरां में डिनर, लंच या ब्रेकफास्ट पर मिल सकते हैं।

**छोटे कदम उठाएं:** वेलनेस का मूल मंत्र यह है कि आपको जानना चाहिए कि आपके लिए क्या बेस्ट है और आप खुद को स्ट्रेस दिए बिना इसे कैसे अचीव कर सकते हैं? स्ट्रेस देने वाली डाइट, एक्सरसाइज या दूसरे अनुशासन बिल्कुल काम नहीं करते। जो चीजें आपको उदास और परेशान करती हैं वे नुकसान पहुंचाती हैं। मनोचिकित्सक डॉ. संजय गर्ग का कहना है कि मन की स्थिति और विचारों का हमारे एनर्जी लेवल पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। वेलनेस कोच का मानना है कि आपको वेलनेस रिजाइम सेट करने के लिए छोटे-छोटे त्याग शुरू करने चाहिए और हर रोज छोटे छोटे कदम उठाते हुए बैड हैबिट्स को अपने रूटीन से निकालकर अच्छी आदतें विकसित करनी चाहिए।

**ऐसा हो वेलनेस रूटीन:** 80 फीसदी हेल्दी रूटीन और अनुशासन के साथ-साथ 20 फीसदी ढील खुद के मन की चीजों के लिए दें। जिम के बाहर यानी किसी पार्क, हरे-भरे स्थान या सी बीच पर रनिंग/वॉकिंग करने की आदत डालें। वेट कंट्रोल या डाइट कंट्रोल के कठिन लक्ष्य निर्धारित करके खुद को सजा न दें। हेल्दी रूटीन और डाइट पर कंट्रोल की अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को एंज्वॉय करें।

**सोशल मीडिया से प्रभावित ना हों:** कभी भी सोशल मीडिया पर दी गई सूचनाओं और जानकारियों से प्रभावित ना हों। इनमें से ज्यादातर फेक हो सकती हैं और आप को नुकसान पहुंचा सकती हैं। दूसरों की नकल करने की कोशिश भी ना करें क्योंकि हर व्यक्ति की शारीरिक क्षमता और जरूरतें अलग होती हैं। इसके लिए एक्सपर्ट से कंसल्ट जरूर करें। *

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल
सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
मैरिंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

स्पेशल:7 अप्रैल, वर्ल्ड हेल्थ-डे

हम हेल्दी लाइफ तभी जी सकते हैं, जब इसके प्रति अवेयर होंगे। इसे अपना अधिकार समझेंगे। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम-माई हेल्थ, माई राइट निर्धारित की है। इसके लिए मुख्य रूप से हमें पौष्टिक-संतुलित भोजन, स्वच्छ वातावरण और शुद्ध पेयजल को अपनाना होगा। इसके लिए हमें किन बातों पर ध्यान देना होगा, आपको जरूर जानना चाहिए।

# हेल्दी लाइफ के लिए हम समझें माई हेल्थ-माई राइट

अन्न, जल, और वायु हमारी मूलभूत जरूरतें ही नहीं, स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। लेकिन आज के दौर में अनजाने ही हम अच्छी सेहत के लिए जरूरी इन मूलभूत जरूरतों को इस्तेमाल करने के अपने अधिकार को ही दरकिनार करते जा रहे हैं। पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं में की जाने वाली छेड़छाड़ की वजह से जलवायु संकट बढ़ रहा है और प्राकृतिक संसाधन दूषित होते जा रहे हैं। फलस्वरूप इनके विशुद्ध रूप का उपयोग करने से हम वंचित हो रहे हैं। वहीं व्यस्ततम आधुनिक जीवनशैली और खान-पान की अस्वास्थ्यकर आदतों की वजह से पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन नहीं कर पा रहे हैं। जिसका खामियाजा बिगड़ती सेहत के रूप में खुद हम ही भुगत रहे हैं। इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से 'माई हेल्थ-माई राइट' का आह्वान किया है, ताकि हर व्यक्ति अच्छा पोषण, साफ-सुरक्षित पेयजल और स्वच्छ वायु जैसी मूलभूत जरूरतों का लाभ उठा सके और स्वस्थ जीवन जी सके।

## पौष्टिक-संतुलित भोजन

पोषक और संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन का आधार है। ऐसा आहार जिसमें मोटे तौर पर ये दो फूड ग्रुप्स जरूर होने चाहिए- मैक्रो न्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फैट्स) और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स)। आहार से प्राप्त पोषण न केवल रोजमर्रा की गतिविधियों को करने में हमें उर्जा प्रदान करता है, बल्कि शारीरिक-मानसिक विकास के लिए भी जरूरी है। इम्यूनिटी बूस्ट करने, इंफेक्शन से बचाने, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर करने में मदद मिलती है। व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। खासकर वेगन डाइट से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थाइरॉयड, हाई कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड जैसी क्रॉनिक डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। लेकिन आजकल की बदलती जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतों की वजह से हमारे खाने की थाली में बदलाव आए हैं। बहुधा पोषक तत्वों की कमी मिलती है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। आवश्यक संतुलित आहार लंबे समय तक न मिलने पर कुपोषण की समस्या आ जाती है, व्यक्ति की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिससे वह आसानी से कई तरह की बीमारियों का शिकार हो सकता है। इनकी कमी से कुपोषण, एनीमिया के अलावा कई बीमारियां होने की संभावना रहती है। जैसे- विटामिन ए की कमी से अंधापन हो सकता है। विटामिन डी की कमी से हड्डियां,दांत और मांसपेशियां कमजोर रह जाती हैं। वयस्कों में थकान, एनीमिया, डिप्रेशन, फैटी लीवर, ऑस्टियोपोरोसिस,उच्च रक्तचाप, दिल के रोग, कैंसर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है।



## कैसे करें बचाव

प्रोसेस्ड, जंक या फास्ट फूड के बजाय घर के बने खाने को वरीयता दें। संतुलित आहार के लिए अलग-अलग वैरायटी के खाने को शामिल करें। खाने की थाली में इस विविधता से एक तो जायका बढ़ता है, दूसरे पौष्टिक तत्वों में इजाफा भी होता है। हरेक मील में सभी फूड ग्रुप का सेवन करें यानी खाने की प्लेट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), हड्डियों आदि को मजबूती देने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिन और मिनरल) फूड्स होने चाहिए।



## शुद्ध-सुरक्षित पेयजल

पानी मनुष्य को जीवित रहने के लिए बहुत जरूरी है। यहां तक कि मानव शरीर के तकरीबन 70 प्रतिशत भाग में पानी विद्यमान होता है। एक व्यक्ति कुछ हफ़्ते तक बिना खाए रह सकता है, लेकिन पानी के बिना एक सप्ताह रहना भी मुश्किल हो जाता है। बीमारियों से दूर रहने के लिए शुद्ध-सुरक्षित पेयजल जरूरी है। लेकिन आज हमारे सामने पानी का संकट बड़ी समस्या है। इसके पीछे वनों का कटाव, बढ़ता प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और इकोलॉजिकल सिस्टम में असंतुलन मुख्य कारण हैं। दुनिया भर में पानी की कमी वाले क्षेत्रों में करीब 400 मिलियन लोग रहते हैं। करीब 6.5 अरब लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी का नियमित सेवन शरीर के समुचित संचालन के लिए आवश्यक है।



पानी शरीर को हाइड्रेटेड रखता है। पाचन-प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाता है। पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद करता है। शरीर में सोडियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन को बनाए रखता है, जो सेलुलर प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है जो तंत्रिका संचार, हृदय कार्य और मांसपेशियों के संकुचन को नियंत्रित करता है। रक्त प्रवाह (जिसमें 83 प्रतिशत पानी होता है) के माध्यम से ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाकर शरीर को पोषण प्रदान करता है। अपशिष्ट और विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकालता है। शरीर का तापमान नियंत्रण करता है।

## स्वास्थ्य पर असर

बैक्टीरिया या वायरस की वजह से प्रदूषित पानी पीने से गैस्ट्रो इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। व्यक्ति को पेट दर्द, डायरिया, उल्टियां, हैजा, टाइफायड, बुखार, हेपेटाइटिस ए जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। जल स्रोत के रसायनों या कीटनाशकों की वजह से कैंसर और हृदय संबंधी दीर्घकालिक बीमारियां होने का जोखिम रहता है।

## कैसे करें बचाव

- प्रदूषित स्थान का पानी न पिएं। पानी उबालकर पिएं।
- फिल्टर, आरो जैसे वॉटर प्यूरीफायर से शुद्ध पानी या क्लोरीन टेबलेट से साफ पानी का इस्तेमाल करें।
- वातावरण को साफ रखें, प्राकृतिक जल स्रोतों में कूड़ा न डालें। गंदा-संक्रमित पानी न पिएं। *

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

## स्वच्छ वायु भी है बहुत जरूरी



**हम सभी** को जीने, और स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ हवा की भी आवश्यकता है। लेकिन वर्तमान दौर में स्वच्छ वायु बामुश्किल नसीब होती है। वातावरण में मौजूद धूल-मिट्टी के कण, गैस, ईंधन, धुंआ , रसायन जैसे प्रदूषक तत्व हवा को प्रदूषित करते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया के 97 प्रतिशत लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं। दूषित वायु से हर 5 सेकेंड में एक व्यक्ति अपनी जान गंवा रहा है।

**स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव:** स्वच्छ वायु न मिलने पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। हवा में मौजूद प्रदूषक तत्व व्यक्ति के श्वसन तंत्र के माध्यम से शरीर तक पहुंचने लगते हैं। शरीर में आक्सीडेटिव तनाव, इंफ्लेमेशन का कारण बनते हैं। जिसकी वजह से शरीर के सभी अंगों, विशेषकर श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं। म्यूकोसल इम्यूनिटी को हानि पहुंचती है और बार-बार बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। एलर्जिक सर्दी-खांसी-जुकाम या कफ-कोल्ड की समस्या होने लगती हैं। लंबे समय तक प्रदूषित वायु के संपर्क में रहने पर व्यक्ति को कई तरह के रेस्पिरेटरी इंफेक्शन, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी, फेफड़ों में कैंसर, निमोनिया, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक का खतरा रहता है।

**कैसे करें बचाव:** घर से बाहर जाते समय यथासंभव मास्क पहनें, इंडोर एयर को स्वच्छ बनाने के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। वेंटिलेशन का पूरा ध्यान रखें। एयर सर्कुलेशन को अच्छा बनाने के लिए दिन में कम से कम 2 बार कमरे की खिड़कियां-दरवाजे खोलकर रखें। प्रदूषण-रोधी इंडोर प्लांट्स जैस- मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, आरीका पाम, रबर प्लांट, एलोवेरा लगाएं। ये पौधे कार्बनडाई ऑक्साइड और वातावरण में मौजूद जहरीली गैसों को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं। ऑक्सीजन की गुणवत्ता को बेहतर बनाकर वातावरण को साफ रखने में मदद करते हैं।

घरेलू औषधि/ रेखा देशराज

# गुणों का भंडार लहसुन

अपने देश के पारंपरिक, पारिवारिक और सदियों पुराने व्यंजन से लेकर यूरोप और अमेरिका के आधुनिक मशीन निर्मित स्नैक्स तक में लहसुन का यूज हर जगह होता है। शायद ही दुनिया में किसी और मसाले या हर्ब की इतनी मांग हो, जितनी लहसुन की है। लहसुन को प्रकृति में पाए जाने वाले सबसे गुणकारी खाद्य पदार्थों में से एक माना जाता है। एक तरफ जहां लहसुन हजारों किस्म के व्यंजनों में पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण और सुगंधित हर्ब है, वहीं दूसरी तरफ यह सैकड़ों तरह की बीमारियों में औषधि का भी काम करता है। यही वजह है कि हर कहीं कई तरह से लहसुन का सेवन किया जाता है।

**प्रमुख तत्व:** लहसुन में एलिसिन नाम का एक तत्व पाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें एक तीखी गंध और इसका तीखा स्वाद होता है। लहसुन में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे-मैगनीज, सेलेनियम, विटामिन सी, विटामिन बी6,



एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स और सल्फर यौगिक के अलावा लहसुन में एंजोइन और एलीन कंपाउंड भी पाए जाते हैं, जो इसे एक असरदार औषधि बनाते हैं। लहसुन में संक्रमण दूर करने की अदभुत क्षमता होती है।

**औषधीय उपयोग:** लहसुन में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होने के कारण यह औषधियों की खान माना जाता है। आयुर्वेद में इसको औषधियों का राजा माना गया है। लहसुन हमें खांसी और जुकाम से बचाता है। दिल की सेहत को दुरुस्त रखता है। दिमाग की कार्य प्रणाली में सुधार करता है। पाचन को बेहतर बनाता है। इम्यूनिटी बढ़ाता है। ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है।

स्किन में चमक और ताजगी लाता है। हमें कैंसर और अल्सर से बचाता है। आंतों में पल रहे परजीवियों यानी माइक्रोबियल बैक्टीरिया को मारता है। कोलाइटिस और गैसट्रोइंटेस्टटाइनल बीमारियों को रोकता है। हर दिन 2 से 3 लहसुन की कच्ची कलियां सुबह सबसे पहले खाने से अनेक फायदे होते हैं। *

अवेयरनेस
डॉ. माजिद अलीम

नेत्रहीनता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत में 1 से 7 अप्रैल के बीच 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाया जाता है। इस अवसर पर यहां बता रहे हैं कि किन सावधानियों के जरिए रोगों से होने वाले ब्लाइंडनेस को रोका जा सकता है?

# सजगता से रोक सकते हैं ब्लाइंडनेस की समस्या

एक शोध के मुताबिक अपने देश में लगभग डेढ़ करोड़ लोग दृष्टिबाधित हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो ये करीब 3 करोड़ 70 लाख हैं। देश के कुल दो तिहाई अंधे व्यक्ति आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में हैं। अंधेपन के प्रति लोगों को अवेयर करने के लिए ही 1 से 7 अप्रैल तक 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाते हैं। इसका उद्देश्य अंधता को लेकर देशवासियों में जागरूकता बढ़ाना होता है ताकि जो लोग जन्म से अंधे हैं या किसी दुर्घटना के कारण अपनी दृष्टि खो देते हैं, आम लोग उनके प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही अंधता के अन्य कारणों से खुद को बचाए रख सकें। इस साल यानी 2024 की थीम है, 'बींग सीन एंड हर्ड', 'उन्हें देखो और समझो' यानी दृष्टिबाधित लोगों की समस्याओं की अनदेखी न करो।

**अंधेपन के कारण:** जन्मजात और एक्सीडेंट में अपनी दृष्टि खोने के अलावा अंधेपन के प्रमुख कारण कुपोषण, ट्रेकोमा और मोतियाबिंद हैं। बच्चों में जहां अंधेपन का प्रमुख कारण विटामिन-ए की कमी होना होता है, वहीं बड़ों में इसका सबसे आम कारण मोतियाबिंद और ग्लूकोमा है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष ग्लूकोमा या मोतियाबिंद से जितने लोग प्रभावित होते हैं, उनमें करीब 68 फीसदी भारतीय होते हैं। आंखों में असंतुलित दबाव का नतीजा ग्लूकोमा रोग होता है। आज भी प्रत्येक वर्ष एक लाख से सवा लाख भारतीय इस बीमारी से दृष्टि खो रहे हैं। आमतौर पर ग्लूकोमा का पता तब लगता है, जब बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए अकसर इसके शिकार लोगों की दृष्टि को बचाना मुश्किल हो जाता है। ग्लूकोमा को काला मोतिया भी कहते हैं। इसके चलते अचानक किसी दिन किसी आंख से दिखना बंद हो जाता है। अगर उसी समय योग्य डॉक्टर के पास पहुंच गए तो ग्लूकोमा का निदान संभव है। देर होने पर रोशनी जा सकती है।



**क्या है ग्लूकोमा:** ग्लूकोमा दृष्टि संबंधी ऐसा रोग है, जिसके शुरुआती लक्षण कभी भी नजर नहीं आते, क्योंकि इसमें अपरिवर्तनीय रूप से दृष्टि के नष्ट होने के प्रमुख कारण या चिह्न प्रदर्शित नहीं होते। आंख की कार्यक्षमता एक तरल पदार्थ की निकासी पर निर्भर करती है। इसे एक्यूअस हूमर के नाम से जाना जाता है। ग्लूकोमा के कारण या तो इस तरल पदार्थ के उत्पादन में स्थायी वृद्धि होती है या बेहद कमी हो जाती है। इस असंतुलन के कारण आंख पर पड़ते दबाव में वृद्धि होती है, जिससे रोशनी रिसीव करने वाली नस के लिए खून की सप्लाई कम हो जाती है, जिससे यह नस नष्ट हो जाती है और व्यक्ति को दिखाई देना कम होने यानी दृष्टिदोष और अंधेपन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें जीवनभर देखभाल और उपचार करवाने की जरूरत होती है। आंख के दबाव को नियंत्रण में रखने के लिए कोई स्थायी उपचार नहीं है।



**ऐसे होती है जांच:** ग्लूकोमा की शुरुआती पहचान के लिए तीन तरह की जांच प्रक्रिया होती है- टोनोमीटर द्वारा नेत्र दबाव की माप, ऑप्टिक डिस्क-नेत्र बिंब परीक्षण और दृष्टि के बाहरी क्षेत्र की जांच के लिए विजुअल फील्ड्स की जांच।

**ग्लूकोमा के लक्षण:** थिएटर जैसे अंधकारमय जगह पर देखने में असहजता। नजर के चश्मे के नंबर में जल्दी-जल्दी बदलाव। आंखों की बाहरी दृष्टि का कम होना। सिरदर्द, आंखों में कुछ भाग से दिखाई न देना। प्रकाश के पास इंद्रधनुषी छवि दिखना। आंखों में तेज दर्द, चेहरे में भी दर्द। वमन और जी मिचलाना। दृष्टि पटल पर अंधेरे का अहसास। आंखों में लाली। प्रकाश के चारों तरफ चमक के साथ धुंधली दृष्टि।

**उपचार के तरीके:** ग्लूकोमा का समय पर उपचार दृष्टि को और अधिक बिगड़ने या अंधेपन से बचा सकते हैं। इसके उपचार में आई ड्रॉप्स, दवाइयां, लेजर उपचार, एर्गोन लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, सेलेक्टिव लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, ड्रेनेज इंप्लांट सर्जरी आदि शामिल हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसके एक बार उभरने के बाद इसे पूरी तरह से ठीक कर पाना तो संभव नहीं है, लेकिन इसका प्रबंधन किया जा सकता है। सर्जिकल ट्रीटमेंट के अंतर्गत वह प्रक्रिया की जाती है, जहां एक ऐसा ओपन एरिया बनाया जाता है, जिसमें आंख के तरल पदार्थ के लिए नया जल निकासी मार्ग बनाया जाता है। इससे आई प्रेशर कंट्रोल में रहता है और आंखें सुरक्षित रहती हैं। *



**लोकसभा क्षेत्र**
दमोह

1 भाजपा प्रत्याशी
राहुल लोधी

2 कांग्रेस प्रत्याशी
तरवर लोधी

**पिछली बार कौन जीता**
प्रह्लाद पटेल

जीत का अंतर
3 लाख 53 हजार 411

### क्या रहेंगे मुद्दे?

दूसरे लोकसभा क्षेत्रों की तरह दमोह में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का ज्यादा असर है। भाजपा राम लहर के सहारे है। कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक और हिंदू- मुस्लिम राजनीति का भी पार्टी को सहारा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों और योजनाओं का प्रचार लोगों के बीच किया जा रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय यात्रा के साथ पार्टी द्वारा घोषित गारंटियों के सहारे मैदान में है। कांग्रेस ने बुंदेलखंड की खजुराहो सीट सपा को समझौते में दी है। इसकी वजह से काफी तादाद में यादव मतदाता कांग्रेस की ओर जा सकता है। हालांकि मप्र में यादव चेहरा स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं।

## कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए राहुल उप चुनाव में पराजित, जीत की राह में इस बार भी अड़चन बने कांग्रेस के तरवर

# दमोह में दो संबंधियों में सीधा मुकाबला, दोनों हार चुके विस चुनाव

*बुंदेलखंड अंचल की दमोह लोकसभा सीट का मुकाबला इस मायने में रोचक है कि भाजपा और कांग्रेस से दो खास मित्र और संबंधी आमने- सामने हैं। ये हैं भाजपा के राहुल लोधी और कांग्रेस के तरवर लोधी। 2019 में दोनों कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीत कर विधायक बने थे। डेढ़ साल बाद ही राहुल दल बदल कर भाजपा में चले गए, लेकिन उप चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। अब वे पार्टी की ओर से लोकसभा के प्रत्याशी हैं। तरवर भी 2023 का विधानसभा चुनाव हार गए थे और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे राहुल की जीत की राह में अड़चन हैं। दोनों संबंधी हैं और अच्छे पुराने मित्र भी। इसलिए भी सभी की नजर इस चुनाव पर है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

भाजपा का नारा है 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास', जबकि कांग्रेस कहती है 'कांग्रेस का हाथ, सबके साथ', लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र में दोनों दलों के प्रत्याशियों पर दृष्टि डालने से पता चलता है कि यह महज नारे हैं, वास्तविकता से इनका कोई नाता नहीं। दमोह क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता लोधी समाज के हैं, इसलिए दोनों दलों ने अपने प्रत्याशी इसी समाज से उतारे हैं। भाजपा से राहुल लोधी और कांग्रेस से तरवर लोधी।

साफ है कि अब भी चुनावों में जातिवादी राजनीति का ही डंका बजता है और हर दल इस


राहुल लोधी


तरवर लोधी

दलदल में धंसा है। 2004 से 2019 तक इस सीट से भाजपा के लोधी प्रत्याशी चुनाव जीतते आ रहे हैं। 2004 में चंद्रभान सिंह लोधी, 2009 में शिवराज सिंह लोधी, 2014 और 2019 में प्रहलाद पटेल चुनाव जीते, सभी इसी समाज से हैं। इस बार फिर भाजपा ने लोधी प्रत्याशी दिया है तो कांग्रेस ने भी लोधी मैदान में उतार दिया है। लोकसभा चुनाव में असर की दृष्टि से भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी इस नाते बराबरी पर हैं कि दोनों विधानसभा का एक-एक चुनाव हारने के बाद लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी राहुल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं, इसलिए उनसे कांग्रेसी चिढ़े हैं ही, भाजपा के अंदर भी उनका विरोध है। पर दमोह क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी का चेहरा हैं, इसका उन्हें फायदा मिलता दिख रहा है। राहुल को लेकर व्यक्तिगत विरोध अब तक समाप्त नहीं हुआ, लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र भाजपा के मिजाज वाला है, इसका लाभ उन्हें मिल सकता है। दूसरी तरफ कांग्रेस के तरवर लोधी का कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है। दो विधानसभा क्षेत्रों बंडा और मलेहरा में उनका खास असर है, लेकिन कांग्रेस की बुरी हालत और विधानसभाओं में कम ताकत का उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा की 8 में से 7 सीटों पर भाजपा

विधानसभा सीटों के लिहाज से ताकत में भाजपा बहुत भारी दिखती है। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा और सिर्फ एक सीट पर कांग्रेस काबिज है। कांग्रेस की रामसिया भारती सिर्फ मलेहरा से विधायक हैं। ये भी लोधी समाज से हैं। दूसरी तरफ क्षेत्र की देवरी, रेहली, बंडा, पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा में भाजपा का कब्जा है। वोटों के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस ने मलेहरा में 21 हजार 532 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा की सात सीटों में जीत का अंतर 2 लाख 77 हजार से ज्यादा है। लगभग ढाई लाख वोटों के अंतर को कांग्रेस कैसे कवर पाएगी, यह बड़ा सवाल है। हालांकि इनमें से गोपाल भार्गव और जयंत मलैया ने रेहली और दमोह में ही 1 लाख 24 हजार से ज्यादा की लीड ली है। भाजपा के राहुल को यह लीड मिलना मुश्किल है।

### लोधी, अजा, कुर्मी, यादव समाज का दबदबा

दमोह लोकसभा सीट लोधी बाहुल्य मानी जाती है। हालांकि यहां सबसे ज्यादा 5 लाख से ज्यादा वोट अनुसूचित जाति वर्ग के हैं। लोधी समाज के मतदाताओं की तादाद तीन लाख के आसपास बताई जाती है। इनके दम पर ही यहां से लोधी समाज से सांसद बनता आ रहा है। हालांकि कुर्मी समाज के रामकृष्ण कुसमारिया भी दमोह से चार चुनाव जीते। क्षेत्र में कुर्मी समाज के मतदाताओं की तादाद डेढ़ लाख बताई जाती है। यादव मतदाता भी कुर्मियों के बराबर लगभग डेढ़ लाख ही हैं, लेकिन इस समाज से कभी सांसद नहीं बना। क्षेत्र में ब्राह्मण लगभग 1 लाख और जैन समाज के मतदाता करीब 50 हजार बताए जाते हैं। यह भी चुनाव में अपनी भूमिका निभाते है। दलों की नजर सभी समाजों पर लगी हुई है।

### तीन जिलों में फैला है दमोह लोकसभा क्षेत्र

दमोह लोकसभा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से प्रदेश के तीन जिलों तक फैला है। इसके तहत दमोह जिले की चार विधानसभा सीटें पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा आती हैं तो सागर जिले की तीन सीटें रेहली, बंडा और देवरी। एक विधानसभा सीट मलेहरा छतरपुर जिले में है, यह भी दमोह लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। तीन जिलों में बंटा होने के कारण इस क्षेत्र में किसी एक नेता का असर नहीं है। इसका नतीजा यह कि यहां से बाहरी नेता भी जीतते रहे। 2014 और 2019 का चुनाव जीते प्रहलाद पटेल भी यहां के नहीं, नरसिंहपुर जिले के निवासी हैं। इस बार भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी क्षेत्र से, एक ही समाज के और आपस में मित्र एवं रिश्तेदार हैं। वहीं यह सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है।

### लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता

आजादी के बाद 1951-52 में जब पहली बार लोकसभा के चुनाव हुए थे तब देश में कुल मतदाताओं की संख्या 17 करोड़ 32 लाख 13 हजार 635 थी। जब 18वीं लोकसभा का चुनाव संपन्न होने जा रहा है, इस दौरान मतदाताओं की संख्या 9 फरवरी 2024 को चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 97 करोड़ से अधिक है। जिसमें 66.76 फ़ीसदी युवा मतदाता है। मतदाताओं की कुल संख्या में 6 फ़ीसदी नए मतदाता जुड़े हैं। इसी प्रकार लैंगिक अनुपात भी 2019 के 940 के मुकाबले 948 हो गया है। मप्र में 2019 में चार चरण में मतदान हुआ था तथा मतगणना 23 मई को पूरे देश में एक साथ हुई थी। उस दौरान मध्य प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 5,18,67,474 थी। जबकि इस बार मतदाताओं की संख्या 5,65,12,735 है। जिनमें पुरुष मतदाता 2,90,30,451, महिला मतदाता 2,74,81,067 तथा 1217 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

**जो हो न सका...**

## भूमि आवंटित, कंपनी निरीक्षण के लिए आई लेकिन डेवलप नहीं हो पाया आईटी पार्क

मध्य प्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र के सहयोग से देश के जाने माने आईटी पार्क की तरह भोपाल में भी एक प्लानिंग बनी थी। इसके लिए सीहोर नाके के पास भूमि का आवंटन कर डेवलपमेंट और आईटी कंपनियों की मीट भी हो गई, लेकिन आईटी पार्क मूर्तरूप पूरी तरह से नहीं ले पाया।

यहां बोर्ड भी लगा है आईटी पार्क के नाम से और लोकसभा चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार इस आईटी पार्क को लेकर बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन केंद्र सरकार के सहयोग से आईटी कंपनियां यहां स्थापित नहीं करवा पाता है। आईटी पार्क बनने के बाद भी कुछ कंपनियों ने भूमि खरीदकर काम शुरू किया, लेकिन कंपनी चालू नहीं हो पाई। आईटी से संबंधित भोपाल के युवाओं का कहना है कि हर बार चुनाव के दौरान आईटी कंपनियों स्थापित करवाने की बात आती है, लेकिन एक भी आईटी कंपनी नहीं आ रही है।

जो भी युवा आईटी पास आउट है, वो बैंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और चैन्नई शहर की तरफ भाग रहा है। अच्छी कंपनी नहीं होने के कारण एक भी युवा राजधानी भोपाल में नहीं रुक पा रहा है। यहां के युवाओं का कहना है कि भोपाल का आईटी पार्क अगर पूरी तरह से विकसित हो जाए तो संभव है कि 25 प्रतिशत युवा इन शहरों की तरफ न भागें।

**कोरोना काल के बाद बनी थी उम्मीद**



कोरोना काल के बाद युवाओं के लिए खुशखबरी थी कि आईटी पार्क में जल्द ही 44 कंपनियां काम शुरू करने वाली हैं। इस आईटी पार्क में करीब 9 हजार युवाओं को रोजगार मिलने का अनुमान लगाया जा रहा था। इसके बाद 35 आईटी कंपनियों ने जमीन तो खरीद ली, लेकिन इनका काम चालू नहीं हुआ। अब तो युवा कहने लगे हैं कि दूसरे प्रोजेक्ट की तरह यह भी नहीं हो सका।

**चाय पे चर्चा**

▶▶ अशोका गार्डन के परिहार चौराहा स्थित साईंकृपा टी-स्टॉल पर हुई चर्चा

## वोट देने वाले अभी चुप हैं, सुन सबकी रहे, करेंगे मन की...

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शहर की हर गली, मोहल्ले में चर्चाओं का दौर गरम है। गर्मी के मौसम में जहां प्रत्याशियों ने चर्चाओं के तरीके बदले हैं, वहीं मतदाताओं ने भी चर्चाओं के स्थान ऐसे चुनने शुरू कर दिए हैं, जो सार्वजनिक हैं और हर वर्ग की पहुंच और पसंद के हैं। शहर में चाहे चाय की दुकान हो या जूस का सेंटर, सभी जगह लोगों के बीच कहीं न कहीं बातें चुनाव आधारित ही सुनाई दे रही हैं।

ऐसी ही एक चर्चा में अशोका गार्डन, परिहार चौराहा स्थित साईंकृपा टी-स्टॉल पर भी सुनाई दी। यहां अनूप सिंह सिकरवार, मनीष वर्मा, प्रकाश सोनी और मोंटी सहित कुछ लोगों का कहना था कि चुनाव का माहौल अब धीरे धीरे हर दिन गरम हो रहा है, लेकिन वोट देने वाले अभी चुप हैं, वे सुन सबकी रहे हैं, पर अंत में करेंगे मन की ही। हां, एक बात अवश्य है कि चुनाव हर बार मुद्दा आधारित ही रहा है तो ऐसे




में इस बार भी मुद्दा आधारित होगा। शहर में विकास और रोजगार के हालात सबसे सामने हैं।

अपने-अपने क्षेत्र में जिसने जो किया, वह किसी से छिपा नहीं है, ऐसे में भले ही कोई राजनैजिक पार्टी कुछ कहे, लेकिन मतदाता इन बातों को कहीं न कहीं ध्यान में रखेगा ही। पिछले बार भी प्रमुख पार्टियों में शामिल भाजपा और कांग्रेस के बीच ही असल मुकाबला था, जो इस बार भी होगा। शेष पार्टियों के उम्मीदवार भी पूरी मेहनत कर रहे हैं, तो उन्हें भी उनकी मेहनत के परिणाम मिलेंगे।

**फर्स्ट टाइम वोटर**

### भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, विकास के मुद्दों पर निर्भर करेगा वोट

इस बार मैं लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करूंगी। मेरा वोट भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दों पर निर्भर करेगा। जो सरकार इन मुद्दों पर बेहतर काम करेगी, उसी के प्रत्याशी को अपना वोट दूंगी। जैसी सरकार हम चुनेंगे, देश का विकास वैसा ही होगा। हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करके मतदान प्रतिशत को बढ़ाना चाहिए। मतदान करना हम सब भारतीयों का कर्तव्य भी है।



**शिवांगी पटेल**, युवा मतदाता

### मैं मतदान करूंगा और लोगों को भी इसके लिए करूंगा जागरूक

लोकसभा चुनाव में इस बार मैं मतदान करूंगा और इसके साथ ही लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करूंगा। सभी लोगों को मतदान करना चाहिए, क्योंकि यह हमारा अधिकार होने के साथ ही देश के प्रति कर्तव्य भी है। हमारे मतदान से वह सरकार सत्ता में आती है, जो देश का बेहतर विकास करेगी। हमें उम्मीद है कि इस बार जो भी सरकार सत्ता में आएगी, वह युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के बेहतर अवसर लाएगी, क्योंकि देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



**देवेंद्र कुमार पटेल**, युवा मतदाता

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, 13 माओवादियों के शव बरामद, घटनास्थल से भारी मात्रा में विस्फोटक मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचोली व लेंड्रा के जंगल में बीते दिनों हुई जबरदस्त मुठभेड़ में पुलिस ने 3 महिला समेत 13 नक्सलियों को मार गिराया है।

घटनास्थल से पुलिस ने एलएमजी, 303 रायफल, बीजीएल लांचर एवं भारी मात्रा में विस्फोटक सामान के साथ नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। हालांकि मारे गए नक्सलियों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिले में चलाए जा रहे नक्सली विरोधी अभियान के तहत सोमवार को नक्सलियों की पीएलजीए कंपनी नम्बर 2 कमांडर वेल्ला, गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोडियम व अन्य 70 से 100 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बस्तर फाइटर एसटीएफ कोबरा 210, 205, 202 व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी अभियान पर निकली हुई थी। सर्च अभियान के दौरान मंगलवार की तड़के 6 बजे कोरचोली व लेंड्रा के जंगल में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। करीब 12 घण्टे



चली मुठभेड़ थमने के बाद सर्चिंग में 3 महिला समेत 13 नक्सलियों के शव व हथियार 1 नग 7.62 एलएमजी -58 राउंड, 1 नग 303 रायफल -39 राउंड, 12 बोर सिंगल शॉट 1 नग, बीजीएल लांचर 3 नग - 17 सेल, एयर गन 2 नग, विस्फोटक - हेण्ड ग्रेनेड 1, यूबीजीएल सेल 1, टिफिन बम 7 नग, जिलेटिन स्टीक कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक वायर, उपकरण -लेपटॉप, डीव्हीडी राइटर, वॉकीटॉकी व नक्सली वर्दी, पिट्ठू, सोलर प्लेट, नक्सली प्रचार प्रसार की सामग्री नक्सली साहित्य व रोजमर्रा के सामान बरामद किया गया हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पंचनामा व अन्य विधिक कार्रवाई कर रही है।

### हरदा पटाखा फैक्ट्री मालिक की अचल संपत्ति की हुई नीलामी

**भोपाल।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के पालन में मंगलवार को हरदा के पटाखा ब्लास्ट के आरोपी राजेश पिता नंदलाल एवं सोमेश पिता नंदलाल अग्रवाल की संपत्तियों की नीलामी हुई। जिस सम्पत्ति की मंगलवार को बोली नहीं लगाई गई, उसकी नीलामी 7 दिनों में की जाएगी। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों की अचल सम्पत्ति का मूल्य 69 लाख 41 हजार 984 रुपए है। इनके लिए 2 करोड़ 65 लाख 42 हजार रुपए की बोली लगी। वहीं दो संपत्तियों की नीलामी नहीं हो सकी।

### भाजपा सरकार में यहां का परिदृश्य बदला है, कांग्रेस में इच्छाशक्ति नहीं थीः सीएम

# अब बदलते दौर का भारत है, ये बदलते दौर का मप्र है

### रीवा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की 3 प्रतिमाएं स्थापित की गईं, जो शालिग्राम के पत्थरों से बनाई गई। प्रतिमा में भगवान श्रीराम मुस्कुराते हुए सबसे अच्छे दिखे, अयोध्या में उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई। उन्होंने कहा कि हमने 17 लाख पुराने इतिहास को नहीं देखा है, केवल सुना है, लेकिन जब पाषाण की प्रतिमा इतनी सुंदर हो सकती है तो 17 लाख साल पहले प्रभु श्रीराम का दिव्य, भव्य, दर्शन कैसा हुआ होगा। हमारी सनातन संस्कृति ने कैसे हजारों-लाखों सालों से अपने हृदय के अंदर अपने देवताओं को विराजित किया होगा, हम सब सौभाग्यशाली हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार रीवा में पार्टी प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के समर्थन में जनसभा को



संबोधित कर रहे थे। सभा में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 700 से ज्यादा जिले, 142 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले देश में 22 करोड़ लोगों को पक्का घर दिए हैं। जिनका अपना स्वयं का घर पूरे हिन्दुस्तान में नहीं है। ऐसा उदाहरण भाजपा ने प्रस्तुत किया है। ये बदलते दौरा का भारत और बदलते दौर का मप्र है।

### पूरे देश में सबसे ज्यादा कृषि विकास दर मध्यप्रदेश की, ये हमारी पहचान है

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने केवल वोट लेकर सरकार बनाई। सरकार बनाकर मौजमस्ती करने का काम किया। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी, यहां का पुरा परिदृष्य बदल गया, पहले रीवा छोटी सी तहसील से जाना जाता था, आज हर कोई लालायित रहता है कि काश मेरा संबंध रीवा से हो और मेरा घर रीवा संभाग में हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में सबसे ज्यादा कृषि विकास दर मध्यप्रदेश की है, ये हमारी पहचान है और ये हमारे काम करने का तरीका है। जब यहां के किसानों की जिंदगी बदलेगी तो यहां का पूरा परिदृश्य बदल जाएगा। ये पूरा प्रदेश कृषि आधारित है। किसानों को केवल पानी और बिजली चाहिए। जैसे सीमा पर जवान, अपनी जान लगाकर खड़ा रहता है। वैसे खेत में किसान उसकी बराबरी करता है। लोगों को अन्न देता है।

## हाथी के कुचलने से पूर्व महिला सरपंच की मौत, परिजनों को 25 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

रामानुजगंज वन परिक्षेत्र रामानुजगंज के अंतर्गत ग्राम चिनिया शिवपुरी जंगल में घर से करीब 1 किलोमीटर दूरी पर पूर्व महिला सरपंच जंगल में महुआ बीनने मंगलवार के सुबह करीब 8 बजे गई थी। वहीं अन्य लोग भी महुआ बीनने गए थे। इसी दौरान हाथियों के झुंड ने महिला को कुचलकर मार डाला।

महिला का शव मंगलवार देर शाम करीब 7:30 बजे ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से खोजने दौरान मिल पाया। घटना की सूचना पर विवेकानंद झा उपवनमंडला अधिकारी अशोक तिवारी, रेंजर संतोष पांडे सहित वन अमला मौके पर पहुंचा। मृतका के परिजनों को वन विभाग द्वारा तात्कालिक 25000 की सहायता राशि प्रदान की गई।

पूर्व सरपंच कलावती देवी पति लक्ष्मण सिंह मंगलवार सुबह 8 बजे के करीब अपने घर से दक्षिण की ओर करीब 1 किलोमीटर दूरी पर महुआ बीनने गई थी वहीं अन्य लोग भी महुआ बीनने गए थे, जब लोगों को पता चला कि इस रास्ते से हाथी गुजारा है तो सब वहां से धीरे-धीरे चल दिए, वहीं कलावती महुआ बीनती रही, जो हाथी के चपेट में आ गई। हाथी ने महुआ बीनने के स्थल से करीब 100 मीटर के दूरी पर घसीटते हुए महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला को महुआ बीनने के बाद 3 बजे तक घर लौट जाना था। जब



वह घर नहीं लौटी तो पति लक्ष्मण सिंह एवं अन्य लोग खोजने गए तो पता नहीं चल पाया। इसके बाद शाम 6 बजे से ग्रामवासी खोजना शुरू किया तो 7:30 के करीब महिला का शव महुआ बीनने गए पेड़ से 100 मीटर की दूरी पर झाड़ी में मिला। जिसकी तत्काल सूचना वन विभाग को की गई। घटनास्थल डीएफओ विवेकानंद उपवन मंडल अधिकारी अशोक तिवारी, रेंजर संतोष पांडे सहित वन अमला मौके पर पहुंचा और मृतका के परिजनों को तात्कालिक 25000 की सहायता राशि वन विभाग की ओर से प्रदान की गई।

## चिंतन

# वाणिज्यिक तेल भंडार से ऊर्जा सुरक्षा और बढ़ेगी

एक तरफ जहां भारत वैकल्पिक और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से नीतिगत और औद्योगिक कदम बढ़ा रहा है, वहीं ऊर्जा सुरक्षा व निर्भरता हासिल करने के लिए वह अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक कच्चा तेल भंडारण भी बनाने जा रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए किफायती व प्रचूर ऊर्जा उपलब्धता जरूरी है। भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। भारत दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। सरकार की योजना कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने की है। आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन), कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं। पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है। पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी। पादुर-दो का संचालक तेल भंडारण की इच्छुक किसी भी तेल कंपनी को भंडारण क्षेत्र पट्टे पर देगा और उसके लिए शुल्क लेगा। तेल का भंडारण करने वाली कंपनियां इसे घरेलू रिफाइनरी कंपनियों को बेच सकती हैं, लेकिन आपात स्थिति में तेल के इस्तेमाल पर पहला अधिकार देश का होगा। भारत अपनी 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। ऐसे में आपूर्ति में व्यवधान या युद्ध जैसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में रणनीतिक भंडार का उपयोग किया जा सकेगा। अमेरिका, चीन, जापान, यूके आदि देश भी इमरजेंसी की स्थिति के लिए तेल का भंडारण करते हैं। भारत के पास रणनीतिक तेल भंडार बहुत पहले से है और वो काफी सुदृढ़ है। इससे समय समय पर तेल की आपूर्ति भी बाजार को की गई है। स्ट्रेटेजिक के साथ वाणिज्यिक तेल का भंडारण करना सरकार की अनूठी पहल है। सरकार व निजी कंपनियां मिल कर कच्चे तेल का एक भंडार अपने पास रखती हैं, इसका इस्तेमाल इमरजेंसी में किया जाता है। जैसे युद्ध या प्रतिबंध जैसे हालात। इसी भंडार को रणनीतिक तेल भंडारण कहा जाता है। 1973 के तेल संकट के बाद भविष्य में इस तरह के संकटों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की स्थापना की गई थी, इसके सभी सदस्य देशों के लिए 90 दिनों का तेल का भंडार रखना अनिवार्य है। भारत के पास आपात स्थिति से निपटने के लिए करीब 3.7 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडार है।

# रेपो दर यथावत रहने के आसार



मौद्रिक समीक्षा
सतीश सिंह

**जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5 .10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5 .69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है। लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है।**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 12 मार्च 2024 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के ताजे आंकड़े जारी किए, जिसके अनुसार फरवरी 2024 में खुदरा महंगाई मामूली रूप से घटकर 5.09 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले 4 महीनों का सबसे निचला स्तर है। जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5.10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5.69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है।

किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। दुनिया के अधिकांश देशों में अभी भी महंगाई दर बहुत ही ज्यादा है, वहीं कुछ देशों में महंगाई के स्तर में कमी आई है, जिसका मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कमी आना और आपूर्ति श्रृंखला के राह की बाधाओं में कमी आना है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के कुछ देशों में महंगाई 100 प्रतिशत से 250 प्रतिशत तक है। अर्जेन्टीना दुनिया में सबसे ज्यादा महंगा देश है, जहां महंगाई दर 254 प्रतिशत है। वहीं, लेबनान दूसरे स्थान पर है, जबकि वेनेजुएला तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान 28.3 प्रतिशत महंगाई दर के साथ दुनिया के शीर्ष 10 देशों में शामिल है, जबकि बांग्लादेश में महंगाई दर 9.86 प्रतिशत है।

हालांकि, विकसित देशों में महंगाई दर में कमी आ रही है। इंग्लैंड में महंगाई दर 4.0 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में यह 3.1 प्रतिशत है। फ्रांस में भी महंगाई दर 3.1 प्रतिशत है और जापान में यह 2.6 प्रतिशत है। वहीं, थाईलैंड में दुनिया में सबसे कम महंगाई दर माइनस 1.11 प्रतिशत है,जबकि चीन में महंगाई दर माइनस 0.8 प्रतिशत है, जो कम महंगाई दर के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। भारत कम महंगाई के मामले में दुनिया में 17वें स्थान पर है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 13 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार रही थी। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रही थी। फिर, 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर 4 प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बनी रही थी। वित्त वर्ष 2024-




25 में राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी हुई है और आगामी महीनों में भी कर और गैर कर राजस्व संग्रह में तेजी आने की संभावना है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह भी विगत 6 महीनों से लगातार 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर के स्तर पर बना हुआ है, इसलिए माना जा रहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार उधारी कम लेगी।


लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है। दो अप्रैल को जारी की गई एचएसबीसी इंडिया पीएमआई आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण आंकड़ा मार्च 2024 में 59.1 के स्तर पर पहुंच गया है, जो विगत 16 सालों यानी 2008 के बाद का उच्चतम स्तर है। फरवरी महीने में यह 56.9 के स्तर पर रहा था। अक्तूबर 2020 के बाद से उत्पादन और नए ऑर्डर में तेज वृद्धि की वजह से यह 59.1 के स्तर पर पहुंच सका है। इतना ही नहीं लगातार 33वें महीने विनिर्माण पीएमआई 50 के स्तर से ऊपर रहा है। गौरतलब है कि 50 से ऊपर का स्तर विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार का संकेतक है, जबकि 50 से कम का स्तर संकुचन का। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और इसके लिए भी रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दें। महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। फिर भी, एचएसबीसी इंडिया पीएमआई के आंकड़ों का 59.1 के स्तर पर पहुंचना आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का सूचक है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा, जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, केयर एज रेटिंग एजेंसी के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत रह सकती है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 14.0 प्रतिशत या 14.5 प्रतिशत रह सकती है। मौजूदा परिवेश में, रिजर्व बैंक रेपो दर को बढ़ाकर विकास दर को कम नहीं करना चाहता है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद थोड़ी ज्यादा है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है, क्योंकि मंहगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है, ताकि आम आदमी को परेशानी भी न हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे, इसलिए रिजर्व बैंक 5 अप्रैल को रेपो दर में न तो कटौती करेगा और न ही वृद्धि।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



चंडीगढ़ का रॉक गार्डन दुनिया के सबसे ज्यादा फेमस गार्डंस में शुमार है। देश के मशहूर रॉक आर्टिस्ट नेकचंद ने वेस्ट मैटीरियल से करीब 40 एकड़ में इस गार्डन को तैयार किया था। नेकचंद ने 1957 में यह नेक पहल की। 18 साल के प्रयास के बाद इस रॉक गार्डन को तैयार कर सके।

दरकार
आशीष वशिष्ठ




# चुनाव में पर्यावरण हो मुद्दा

अठारहवीं लोकसभा के निर्वाचन के लिए चुनाव का शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक दलों द्वारा वादों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसे में मतदाता उसी तरह भ्रमित हैं जैसे किसी शापिंग मॉल में चारों तरफ लगे डिस्काउंट सेल के इश्तहार देखकर होता है, लेकिन वादों के इस मौसम में आई एक खबर ने हर उस व्यक्ति को परेशान कर दिया जिसे अपने साथ -साथ अपनी संतानों के भविष्य की भी चिंता है। चुनाव आते ही नेताओं की रैलियां, भाषण, बड़े-बड़े वादे शुरू हो जाते हैं, परन्तु जो असल मुद्दे हैं उन पर कोई वादे नहीं होते। वर्तमान में हवा में प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लोगों को टीबी तथा श्वास की बीमारियां हो रही हैं, फिर भी लोग मजबूर हैं ऐसे हालात में जीने के लिए। चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है जहां प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। लगातार वैज्ञानिक वायु प्रदूषण के घातक प्रभाव हमारे समक्ष रख रहे हैं, परन्तु किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा। आंकड़े बताते हैं कि हम पूरे साल वायु प्रदूषण की चपेट में जीवन जीते हैं। बरसात के वक्त जरूर हमें इससे कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शेष समय इसके साथ रहना ही पड़ता है। इस प्रदूषण का बड़ा कारण कारखानों और वाहनों से निकलता धुआं है। प्रदूषण पर नियंत्रण करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। देश में होने जा रहे आम चुनाव में भी प्रदूषण मुद्दा नहीं है। राजनीतिक दल इस पर चर्चा भी नहीं कर रहे। आम आदमी को प्रदूषण को लेकर सरकारों से सवाल करने होंगे। राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनाना होगा कि चुनावी एजेंडे में साफ हवा-पानी को भी शामिल किया जाए। देश के 9 शहर प्रदूषण के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विश्व के शीर्ष 50 प्रदूषित शहरों में से 43 शहर तो भारत के ही हैं। प्रदूषण की स्थिति को लेकर हम दुनिया में नौवें नंबर पर हैं। ये आंकड़े डराते हैं। आखिर हम किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हम साफ हवा में सांस भी नहीं ले सकते हैं? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या बिगड़े हुए हालात के लिए कहीं हम खुद ही तो जिम्मेदार नहीं हैं? सबसे दुखदायी आंकड़ा ये है कि भारत की 96 फीसदी आबादी की सांसों में प्रदूषित हवा प्रवाहित हो रही है। ये कहना भी गलत नहीं होगा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव है। ऐसे में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे मुद्दे राजनीतिक विमर्श में शामिल क्यों नहीं होते? पंजाब के किसान जो पराली जलाते हैं उसकी वजह से दिल्ली सहित समीपवर्ती बड़े इलाके पर धुएं की चादर बिछ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय तक इस मामले में सख्ती दिखा चुका है। आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में आई तब वह पराली के लिए पंजाब को कसूरवार ठहराया करती थी किंतु जैसे ही वहां सरकार बनी उसकी शिकायत खत्म हो गई। समय की मांग है इस बारे में नई सोच विकसित की जाए ताकि दुनिया के विकसित देशों की कतार में शामिल होने के साथ ही भारत एक स्वच्छ और प्रदूषण रहित देश के रूप में भी जाना जाए। नेताओं को यह मालूम है कि वोट प्रदूषण के मुद्दे पर नहीं मिलेंगे, बल्कि जाति, धर्म, आरक्षण आदि के मुद्दों पर मिलेंगे। प्रदूषण सीधे जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है, लेकिन चुनावी मुद्दा नहीं बनता। स्वच्छ भारत मिशन की तरह ही स्वच्छ हवा मिशन का नारा बनना चाहिए। देखना ये है कि कोई पार्टी इसे अपने घोषणापत्र में शामिल करती है या नहीं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की याचना नहीं करता



संकलित
दर्शन

सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की भी याचना नहीं करता है। मन में मुक्ति की भी लेशमात्र इच्छा शेष रहते हुए वह अपने आपको प्रभु का सच्चा भक्त नहीं कह सकता है। मुक्ति की कामना सात्विक कामना होते हुए भी भक्त मुक्ति का दास बन जाता है। उसमें अभी स्वार्थ बाकी है; अत वह अपने को नैष्ठिक ईश्वर प्रेमी नहीं कह सकता है। अभी तक उसने परिपूर्ण और निशेष समर्पण नहीं किया है। मुक्ति की याचना एक प्रकार का दंभ ही है। क्या कोई सच्चा भक्त यह जानते हुए भी कि भगवान करुणा और दया के सागर हैं, उनसे कुछ याचना कर सकता है? वास्तविक भक्त कभी किसी बात के लिए भगवान से शिकायत नहीं करता। कच्चा भक्त कठिनाई में पड़ते ही भगवान की निंदा करने लगता है कि 'मैंने पचीस लाख जप किया, प्रतिदिन भागवत का पाठ करता रहा; फिर भी ईश्वर प्रसन्न नहीं हुआ; मेरा दुख दूर नहीं किया। वह अंधा है। मेरी प्रार्थना सुनता नहीं है। भगवान भी कैसा है! उस पर मेरा विश्वास नहीं रहा।' सच्चे भक्त को दुख तथा कष्ट में भी सुख ही मिलता है। अत वह दुख की ही कामना करता है, जिससे एक क्षण भी भगवान का विस्मरण न हो। उसे यह पूर्ण विश्वास होता है कि भगवान जो कुछ करता है, भले के लिए ही करता है। पुरी की एक घटना है। वहां एक आदमी था, जो भगवान हरि का परम भक्त था तथा उनके हाथों में अपने को पूर्णतया सौंप चुका था। वह एक बार सख्त बीमार हो गया।

## सफल लोगों से रखें मित्रता, मुश्किल में देंगे साथ



संकलित
प्रेरणा

आचार्य चाणक्य बहुत बड़े विद्वान थे और वह चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु थे। उन्होंने एक नीति शास्त्र की रचना की थी, जिसे 'चाणक्य नीति' के नाम से जाना जाता है। चाणक्य नीति में जीवन से जुड़े लगभग सभी विषयों का जिक्र है। आज भी ये नीतियां युवाओं को मार्गदर्शित करती हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो चाणक्य नीति जीवन में मंजिल हासिल करने में मदद करती है। इसके अलावा इस नीति शास्त्र में व्यक्ति के गुण और अवगुणों के बारे में भी विस्तार से जिक्र किया गया है। साथ ही जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए, इस बात का भी उल्लेख है। दरअसल, अपने जीवन में हम सभी कई लोगों से मिलते हैं जिनमें से कुछ हमारे करीबी बन जाते हैं लेकिन कौन हमारे करीब है और निस्वार्थ के साथ मित्रता निभाता है इसकी पहचान करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में चाणक्य नीति में रचित बातों का ध्यान रखना आपके लिए लाभकारी हो सकता है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि, हमें जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। चाणक्य नीति के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति लोगों के सामने अपनी बातों को स्पष्टता से रखता है, तो वो कभी किसी को धोखा नहीं दे सकता। ऐसे व्यक्ति को दिल का साफ माना जाता है। इन लोगों से मित्रता करनी चाहिए। ऐसे व्यक्ति पर आंख बंद कर भरोसा किया जा सकता है, जो कभी भी किसी भी तरह का लालच न रखता हो।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सेजबहार की सड़कों पर अंधेरा**

राजधानी से लगे सेजबहार की हाउसिंग बोर्ड कालोनी की सड़कों पर इन दिनों अंधेरा रहता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने से आवारा कुत्ते और किसी अनहोनी को लेकर कालोनीवासी परेशान हैं। कुछ समय से कालोनी में लोगों की आबादी लगातार बढ़ रही है, वहीं हाउसिंग बोर्ड की ओर से मिलने वाली सुविधाओं में कटौती हो रही है। हाउसिंग बोर्ड के अफसर अब कालोनी की समस्या से पल्ला झाड़ रहे हैं। दफ्तर मौल श्री विहार में शिफ्ट हो गया है। ऐसे में आम लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है।

-किशन कुमार

## करंट अफेयर

# 2024 के लिए नए फ्लू टीके लेने से पहले क्या जानना जरूरी

मेलबर्न। इन्फ्लुएंजा एक सामान्य श्वसन संक्रमण है। हालांकि अधिकांश मामले अपेक्षाकृत हल्के होते हैं, फ्लू छोटे बच्चों और वृद्ध लोगों में अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। कोविड-19 महामारी के पहले वर्षों के दौरान जब सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिबंधों ने लोगों के बीच संपर्क कम कर दिया तो ऑस्ट्रेलिया से इन्फ्लुएंजा लगभग गायब हो गया। 2022 के बाद से, यह फिर एक मौसमी पैटर्न पर लौट आया है, हालांकि फ्लू का मौसम 2020 से पहले की तुलना में कुछ महीने पहले ही शुरू हो गया है और चरम पर है। वर्ष के इस समय फ्लू के मौसम की तीव्रता का अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन कभी-कभी हमें उत्तरी गोलार्ध से संकेत मिल सकते हैं। वहां, सीज़न लगातार तीसरे वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुआ (फरवरी/मार्च के अंत के बजाय जनवरी की शुरुआत में चरम पर), पिछले वर्ष की तुलना में बीमारी से प्रभावित लोगों और इसकी वजह से अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या समान रही। इन्फ्लूएंजा के टीकों की सिफारिश हर साल की जाती है, लेकिन अब विभिन्न प्रकार के टीकों की संख्या बढ़ रही है। इस महीने से उपलब्ध इस वर्ष के टीकों के बारे में जानने योग्य बातें यहां दी गई हैं। अन्य टीकों की तरह, इन्फ्लूएंजा टीके इन्फ्लूएंजा वायरस के एक हानिरहित घटक (एंटीजन के रूप में जाना जाता है) पर प्रतिरक्षा प्रणाली को 'प्रशिक्षित' करके काम करते हैं।



## ऑफ बीट

# मां-पिता का सामान समेटते समय ख्याल कैसे रखें

तो माँ या पिताजी की मृत्यु हो गई है, या वे वृद्ध आश्रम में चले गए हैं, और अब आप पर यह जिम्मेदारी है कि आप उनका घर खाली करें। यह बहुत बड़ा काम है और आप इससे डर रहे हैं। इस काम को करते हुए दुख, हानि, अपराधबोध होना और यहां तक कि यह काम आपको सौंपे जाने पर नाराजगी महसूस होना एकदम सामान्य है। तो आप कार्य निपटाते समय अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रख सकते हैं? अनुसंधान ने साबित किया है कि यह कार्य किस प्रकार तीव्र शारीरिक और भावनात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह उन लोगों के लिए अधिक तीव्र हो सकता है जिनके उस व्यक्ति के साथ तनावपूर्ण - या यहां तक कि दर्दनाक - रिश्ते थे, जिसका घर वे समेट रहे हैं। वस्तुओं को वितरित करने या त्यागने के निर्णय, कुछ परिवारों में, अतीत की दर्दनाक यादें ला सकते हैं या तनावपूर्ण लम्हों को फिर से दोहरा सकते हैं। परिवार के वह सदस्य जो उस व्यक्ति की देखभाल कर रहे थे, उन्हें थकावट, घबराहट, उदासी या अन्याय की भावना महसूस हो सकती है, उन्हें अब अपने प्रियजनों के मामलों को देखना होगा। सामान कैसे संग्रहित करें या छोड़े, अंतिम संस्कार की व्यवस्था कैसे करें, वसीयत निष्पादित करें, वृद्ध देखभाल केन्द्र से निपटें या, कुछ मामलों में, कानूनी विवादों से कैसे निपटें, यह तय करने की व्यावहारिक चुनौतियों से दुख बढ़ सकता है।



## ट्रेंड

### राज्यसभा की अहम भूमिका



राज्यसभा दिवस की शुभकामनाएं। संघीय ढांचे को मजबूत करने, कानून बनाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने और लोगों की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए 1952 में आज ही के दिन उच्च सदन का गठन किया गया था। तब से, राज्यसभा ने देश के परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### चरित्र मूल्यवान निधि



चरित्र जीवन की सबसे मूल्यवान निधि है, जो ज्ञान, तप शील और सद्गुणों से उन्नत होती है। शुभ चिंतन व तदानुकुल आचरण चरित्र को पुष्पित और पल्लवित करते हैं। जीवन की सार्थकता इसी में है कि चरित्र दृष्टांत, गाथा और उदाहरण बन जाए।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### वायनाड मेरा घर



वायनाड मेरा घर है, और वायनाड के लोग मेरा परिवार हैं। उनसे, मैंने पिछले पांच वर्षों में बहुत कुछ सीखा है और भरपूर स्नेह प्राप्त किया है। यह बहुत गर्व और विनम्रता के साथ है कि मैं इस खूबसूरत भूमि से एक बार फिर लोकसभा 2024 के लिए अपना नामांकन दाखिल कर रहा हूं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं



अरविंद केजरीवाल का गिरता स्वास्थ्य चिंता का विषय है। कई सालों से वे सीवियर डायबीटिक हैं। गिरफ्तारी के बाद उनका वज़न 4.5 किलो गिर चुका है, सारा देश उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहा है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आंकड़ों को गलत साबित किया

# नमो एप के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए पीएम मोदी बोले- आप जो जानते हैं, वह बड़े-बड़े विशेषज्ञ भी नहीं जान पाते

लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, आपकी मेहनत से नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। आपका उत्साह देखकर मुझे खुशी होती है। मुझे पूरा विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के सभी भाजपा कार्यकर्ता सभी बूथों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नमो एप के जरिए उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं से पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने देश के राजनीतिक विशेषज्ञों को हमेशा गलत साबित किया है। यहां के भाजपा कार्यकर्ता जो जानते हैं वह बड़े-बड़े विशेषज्ञ भी भांप नहीं पाते हैं। लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, आपकी मेहनत से नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। आपका उत्साह देखकर मुझे खुशी होती है, लेकिन इसे देखकर अन्य दलों के नेताओं के पैर ठंडे पड़ जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है यूपी के सभी भाजपा कार्यकर्ता सभी बूथों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

आप सभी (भाजपा कार्यकर्ता) वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं, तो वह आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं, तो उन्हें लगता है कि ये मोदी बता रहे हैं। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं, तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गारंटी में ताकत है, इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं।

आपका उत्साह देखकर अन्य दलों के पैर ठंडे पड़ रहे

गारंटी में बड़ी ताकत है और आप पर जनता का भरोसा

### जनता खुद आगे बढ़कर चुनाव लड़ रही




**फिर एक बार मोदी सरकार**

पीएम ने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करूंगा की अपने स्वास्थ्य की चिंता जरूर करना। पानी जरूर पीना। जितना अपना स्वास्थ्य संभालेंगे, मेहनत उतना ही सुविधाजनक होगा। आपजहां भी जा रहे होंगे, जनता विकास की बात करती होगी। लोगों में जब सरकार के कामकाज को लेकर विश्वास हो जाता है, तो चुनाव नेता नहीं, जनता खुद आगे बढ़कर लड़ती है। इस बार जनता ने हर जगह यही संदेश दिया है- फिर एक बार मोदी सरकार।

### परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे

उन्होंने कहा कि चाचा-भतीजा परिवार से यूपी का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है। इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। यूपी के लोग किसी स्वार्थ की वजह से नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और हमेशा उस भावना से बंधे रहते हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में आप सभी का प्रयास होना चाहिए कि आपके काम या व्यवहार से किसी को ठेस ना पहुंचे।पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान आप सिर्फ पार्टी का प्रचार ही नहीं करते, बल्कि पार्टी की संस्कृति और संस्कारों को भी लोगों तक ले जाते हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि भाजपा के विचारों के साथ-साथ अपनी विनम्रता से भी वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश करें।

### मायावती ने जारी की बसपा की तीसरी लिस्ट

**लखनऊ।** मायावती ने लोकसभा चुनाव के लिए यूपी के प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 12 प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। मथुरा से टिकट बदल दिया गया है। इससे पहले बसपा 25 प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। इस तरह बसपा यूपी की 80 में से अब तक 36 नामों का ऐलान कर चुकी है। पिछले हफ्ते बसपा ने कुछ घंटे के अंतराल पर यूपी के लिए दो लिस्ट जारी की थी। पहली सूची में 16 लोगों के नाम थे जबकि दूसरी सूची में 9 लोगों के नामों का ऐलान किया गया था। नौ लोगों में 4 एससी, 2 ब्राह्मण और 3 ओबीसी को प्रत्याशी बनाया गया था। बसपा की पहली सूची में 16 नामों का ऐलान किया गया था। इसमें सात मुस्लिम चेहरे थे। दूसरी सूची में कोई मुस्लिम नहीं था। बुधवार को तीसरी सूची में दो मुस्लिम प्रत्याशियों पर दांव लगाया गया है।



कश्मीर में भी टूटा इंडि गठबंधन


### तीनों सीटों पर नेकां उतारेगी प्रत्याशीः महबूबा मुफ्ती

इंडि गठबंधन को एक और झटका लगता दिख रहा है। सीएम ममता बेनर्जी ने अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। अब जम्मू-कश्मीर में भी गठबंधन अंतिम सांसें गिनती दिख रही है।पीडीपी चीफ और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पीडीपी के पास कश्मीर की तीनों लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़े करने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हाल में ऐलान किया था कि वह सभी तीनों सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। मुफ्ती नेकहा, हमारे लिए उम्मीदवार खड़ा करने और चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है।



गृहमंत्री शाह ने मुजफ्फरनगर में विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

### योगी सरकार में पलायन कर रहे गुंडे, इंडि गठबंधन के लोग 12 लाख करोड़ घोटाले के आरोपी



देश भर में लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के चुनावी दौरे जारी हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कहा कि योगी सरकार आई तो पलायन रुका, गुंडे पलायन करने लगे हैं। उन्होंने जनता का संबोधित करते हुए भाजपा के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि जिस भूमि से चौधरी चरण सिंह ने किसानों की आवाज बुलंद की थी उनको नमन। ये चुनाव मोदी जी के तीसरी बार पीएम बनाने का चुनाव है। गुड़ गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाई गई। कांग्रेस के वक्त गन्ने का रेट 210 रुपए प्रति क्विंटल था। आज 340 रुपए प्रति क्विंटल है। शाह ने कहा कि हमारी सरकार में 20 चीनी मिल खुली हैं.।नई ईथेनॉल नीति लाई गई है। ये किसानों के लिए है। कश्मीर हमारा है या नहीं। धारा 370 हटनी चाहिए थे या नहीं। धारा 370 को खत्म कर भारत को जोड़ने का काम किया।

**भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे**

शाह ने कहा कि मैं पश्चिमी यूपी का 2014 में यूपी प्रभारी था। तब पलायन था. 2017 में योगी सरकार आई तो पलायन रुका, गुंडे पलायन करने लगे हैं। शाह ने कहा कि यह गठबंधन जो हुआ है। 12 लाख करोड़ घोटाले के आरोपी हैं। मोदी की उस दिन की रैली भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के लिए संदेश है। जिन्होंने भ्रष्टाचार किया उन्हें जेल में डालना चाहिए। पीएम मोदी का मकसद किसानों को मजबूत करना है। शाह ने जनता से संजीव बालयान को जिताने की अपील की।

### वृद्ध, निःशक्त एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और निःशक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। छत्तीसगढ़ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने मंगलवार की देर शाम को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका पूर्णतः पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।




#### व्हील चेयर की उपलब्धता होगी

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क होनी चाहिए। मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए।

कांग्रेस को अलविदा कहेंगे निरुपम

### आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में करेंगे बड़ा ऐलान

लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में शीट शेयरिंग को लेकर महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों में घमासान मचा हुआ है। राज्य में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। पहले मिलिंद देवड़ा ने पार्टी छोड़ी और फिर अशोक च्वहाण और फिर कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल की बहू भाजपामें शामिल हो गए और अब मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम भी पार्टी छोड़ने की तैयारी में हैं। निरुपम कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मुंबई उत्तर पश्चिम सीट पर चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन शिवसेना यूबीटी ने यहां से अमोल कीर्तिकर को अपना उम्मीदवार बना दिया जिससे निरुपम भड़क गए। निरूपम गुरुवार को बड़ा ऐलान करेंगे।



### चाचा-भतीजा की फाइट खत्म! चिराग के लिए अब वोट मांगेंगे पारस

**पटना।** बिहार में हाई प्रोफाइल चाचा-भतीजे का झगड़ा खत्म हो गया। माना जा रहा है कि पशुपति पारस की भाजपा से डील हो गई। अब हाजीपुर में चिराग के लिए पारस वोट मांगेंगे। इससे पहले पशुपति पारस हाजीपुर से ताल ठोकने की बात करते थे। अब बिहार एनडीए को सभी 40 सीटें जीतने के लिए पसीना बहाने की बात करने लगे। बिहार एनडीए में सीट बंटवारे के दौरान पारस के हाथ एक भी सीट नहीं आई थी, जिससे नाराज होकर उन्होंने मोदी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बुरा-भला कहा था। मगर, अब ऑल इज वेल की बात करने लगे।

**बिहार की सियासत**



#### चिराग के लिए प्रचार करेंगे पारस

पशुपति पारस के सुर बदल गए हैं। पीएम मोदी की प्रशंसा करने के साथ ही अपने सबसे बड़े राजनीतिक दुश्मन चिराग पासवान को समर्थन देने को तैयार हो गए। पशुपति कुमार पारस ने मीडिया से कहा कि हमारी पार्टी का फैसला है 40 की 40 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए एनडीए के समर्थन में तन मन धन से काम करेगी। चुनाव में जहां जरूरत होगी, वहां जाऊंगा।

## खबर संक्षेप

### सांसद पाठक को जान से मारने की धमकी मिली

**कन्नौज।** अखिलेश यादव की राजनीति का गढ़ समझे जाने वाले कन्नौज में खुले मंच से धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। सपा मुखिया लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कन्नौज में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। सपा नेता ने मंच से ही भाजपा सांसद सुब्रत पाठक को धमकी दी। नेता ने कहा कि मां की कसम खाता हूं कि तेरे टुकड़े न किए तो मेरा नाम मनोज दीक्षित नहीं। केस दर्ज कर लिया गया है।



### सहकारिता विभाग का संयुक्त रजिस्ट्रार अरेस्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने भ्रष्टाचार के आरोप में सहकारिता विभाग के संयुक्त रजिस्ट्रार नरेश कुमार गोयल को पंचकूला से गिरफ्तार किया है। सहकारिता विभाग के उजागर हुए करोड़ों के घोटाले में आरोपी की संलिप्तता के चलते एसीबी की टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। बताया जा रहा है कि मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।



### सुशील मोदी को कैंसर पीएम को बता दिया

**पटना।** बिहार में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी इस बार लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए कुछ नहीं कर पाएंगे, इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर दी है। सुशील ने एक्स पर लिखा है कि पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लोगों को बताने का समय आ गया है। पीएम को सब कुछ बता दिया है। पार्टी का सदैव आभार।



### सीएम के पक्ष में अभिषेक मनु सिंघवी ने दी दलीलें

दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़ा **मनी लॉन्ड्रिंग मामला**

# आपने केजरीवाल को सीधा आरोपी बना दिया, कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

### दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता की अध्यक्षता वाली बेंच ने की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को सुनवाई के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच कर रही है। ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने अभियान के वेंडर्स को दिए गए सभी बड़े भुगतान कैश में किए थे। इसकी जानकारी पासबुक में भी नहीं है। ईडी ने कहा कि हमारे पास वॉट्सएप चैट और हवाला ऑपरेटरों के बयान हैं।



#### केजरीवाल के वकील की दलीलें

केजरीवाल के अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि जांच एजेंसी के पास उनके मुवक्किल के खिलाफ कोई ठोस सुबूत नहीं। चुनाव से दूर रखने के लिए गिरफ्तारी की गई है। ईडी के सभी समन गैरकानूनी हैं। ईडी ने लिखित में कुछ भी नहीं दिया। पहला वोट पड़ने से पहले ही उनकी पार्टी को कई हिस्सों में तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अपमानित करना और बेइज्जती करना ही एकमात्र उद्देश्य है। गिरफ्तारी का असली उद्देश्य मुझे अक्षम करना है। ईडी के रिमांड आवेदन में कहा गया है कि वह पूरी साजिश में मुख्यमंत्री की भूमिका का पता लगाना चाहती है। ये गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता है।

#### ईडी की ओर से एएसजी राजू ने दी चुनौती

एएसजी एसवी राजू ईडी की ओर से दलीलें पेश किया। राजू ने केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई के भी पेश होने पर आपत्ति जताई।राजू ने कहा दो वकील बहस नहीं कर सकते। कोई भी आम आदमी एक से अधिक वकील का हकदार नहीं है। आप अमीर हो सकते हैं। आपके पास दो वकील नहीं हो सकते।

#### केजरीवाल का आईफोन अनलॉक नहीं हुआ

ईडी केजरीवाल का फोन नहीं खोल पा रही हैं। उन्होंने फोन का पासवर्ड नहीं दिए, ऐसे में जांच में परेशानी हो रही है। ईडी ने फोन में मौजूद डेटा को एक्सेस करने के लिए मोबाइल कंपनी ऐपल से संपर्क किया और उनसे मदद मांगी थी। कैलिफोर्निया की टेक कंपनी ने केजरीवाल का फोन अनलॉक करने में ईडी की मदद करने से इनकार कर दिया है।

छग हाई कोर्ट की अहम टिप्पणी

#### जजों को कोसना कुछ लोगों की आदत बन गई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने नेटिजन्स द्वारा जजों और वकीलों पर की जा रही अपमानजनक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हाई कोर्ट ने कहा कि जजों को कोसना कुछ लोगों की आदत बन गई है। कोर्ट ने हाल ही में मामलों की लाइव-स्ट्रीमिंग के माध्यम से कोर्ट की कार्यवाही तक सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं। जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की खंडपीठ ने कहा कि ऐसा मालूम होता है कि जजों को कोसना कुछ लोगों का पसंदीदा आदत बन गई है।



**मंत्री सिंह ने की बिजली क्षमता की समीक्षा**

### बिजली की मांग को पूरा करने जरूरी कदम उठाएं

**नई दिल्ली।** गर्मी के मौसम के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभागने उत्तर-पश्चिम, पूर्वोत्तर, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ अलग-अलग इलाकों को छोड़कर, देश भर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक होने का अनुमान लगाया है। बिजली की मांग भी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक होगी। सरकार बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने इसे सुनिश्चित करने के लिए शून्य लोड शेडिंग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।



#### सभी स्टेकहोल्डर अग्रिम योजना तैयार करेंः मंत्रालय

विद्युत मंत्रालय ने बताया कि इस बात पर बल दिया गया कि सभी स्टेकहोल्डरों द्वारा पर्याप्त अग्रिम योजना बनाई जानी चाहिए, ताकि ऐसी स्थिति को रोका जा सके जिसमें एक राज्य के पास अधिशेष बिजली हो जबकि दूसरे राज्य को बिजली की कमी का सामना करना पड़े। सिंह ने बार-बार तापीय क्षमता की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आंशिक कटौती का सामना करने वाले सभी ताप विद्युत संयंत्रों की बिजली क्षमता की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान यह बताया गया कि आंशिक कटौती के तहत क्षमता की मात्रा में कमी आई है और उन्हें और कम करने के लिए उपाय सुझाए गए हैं।

49 सांसद 2 अप्रैल को रिटायर्ड

### धनखड़ ने 12 सदस्यों को पद गोपनीयता की दिलाई शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में राज्यसभा के 12 निर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। डॉ. एल मुरुगन, धर्मशीला गुप्ता, मनोज कुमार झा, संजय यादव, गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, सुभाष चंदर, हर्ष महाजन, जीसी चन्द्रशेखर, अशोक सिंह, चंद्रकांत हंडोरे, मेधा विश्राम कुलकर्णी और साधना सिंह शामिल हैं।शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नरायण सिंह और महासचिव पीसी मोदी भी उपस्थित थे। 54 सांसदों का कार्यकाल इस वर्ष अप्रैल में खत्म हो रहा है। इनमें से 49 सांसद 2 अप्रैल को ही सदन से रिटायर हुए थे। मनमोहन सिंह सहित 5 सांसदों का कार्यकाल 3 अप्रैल समाप्त हुआ। 54 सांसदों में 9 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। सिंह 1991 में सबसे पहली बार असम से राज्यसभा पहुंचे थे। सिंह की जगह अब कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा पहुंचेंगी।



महाकुंभ 2025 को यादगार बनाने प्रदेश सरकार ने कमर कसी

### हो रहा रेनोवेशन, रोपवे और डिजिटल कुंभ म्यूजियम भी बन रहा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले वर्ष महाकुंभ 2025 लगने जा रहा है। इसे यादगार बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने कमर कस ली है।

संगम स्थल के साथ-साथ आसपास कई प्रमुख कार्यों का विकास पर्यटकों के लिए महाकुंभ को खास बना देगा। हनुमान मंदिर स्थली का व्यापक पैमाने पर रेनोवेशन किया जा रहा है, जबकि रोपवे परियोजना की भी जल्द शुरुआत होने जा रही है।साथ ही डिजिटल कुंभ म्यूजियम का भी निर्माण कार्य प्रस्तावित है। सरकार की ओर से इन सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

#### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगी सरकार करा रही कई कार्य

**जल्द शुरू होगा हनुमान मंदिर स्थल का कार्य**



शीर्ष समिति की बैठक में हनुमान मंदिर स्थली के निर्माण कार्य की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसकी कार्य की कार्यदायी संस्था प्रयागराज विकास प्राधिकरण है। कार्य की कुल लागत 45.71 करोड़ प्रस्तावित है। सेना द्वारा कार्य स्थल की वर्किंग परमिशन भी प्रदान की जा चुकी है और भूमि हस्तांतरित किए जाने के लिए एमओयू हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण होगी। पीडीए द्वारा कार्य अप्रैल में प्रारंभ किया जाएगा और नवम्बर में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

**श्रद्धालुओं की पहुंच और आसान होगी**

संगम तक श्रद्धालुओं की पहुंच को और आसान बनाने के लिए रोपवे का भी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। संगम के पास बांध पर शंकर विमान मंडपम से लेकर अरैल के त्रिवेणी पुष्प तक 1281.5 मीटर लंबे और 62 मीटर ऊंचे रोपवे प्रोजेक्ट को दिसंबर तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। सीवरेज, यूटिलिटी शिफ्टिंग, ट्री फेलिंग का कार्य प्रगति पर है।

#### पौराणिक कथाओं की बनाई जाएगी गैलरी

अरैल मार्ग पर 40 हजार स्क्वायर मीटर के प्रस्तावित क्षेत्रफल में बनाए जा रहे डिजिटल कुंभ म्यूजियम पर भी कार्य शुरू हो गया है। वर्तमान में डिजिटल कुंभ म्यूजियम के लिए ईओआई को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा आमंत्रित किया गया है, जिसमें 2 बिडर ने योजना प्रस्तुत की है। डिजिटल कुंभ म्यूजियम में वीआर के माध्यम से अखाड़ों, समुद्र मंथन से संबंधित गैलरी का विकास, त्रिवेणी संगम गैलरी के साथ ही कुंभ के इतिहास और अध्यात्म को दर्शाती गैलरी का निर्माण किया जाएगा। पौराणिक गाथाओं से जुड़ी गैलरी, कुंभ मेला गैलरी का ऐतिहासिक विकास, मेला गैलरी, हरिद्वार-नासिक-उज्जैन कुंभ मेला गैलरी, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व गैलरी, 21वीं सदी में कुंभ मेला आदि का भी विकास किया जाएगा।

# ईवी सेगमेंट में दबदबा बनाने की तैयारी में मारुति, 3 इलेक्ट्रिक कार करेगी लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते कुछ सालों से भारतीय ग्राहकों के बीच इलेक्ट्रिक कारों (ईवी) की डिमांड में लगातार तेजी देखी जा रही है। इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में टाटा टियागो, टाटा पंच और टाटा नेक्सन जैसी इलेक्ट्रिक कारें सबसे ज्यादा पॉपुलर है।

■ भारत में कुल इलेक्ट्रिक कार में 75 फीसदी से अधिक टाटा की हिस्सेदारी

बता दें कि इस सेगमेंट में टाटा मोटर्स का पूरी तरह से दबदबा है। भारत में बिकने वाली कुल इलेक्ट्रिक कार में 75 प्रतिशत से अधिक टाटा की है। अब इस सेगमेंट में मारुति सुजुकी भी एंट्री करने जा रही है। बता दें कि कंपनी साल 2025 की शुरुआत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार मारुति सुजुकी ईवीएक्स लांच करेगी। आने वाले सालों में मारुति की 3 अपकमिंग इलेक्ट्रिक कार लाने वाली है।

## कंपनी 2025 की शुरुआत में पहली ईवी कार ईवीएक्स करेगी लांच

### मारुति सुजुकी ईवीएक्स

मारुति सुजुकी साल 2025 की शुरुआत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार लांच करने जा रही है। कंपनी की पहली इलेक्ट्रिक कार मारुति सुजुकी ईवीएक्स होगी। अपकमिंग मारुति सुजुकी ईवीएक्स की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 15 लाख रुपए के आसपास हो सकती है। कार का मुकाबला मार्केट में हुंडई क्रेटा ईवी और टाटा कर्व ईवी से होगा। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मारुति की अपकमिंग कार सिंगल चार्ज पर 550 किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज ऑफर कर सकती है।




### मारुति सुजुकी ईडब्ल्यूएक्स ईवी

साल 2023 के अंत में जापान मोबिलिटी शो में मारुति सुजुकी ईडब्ल्यूएक्स कॉन्सेप्ट मॉडल को ग्लोबली शोकेस किया गया था। अपकमिंग कार की एक्स-शोरूम कीमत 10 लाख रुपए के आसपास हो सकती है। अपकमिंग इलेक्ट्रिक कार का मुकाबला मार्केट एमजी कॉमेट और टाटा टियागो ईवी से होना है।

### मारुति सुजुकी वाईएमसी एमपीवी

मारुति सुजुकी बड़ी फैमिली के लिए साल 2026 तक एक नई इलेक्ट्रिक एमपीवी लांच करने की तैयारी कर रही है। अपकमिंग एमपीवी ईवीएक्स प्लेटफार्म पर बेस्ड होगी। मारुति की अपकमिंग इलेक्ट्रिक एमपीवी में 60 केडब्ल्यूएच का बैट्री पैक दिया रहेगा जो सिंगल चार्ज पर 550 किलोमीटर की रेंज ऑफर कर सकती है। अपकमिंग कार 7-सीटर कंफीग्रेशन में आएगी।

## खबर संक्षेप

### नाल्को ने रिकॉर्ड कास्ट मेटल किया उत्पादन




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नाल्को ने वित्त वर्ष 2023-24 में 'कास्ट मेटल' का रिकॉर्ड 4,63,428 मीट्रिक टन उत्पादन किया। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में धातु की अब तक की सर्वाधिक 4,70,108 मीट्रिक टन बिक्री भी दर्ज की। 2023-24 में बॉक्साइट का उत्खनन 7,600,230 मीट्रिक टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।

### जेनसोल इंजीनियरिंग के राजस्व में बढ़ोतरी

GENSOL
GENSOL ENGINEERING LIMITED

**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व सालाना आधार पर 141 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 960 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष में राजस्व 398 करोड़ रुपये रहा था। जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में परिचालन आय अभी तक की सर्वाधिक 960 करोड़ रुपये रही।

### एचसीएल टेक बेचेगी ब्रिटिश अनुषंगी में पूरी हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।** एचसीएल टेक्नोलॉजीज की पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी एचसीएल इन्वेस्टमेंट्स यूके ने अमेरिकी कंपनी स्टेट स्ट्रीट इंटरनेशनल के साथ संयुक्त उद्यम में अपनी समूची 49 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए समझौता किया है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को इसकी सूचना दी।

## एमपीसी रेपो दर के संबंध में निर्णय करेगी

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, शुक्रवार को आएगा ब्याज दर पर फैसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। तीन दिन तक चलने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की एमपीसी रेपो दर के संबंध में निर्णय करेगी।*

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी के फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। ऐसी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखेगा और मुद्रास्फीति नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगा।

### नए वर्ष में एमपीसी की छह बैठकें होगी

आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंताएं कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही ध्यान रहने की उम्मीद है। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। एक अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में एमपीसी की कुल छह बैठकें आयोजित होंगी।


### रेपो दर 6.5 फीसदी पर बरकरार

आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की थी और तब से यह लगातार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। पिछली छह द्विमासिक नीतियों में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया।

### खुदरा मुद्रास्फीति चार फीसदी पर बनी हुई

गवर्नर दास की अध्यक्षता वाली समिति में शशांक भिड़े, आशिमा गोयल, जयंत आर वर्मा, राजीव रंजन और माइकल देबब्रत पात्रा भी शामिल हैं। सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे।

- आरबीआई गवर्नर दास की अध्यक्षता में होगी बैठक
- उम्मीद है कि एक बार फिर रेपो दर यथावत रहेगी
- आरबीआई मुद्रास्फीति नियंत्रण पर ध्यान रखेगा




### मौद्रिक नीति में उदार रुख जारी रहेगा

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि मौद्रिक नीति में उदार रुख को वापस लेना जारी रह सकता है। इसमें चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जाकर पहली दर में कटौती की संभावना जताई गई है।

### केंद्रीय बैंक देखो व इंतजार करने की स्थिति में

फरवरी के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति दर 5.1 प्रतिशत थी। विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी बैठक में अमेरिका और ब्रिटेन जैसी कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों के रुख पर तवज्जो दी जा सकती है। ये केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती को लेकर फिलहाल 'देखो और इंतजार करने' की स्थिति में हैं।

### मजबूत आर्थिक वृद्धि से रेपो दर रहेगी यथावत

आरबीआई से उम्मीदों पर हाउसिंग डॉट कॉम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी ध्रुव अग्रवाल ने कहा कि मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच केंद्रीय बैंक इस नीतिगत समीक्षा में रेपो दर पर यथास्थिति बनाए रख सकता है।

### जीडीपी की वृद्धि दर हुई संशोधित

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर क्रमश: 8.2 और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी।

### जापान ने नकारात्मक ब्याज दरें खत्म की

स्विट्जरलैंड ब्याज दरों में कटौती करने वाली पहली बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था जापान ने नकारात्मक ब्याज दरों का सिलसिला हाल ही में खत्म कर दिया है।

## दुनियाभर में चल रही छंटनी पर इन सेक्टर्स में सेफ हैं नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर में नौकरियों में छंटनी का दौर जारी है। ग्लोबल आर्थिक सुस्ती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के चलते सबसे बुरी मार टेक कंपनियों के कर्मचारियों पर पड़ी है। साल 2023 के अंत से शुरू हुआ छंटनी का सिलसिला अभी तक जारी है। इसके अलावा नई नौकरियां भी मार्केट से गायब हैं। यह सिलसिला फिलहाल बंद होता नहीं दिखाई दे रहा है। हालांकि, ऐसे माहौल में भी कुछ ऐसे सेक्टर हैं, जिन पर आर्थिक सुस्ती का कोई असर होता नहीं दिखाई दे रहा और छंटनी जैसा शब्द वहां सुनाई भी नहीं पड़ रहा। हालांकि, साल 2024 में सोशल सर्विस, हेल्थकेयर, रिटेल, फूड, होटल और रियल एस्टेट जैसे सेक्टर्स में छंटनी जैसे शब्द सुनाई भी नहीं दे रहे।

## सोना 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह दूसरा मौका है जब इस सप्ताह सोने के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 79,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## खादिम ने टॉलीवुड स्टार्स अबीर चटर्जी और ईशा साहा को बंगाल मार्केट का ब्रांड एंबेसडर बनाया



**कोलकाता।** फुटवियर उद्योग में एक अग्रणी नाम, खादिम, गर्व से ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्रसिद्ध टॉलीवुड सितारों, अबीर चटर्जी और ईशा साहा के साथ अपने रणनीतिक सहयोग की घोषणा किया है। यह साझेदारी खादिम के लिए एक रोमांचक अध्याय है क्योंकि यह पश्चिम बंगाल और अन्य बंगाली प्रमुख बाजारों में अपने विविध उपभोक्ता आधार के साथ अपने संबंध को मजबूत करती है। अबीर चटर्जी और ईशा साहा, दोनों टॉलीवुड उद्योग के प्रतीक हैं, खादिम के मूल्यों का सार - उत्कृष्टता, शैली और सांस्कृतिक प्रासंगिकता का प्रतीक हैं। इस अवसर पर खादिम इंडिया लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक रितिक रॉय बर्मन ने कहा, 'हम अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में खादिम परिवार में अबीर चटर्जी और ईशा साहा का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। उनकी प्रतिभा, करिश्मा और व्यापक अपील खादिम के मूल्यों और दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। साथ में, हमारा लक्ष्य ब्रांड जीवनचक्र में नए और अभिनव तरीकों से अपने ग्राहकों को प्रेरित करना और उनसे जुड़ना है। हमारे पिछले प्रयासों में, हमने कई चीजें करने की कोशिश की लेकिन हम हमेशा 'बंगालियों' को गुरुत्वाकर्षण का केंद्र बनाए रखा। अपने विचार व्यक्त करते हुए अबीर चटर्जी ने कहा, 'खादिम के साथ उनके ब्रांड के चेहरे के रूप में साझेदारी करके मुझे खुशी हो रही है। खादिम हमेशा हमारे दिलों के बहुत करीब रहा है।

## एअर इंडिया ने 'फ्लाइंग रिटर्न्स' कार्यक्रम बदला

**मुंबई।** निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने सरल संरचना के साथ अपने 'फ्लाइंग रिटर्न्स' कार्यक्रम को नया रूप दिया है जो उसके ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ प्रदान करता है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, एक दशक से भी अधिक समय में 'फ्लाइंग रिटर्न्स' (लॉयल्टी) कार्यक्रम में पहली बार बदलाव किया गया। मौजूदा सदस्यों की संख्या का खुलासा किए बिना बयान में कहा गया कार्यक्रम के सदस्य अब बुधवार से शुरू होने वाली नई संरचना के आधार पर लाभ उठा सकेंगे और अंक एकत्र कर सकेंगे। बयान के अनुसार, संशोधित कार्यक्रम में अब किसी ग्राहक द्वारा अर्जित अंकों की कोई समय सीमा नहीं होगी।

**रिकॉर्ड 1.85 लाख से अधिक कंपनियां बीते वर्ष गठित:** नई दिल्ली। देश में बीते वित्त वर्ष में 1.85 लाख से अधिक कंपनियों का गठन हुआ। किसी एक वित्त वर्ष में गठित होने वाली कंपनियों की यह संख्या सर्वाधिक है। कुल 1,85,314 कंपनियां और 58,990 सीमित दायित्व भागीदारी वाली कंपनियां 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में गठित हुई।

## भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 में 7.5 % की दर से बढ़ेगी



**वाशिंगटन।** विश्व बैंक ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उसने अपने पहले अनुमान को 1.2 प्रतिशत संशोधित किया है। विश्व बैंक ने दक्षिण एशिया वृद्धि संबंधी मंगलवार को जारी अद्यतन जानकारी में कहा कि कुल मिलाकर 2024 में दक्षिण एशिया में वृद्धि दर 6.0 प्रतिशत मजबूत होने की उम्मीद है। यह मुख्य तौर पर भारत में मजबूत वृद्धि और पाकिस्तान तथा श्रीलंका के काफी हद तक पटरी पर लौटने से संभव होगा। रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया के अगले दो वर्षों तक दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र बने रहने की उम्मीद है। 2025 में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष मार्टिन रैज़र ने कहा, दक्षिण एशिया की वृद्धि संभावनाएं अल्पावधि में उज्ज्वल बनी हुई हैं, लेकिन नाजुक राजकोषीय स्थिति और बढ़ते जलवायु झटके चिंता का विषय हैं।रोजगार वृद्धि को मजबूत बनाने वाली नीतियां अपनाने की जरूरत है। दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री फ्रांज़िस्का ओहनसोरगे ने कहा, ' दक्षिण एशिया अभी अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ उठाने में विफल हो रहा है। वह मौका गंवा रहा है।



मधु आरोड़ा ने दूर संचार विभाग भारत सरकार में टैक्नोलॉजी डिजीटल कम्युनिकेशन कमीशन में सदस्य के तौर पर पद ग्रहण किया। वह आईटीएस 1986 बैच की टॉपर रही हैं। इससे पहले वह कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुकी हैं।

### एमो इलेक्ट्रिक बाइक्स ने 'मैदान' के रिलीज़ का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध एमो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशन्स प्रदाता ने आगामी फिल्म 'मैदान' को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रिक बाइक की अपनी नई रेंज लॉन्च करने के लिए प्रशंसित बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन के साथ साझेदारी की है। सहयोग के तहत, अजय देवगन एमो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशन की जॉन्टी - आई प्रो इलेक्ट्रिक बाइक का प्रचार करेंगे जो 10 अप्रैल को फिल्म 'मैदान' की नाटकीय रिलीज के साथ लॉन्च होगी। 1950-60 के दशक की बहुप्रतीक्षित खेल ड्रामा में देवगन महान भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभा रहे हैं। जॉन्टी आई-प्रो, एमो की जॉन्टी-क्लास इलेक्ट्रिक बाइक की श्रृंखला का सबसे नया सदस्य है। जॉन्टी आई-प्रो ब्रांड की अगली पीढ़ी का इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है। अजय देवगन की खेल-थीम वाली फिल्म मैदान के सहयोग से एमो और उनके कर्मचारी दोनों खुश हैं। यह एक रोमांचक समय है, और एमो का भविष्य बहुत आशाजनक लगता है।इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए 'एमो मोबिलिटी सॉल्यूशन्स के सीईओ सुशांत कुमार ने कहा, 'हम मैदान और हमारी नई जॉन्टी आई-प्रो ई-बाइक की रिलीज के लिए अजय देवगन के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the Share Certificate(s) Nos. 220 and 221 for One Thousand Equity Shares (Five Hundred each) bearing Distinctive Nos. 588201 to 588700 and 588701 to 589200 in Chemcaps Limited having its Registered Office at 203 Elite House, 36 Community Centre, Kailash Colony Extension, New Delhi 110048 standing in the name(s) of Mr. Ravish Khanna and Mrs. Ritu Khanna, have been lost and that an application for the issue of duplicate(s) in lieu thereof has been made to the Company, to whom objections, if any, should be made within 15 days from the date of this publication. The public are cautioned against dealing in any way with these shares

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO99EPC-D-99/PD &C DATED 27.12.2023 | शुद्धिपत्र सं. 4/बोलियां ऑनलाइन जमा करवाने की तिथि में विस्तार 22.04.2024 तक 17:00 बजे तक और 02.04.2024. | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26075/I/88/7 दि. 03.04.24

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5471



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 5470 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल - 5482

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5481 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

**बाउंड्री मीटर**

408 चौके

270 छक्के

## खबर संक्षेप



### शीर्ष जेसिका पेगुला की संघर्षपूर्ण जीत

**चार्ल्सटन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हमवतन अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा को 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला ने मैच में सात ऐस लगाए थे और 15 में से केवल 4 ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाने के बावजूद जीत हासिल की। अनिसिमोवा ने 8 में से 4 ब्रेक प्वाइंट को भुनाया। तीसरी वरीयता प्राप्त मारिया सकारी भी बुल्गारिया की विक्टोरिया टोमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गईं, जबकि पोलैंड की मैग्डा लिनेट ने दूसरे दौर के मैच में बुल्गारिया की दयाना यास्त्रेम्स्का को 0-6, 6-4, 6-3 से हराया।

### चोटिल शिवम मावी आईपीएल से बाहर



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी पसली की चोट से उबरने में नाकाम रहे और इस कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में नहीं खेल पाएंगे। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच पिछले साल अगस्त में खेला था। वह उत्तर प्रदेश की तरफ से घरेलू सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के सत्र से पहले लगाए गए अभ्यास शिविर में शामिल हुए थे। मावी पिछले साल अगस्त में चोटिल हो गए थे। लखनऊ की फ्रेंचाइजी ने कहा, 'यह प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज नीलामी के बाद हमसे जुड़ गया था और हमारे सत्र पूर्व लगाए गए शिविर का हिस्सा था। वह इस सत्र के लिए हमारी टीम का अहम हिस्सा था, इसलिए हम और शिवम दोनों निराश हैं कि उनका सत्र इतनी जल्दी खत्म हो गया।'

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में



**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर की खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी।

# मयंक की गति और सटीक गेंदबाजी से काफी प्रभावित हैं रबाडा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मयंक यादव की तेज गति और सटीक गेंदबाजी से बेहद प्रभावित दक्षिण अफ्रीका और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा इस तेज गेंदबाजी सनसनी को टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में 'संभावित चयन' के रूप में देखते हैं।

दिल्ली का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हर मैच में गति के नए कीर्तिमान बना रहा है और मंगलवार की रात उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपने पहले सत्र में लगातार दूसरी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता जिससे लखनऊ सुपर जाइंट्स को शानदार जीत मिली। रबादा की टीम पंजाब किंग्स को पिछले हफ्ते मयंक की शॉर्ट-पिच गेंदों की बौछार का सामना करना पड़ा था जब पदार्पण करने वाले इस खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए थे। खेल के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से रबादा की सटीक गेंदबाजी पर बात की।

### मंयक के पास जो है उसे आप खरीद नहीं सकते

रबादा ने कहा, 'उसके पास कुछ ऐसा है जिसे आप खरीद नहीं सकते और वह है उसकी गति। वह इसका फायदा उठा रहा है और काफी अच्छी तरह ऐसा कर रहा है।' उन्होंने कहा, वह जिस लेंथ से गेंदबाजी करता है, उसकी योजना स्पष्ट है और अब बल्लेबाजों को इसका पता चल जाएगा कि वह क्या कर सकता है।



### गति और बेहतर नियंत्रण

रबाडा ने कहा, 'उसके पास गति और नियंत्रण है और वह अपनी भूमिका को समझता है। इसलिए जब आपके पास स्पष्टता है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह इस तरह का प्रदर्शन कर रहा है।'

### प्रदर्शन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

मयंक ने आईपीएल में केवल दो मैच खेले हैं लेकिन अमेरिका और कैरेबिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में उनके संभावित चयन को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है और रबादा को भी लगता है कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### पंजाब किंग्स के प्रति प्रतिबद्ध

आईपीएल 2024 काफी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि यह जून में टी20 विश्व कप से पहले होगा जहां रबादा दक्षिण अफ्रीका को पहला आईसीसी खिताब दिलाने की कोशिश करेंगे। लेकिन इससे पहले वह इस सत्र में पंजाब किंग्स के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

### मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना

रबादा ने कहा, 'मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना है और इस आईपीएल में प्रत्येक मैच के लिए खुद को उपलब्ध रखना है। बाकी कोच और प्रबंधन पर निर्भर है।' रबादा ने कहा, अगर विश्व कप के लिए चुना जाता हूं तो मैं इसमें शामिल होना पसंद करूंगा।

# सुनील की धमाकेदार पारी केकेआर ने दिल्ली को रौंदा

**लगातार तीसरी जीत कैपिटल्स को 106 रन से हराया**

**नारायण-अंगकृष की फिफ्टी, वरुण-वैभव को 3-3 विकेट**

भाषा ▶▶| विशाखापत्तनम

सुनील नारायण की आक्रामक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हराया। नारायण के 39 गेंद में 85 और अंगकृष रघुवंशी के 27 गेंद में 54 रन की मदद से केकेआर ने सात विकेट पर 272 रन बनाये और आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड की बराबरी करने से पांच रन से चूक गई।

- नारायण ने 39 गेंद में 85 और रघुवंशी ने 27 गेंद में 54 रन बनाए
- केकेआर ने 7 विकेट पर 272 रन बनाए

दिल्ली की टीम बल्ले और गेंद दोनों से मैच में कहीं नजर ही नहीं आई। कप्तान ऋषभ पंत ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने भी 54 रन की पारी खेली लेकिन इनके अलावा कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका और पूरी टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर सिमट गई। पंत और स्टब्स ने 93 रन की साझेदारी की लेकिन तब तक बीस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाने थे। केकेआर के लिये वैभव अरोरा ने तीन विकेट लिये जबकि उसके सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने पावरप्ले में ही सफलता दिलाई। दिल्ली की टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिली और विकेट लगातार गिरते रहे। इससे पहले अपना आक्रामक फॉर्म जारी रखते हुए नारायण ने दिल्ली के सभी गेंदबाजों की धुनाई की। उन्होंने 39 गेंद में सात छक्कों और सात चौकों की मदद से 85 रन बनाये। दिल्ली ने उन्हें 53 के स्कोर पर जीवनदान दिया जो महंगा साबित हुआ और नारायण ने टी20 क्रिकेट में अपना सर्वोच्च स्कोर बना डाला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलने के बाद रघुवंशी ने 27 गेंद में 54 रन बनाये। नारायण और रघुवंशी ने 48 गेंद में 104 रन की साझेदारी की।

आंद्रे रसेल ने 19 गेंद में 41 और रिंकू सिंह ने आठ गेंद में 26 रन बनाये। दिल्ली के गेंदबाजों ने टीम के इतिहास में किसी मैच में सबसे ज्यादा रन गंवाये। केकेआर के बल्लेबाजों ने 18 छक्के और 28 चौके जड़े। नारायण ने खलील अहमद को डीप प्वाइंट पर पहला चौका लगाया। उन्होंने ईशांत शर्मा के चौथे ओवर में तीन छक्के और दो चौके समेत 26 रन बंटोरे। दूसरी ओर फिल साल्ट को डेविड वॉर्नर से जीवनदान मिला लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा सके और अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद 18 वर्ष के अंगकृष मैदान पर उतरे और पहली ही गेंद पर चौका लगाया। दूसरी गेंद को भी उन्होंने सीमारेखा पर पहुंचाया। दिल्ली के गेंदबाज इन दोनों बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके। नारायण और अंगकृष लगातार दो ओवरों में आउट हुए लेकिन उसके बाद रसेल ने रनों का प्रवाह जारी रखा।






### कोलकाता नाइट राइडर्स

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का स्टब्स बो नॉर्किया | 18 |
| सुनील नारायण का पंत बो मार्श | 85 |
| अंगकृष रघुवंशी का शर्मा बो नॉर्किया | 54 |
| आंद्रे रसेल बो शर्मा | 41 |
| श्रेयस अय्यर का स्टब्स बो अहमद | 18 |
| रिंकू सिंह का वॉर्नर बो नॉर्किया | 26 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 5 |
| रमनदीप सिंह का साव बो शर्मा | 2 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 22 रन

**कुल योग** : 20 ओवर में सात विकेट पर 272 रन

**विकेट पतन** : 1-60, 2-164 , 3-176 , 4-232 , 5-264, 6-264 , 7-266

**गेंदबाजी** : खलील 4-0, 43-1, ईशांत 3-0, 43-2, नॉर्किया 4-0, 59-3, सलाम 3-0, 47-0, सुमित 2-0, 19- 0, अक्षर 1-0, 18-0, मार्श 3-0, 37-1

### दिल्ली कैपिटल्स

| | |
|---|---|
| डेविड वॉर्नर बो स्टार्क | 18 |
| पृथ्वी साव का वरूण बो अरोरा | 10 |
| मिचेल मार्श का रमनदीप बो स्टार्क | 0 |
| अभिषेक पोरेल का नारायण बो अरोरा | 0 |
| ऋषभ पंत का अय्यर बो वरूण | 55 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का स्टार्क बो वरूण | 54 |
| अक्षर पटेल का पांडे बो वरूण | 0 |
| सुमित कुमार का पांडे बो नारायण | 7 |
| रसिख सलाम का साल्ट बो अरोरा | 1 |
| एनरिच नॉर्किया का अय्यर बो रसेल | 4 |
| ईशांत शर्मा नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 16 रन

**कुल योग** : 17 . 2 ओवर में 166 रन

**विकेट पतन** : 1-21, 2-26, 3-27 , 4-33 , 5-126 , 6-126 , 7-159 , 8-159 9-161

**गेंदबाजी** : स्टार्क 3-0, 25-2, अरोरा 4-0, 27-3, रसेल 1.2-0, 14-1, नारायण 4-0, 29-1, चक्रवर्ती 4-0, 33-3, अय्यर 1-0, 28-0

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने आज गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती





एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

**गेंदबाजों का जवाब नहीं:** पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे।

**बॉडी लाइन गेंदबाजी कर रहे:** मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

**लिविंगस्टोन रहेंगे अनुपलब्ध :** पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को किया क्लीन स्वीप

## दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| चटगांव

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया।

श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। श्रीलंका ने इससे पहले टी20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे श्रृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए।




### सुमित नागल मराकेश ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

**मराकेश (मोरक्को)।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल मराकेश ओपन के पुरूष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज नागल को इटली के लोरेंजो सोनेगो ने 1-6, 6-3, 6-4 से हराया। जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले नागल दूसरे दौर में हार गए थे। उसके बाद उन्होंने चेन्नई ओपन जीता लेकिन वहां खिताब जीतने के बाद से सिर्फ एक बार बेंगलुरू चैलेंजर के सेमीफाइनल तक पहुंच सके। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती की जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के बार्ट स्टीवेंस और यूनान के पेट्रोस सिटसिपास को 6-3, 6-4 से हराया।

### इंग्लिश प्रीमियर लीग




**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के सिटी ग्राउंड में मंगलवार को नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट और फुलहम के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान अपनी टीम के लिए दूसरा गोल करने के बाद नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट क्रिस वुड (बाएं) टीम के साथी मॉर्गन गिब्स-व्हाइट के साथ जश्न मनाते हुए।

**भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान है सिंह**

# हार्दिक ने करियर को दिशा देने का श्रेय जुगराज को दिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह को अगर अपने मामा और भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह से समय पर सलाह नहीं मिलती तो वह 2017 में ही नीदरलैंड चले जाते जब वह राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी।

पंजाब के जालंधर के समीप खुसरोपुर गांव के रहने वाली मिडफील्डर हार्दिक ने कहा कि अगर उनके मामा जुगराज उन्हें एकाग्र रहने के लिए प्रेरित नहीं करते तो वह भारत के लिए खेलने का अपना सपना छोड़ने की कगार पर थे।




### 14 साल की उम्र में हॉकी एकाडमी से जुड़ा

हार्दिक ने विशेष बातचीत में कहा, '14 साल की उम्र में मोहाली हॉकी अकादमी से जुड़ने के बाद मैं सब-जूनियर स्तर से सीनियर स्तर तक अच्छी गति से आगे बढ़ा। लेकिन कुछ वर्षों के बाद, मैंने खुद को ऐसी स्थिति में पाया जहां मैंने आत्मविश्वास खो दिया था क्योंकि राष्ट्रीय शिविर के लिए नजरअंदाज किया जा रहा था।'

### क्लब हॉकी खेलने नीदरलैंड जाने वाला था

हार्दिक ने कहा, 'उस समय, 2017 में, मैंने क्लब हॉकी खेलने के लिए नीदरलैंड में स्थानांतरित होने के बारे में सोचा था। मैंने भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद छोड़ दी थी। अगर जुगराज उस समय मेरा मार्गदर्शन नहीं किया होता तो मैं यहां नहीं होता। जब आप अच्छा कर रहे होते हैं तो आपको अच्छे मार्गदर्शन की जरूरत होती है।'

### खेल में सुधार करने की सलाह दी

हार्दिक ने कहा, 'उन्होंने मुझे देश में हॉकी को और अधिक देखने तथा अपने खेल में सुधार करने की सलाह दी। उस समय मैं 18-19 साल का था इसलिए मैंने सोचा कि स्वयं को कुछ और समय दिया जाए।' उन्होंने कहा, उन्होंने (जुगराज) मुझसे कहा कि उम्र आपके पक्ष में है। आपके पास खेल है, आप भारत में रहकर भी चमक सकते हैं।

# निकहत, मनिका और श्रीशंकर को मिली वित्तीय सहायता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


मुक्केबाज निकहत जरीन, लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और शॉटगन निशानेबाज भवानीश मेंदीरता सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों के विदेश में अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता के आग्रह को खेल मंत्रालय ने बुधवार को यहां बैठक में मंजूरी दी। मुक्केबाज निकहत, प्रीति पवार, प्रवीण हुडा और लवलीना बोर्गोहेन अपने कोच और फिजियो के साथ विशेष अभ्यास शिविर के लिए तुर्की की यात्रा करेंगे।


पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले अभ्यास के लिए रूस जाएंगे।



सभी सहायता मंत्रालय के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत प्रदान की जा रही है। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले शॉटगन निशानेबाज मेंदीरत्ता बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप के लिए निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ अभ्यास के लिए इटली जाएंगे, जबकि एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता श्रीशंकर सुजोउ और दोहा में डायमंड लीग में भाग लेंगे।







## ताइवान में 25 साल बाद 7.5 तीव्रता का आया तेज भूकंप

# थर्राई धरती: कांपने लगीं इमारतें, कई घर हुए धराशाई, 9 की मौत 930 जख्मी, फिलीपींस और जापान में लगे झटके, भारत ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी ▶▶ ताइपे/टोक्यो

ताइवान में बुधवार को 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके जापान और फिलीपींस तक महसूस किए गए। ताइवान के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, 9 लोगों की मौत हुई है। 930 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़े बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

भारत ने ताइवान में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इंडिया ताइपे एसोसिएशन ने इमरजेंसी नंबर और ई-मेल आईडी जारी की है। ताइवान में करीब 5 हजार भारतीय रहते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक भूकंप ईस्ट ताइवान के हुलिएन शहर में आया। इसका केंद्र धरती से 34 किलोमीटर नीचे था। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। कई इमारतें जमींदोज हो गईं, लैंड स्लाइड भी हुई है।

## भूकंपग्रस्त देशों में रह रहे भारतीयों को सरकार ने ई-मेल और नंबर किया जारी

**1** संपर्क: 0905247906 और ad.ita@mea.gov.in

**2** भूकंप का केंद्र धरती से 34 किलोमीटर नीचे था

### 1999 में 7.6 तीव्रता का भूंकप आया था

ताइवानी सेंट्रल वेदर ब्यूरो के मुताबिक, यह ताइवान में 25 साल में आने वाला सबसे तेज तीव्रता वाला भूकंप है। इसके पहले 1999 में 7.6 तीव्रता का भूंकप आया था। तब 2 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। भूकंप के बाद ताइवान, जापान और फिलीपींस ने सुनामी का अलर्ट जारी किया था। जापान के मौसम विभाग ने समुद्र में 3 मीटर यानी करीब 10 फीट तक की लहरें उठने का अनुमान जताया था। जापान और फिलीपींस ने अब सुनामी अलर्ट हटा दिया है। जापान और चीन, ताइवान को मदद देने के लिए तैयार हैं।



### 26 इमारतों को नुकसान पहुंचा

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान राजधानी ताइपे और हुलिएन शहर में हुआ। यहां 26 इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई इमारतों में लोग अब भी फंसे हुए हैं। कई लोग मलबे में भी दबे हैं। इन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रेस्क्यू टीम टूटी हुई इमारतों के मलबे में दबे लोगों को बाहर निकल रही है। साथ ही इमारतों का मलबा हटाया जा रहा है।

### ऐसा तांडव... 120 से ज्यादा लोग फंसे

ताइवान की नेशनल फायर एजेंसी के मुताबिक, भूकंप के बाद 120 लोगों के फंसे होने की खबर मिली। इनमें से 77 लोग टनल में फंसे हैं। जगह-जगह टनल के हिस्से टूटने की वजह से रास्ते बंद हो गए हैं। इन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके अलावा करीब 50 लोग 4 मिनीबस में फंसे हुए हैं। ये बसें यात्रियों को लेकर हुलिएन शहर से तरोको नेशनल पार्क जा रही थी। राजधानी ताइपे में राष्ट्रीय स्मारक और पर्यटक आकर्षण चियांग काई-शेक मेमोरियल हॉल को भी नुकसान पहुंचा है। परिसर में मलबा फैला हुआ है।

### 91 हजार घरों में पसरा अंधेरा

ताइवानी मीडिया के मुताबिक, भूकंप के बाद ताइवान के 91 हजार से ज्यादा घरों में बिजली नहीं है। भूकंप से तारों और पावर प्लांट को नुकसान पहुंचा है। पूर्वी ताइवान के हुलिएन शहर में भूकंप की वजह से इमारत टेढ़ी हो गई। जबकि ताइवान की राजधानी ताइपे में एक घर के अंदर भूकंप से हुई तबाही। ताइपे में भूकंप के झटकों से एक घर टूट गया। इसका मलबा सड़क पर गिर गया।

### फैक्ट्रियों को कराया गया खाली

चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी टीएसएमसी ने कहा कि उसने अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सिंचू और दक्षिणी ताइवान में अपनी कुछ फैक्ट्रियों को खाली कर दिया है, लेकिन सुरक्षा प्रणालियां सामान्य हैं।

### भूकंप से हुआ भू-स्खलन

ताइपे से आए वीडियो में दिख रहा है कि इमारतें हिल रही है। अलमारियों से चीनी गिर रही हैं। ताइवान के पहाड़ी इलाकों नें पोस्ट किए गए वीडियो में दिखता है कि भूकंप के कारण भारी भूस्खलन हुआ है।

### भूकंप के 9 झटके लगे

स्थानीय मीडिया की ओर से जारी किए गए फुटेज में लोगों को आवासीय इमारतों, घरों और स्कूलों से निकालते देखा जा सकता है। टीवीबीएस की खबर में दिखाया गया कि भूकंप के कारण वाहन क्षतिग्रस्त हुए और दुकानों के अंदर का सामान अस्त व्यस्त हो गया। इंटरनेट निगरानी समूह नेटब्लॉक्स के मुताबिक पूरे द्वीप पर बिजली कटौती और इंटरनेट में खराबी की जानकारी मिली है। बुधवार को स्थानीय समय के मुताबिक 7:58 बजे 15.5 किमी की गहराई पर भूकंप आया। 4 या उससे अधिक तीव्रता के कम से कम 9 झटके लगे।

### सुनामी की चेतावनी

भूकंप के बाद 1 फुट ऊंची लहर देखी गई। जापान में भूकंप के कारण सुनामी का अलर्ट जारी किया है। वॉर्निंग के मुताबिक तटीय इलाके ओकिनावा के लोगों को सतर्क रहने को कहा है। 3 मीटर तक की लहरें देखने को मिल सकती है। 26 वर्षों में पहली बार ओकिनावा में चेतावनी दी गई है।

## ड्रोन के जरिए गिराए गए थे नशीले पदार्थ, हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और नकदी

# राजौरी और पुंछ में लश्कर-ए-तैयबा के एक मॉड्यूल का भंडाफोड, 3 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और सीमा पार से ड्रोन के जरिए गिराए गए नशीले पदार्थ, हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी प्राप्त करने और वितरित करने में शामिल सात पहचाने गए सदस्यों में से तीन को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने इस दौरान मॉड्यूल के मास्टरमाइंड पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के मोहम्मद कासिम के लिए 10 लाख रुपए के इनाम वाला एक पोस्टर भी जारी किया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने कहा कि उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं और उनके परिसरों की तलाशी ली गई। पिछले 24 घंटों के दौरान दस स्थानों पर तलाशी ली गई और सात लोगों की पहचान की गई और उनमें से तीन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। डीजीपी ने कहा कि सबूतों के माध्यम से यह साबित हो गया है कि उन्हें पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से गिराए गए हथियारों, गोला-बारूद, आईईडी, नकदी और नशीले पदार्थों की खेप मिली है और उन्हें आगे के लिंकेज में वितरित किया गया है। सीआईडी और पुलिस दोनों ने समन्वय में अच्छा काम किया।

*गिरफ्तार किए गए लोगों में यूएपीए के तहत जेल में बंद कुख्यात ओजीडब्ल्यू तालिब शाह की पत्नी गुलशन नाज, इम्तियाज अहमद (दोनों कोटरंका से) और बुद्धल इलाके का आबिद शाह शामिल हैं*

- 10 लाख रुपए के इनाम वाला एक पोस्टर भी जारी किया
- 7 आरोपियों की पहचान की गई जिसमें से 3 को गिरफ्तार कर लिया है



### फॉरवर्ड लिंकेज भी वितरित किए

डीजीपी ने कहा कि हमारे पास उनके खिलाफ डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक सबूत हैं। वे पाकिस्तान में बैठे मास्टरमाइंड के संपर्क में थे। उन्होंने फॉरवर्ड लिंकेज भी वितरित किए हैं। किसे उन्होंने पैसा वितरित किया, इसकी भी जांच की जा रही है। स्वैन ने कहा कि पैसा लाखों में आया है और कई लोगों को छोटी मात्रा में वितरित किया गया है।

### पाकिस्तान में है मास्टर माइंड

डीजीपी स्वैन ने कहा कि उनका मास्टरमाइंड माहौर (रियासी) का मोहम्मद कासिम उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान है जो वर्तमान में पाकिस्तान में है। वह लश्कर-ए-तैयबा का नेता है। उसे भारत सरकार द्वारा नामित आतंकवादी घोषित किया है। उन्होंने कहा कि कासिम पर दस लाख का इनाम घोषित है। इस संबंध में पोस्टर जारी किया गया है। कासिम हथियार और विस्फोटक सामग्री, नकदी और नशीले पदार्थ भेज रहा है और राजौरी और पुंछ में नेटवर्किंग में शामिल है। डीजीपी ने कहा कि वह युवाओं को लुभाने में शामिल है। युवाओं जाल में न फंसना चाहिए।




## फोर्ब्स की सूची में 200 भारतीयों को मिली जगह, 31 अरबपति बढ़े

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स की भारतीय अरबपतियों की सूची में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी का नाम है, जिनकी कुल संपत्ति 83 अरब डॉलर से बढ़कर 116 अरब डॉलर हो गई, जिससे वह 100 अरब डॉलर क्लब में प्रवेश करने वाले पहले एशियाई बन गए। फोर्ब्स की विश्व के अरबपतियों की 2024 की सूची में इस बार 200 भारतीयों के नाम शामिल हैं।

पिछले साल इसमें 169 भारतीयों का नाम था। इन भारतीयों की कुल संपत्ति 954 अरब डॉलर है, जो पिछले साल के 675 अरब डॉलर से 41 फीसदी अधिक है। फोर्ब्स की भारतीय अरबपतियों की सूची में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी का नाम है, जिनकी कुल संपत्ति 83 अरब डॉलर से बढ़कर 116 अरब डॉलर हो गई, जिससे वह 100 अरब डॉलर क्लब में प्रवेश करने वाले पहले एशियाई बन गए।

## अंबानी की संपत्ति 83 अरब से बढ़कर 116 अरब डॉलर हुई

ये हैं भारत के 10 सबसे अमीर



| मुकेश अंबानी | गौतम अडाणी | शिव नादर | सावित्री जिंदल | दिलीप सांघवी | साइरस पूनावाला | कुशल पाल सिंह | कुमारमंगलम | राधाकिशन दमानी | लक्ष्मी मित्तल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नेट वर्थ 116 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 84 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 36.9 अरब डॉलर | नेट वर्थ 33.5 अरब डॉलर | नेट वर्थ 26.7 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 21.3 अरब डॉलर | नेट वर्थ 20.9 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 19.7 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 17.6 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 16.4 अरब डॉलर |

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109